

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 53 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 02 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## खालिदा जिया की सेहत के बहाने पीएम मोदी ने ढाका की ओर बढ़ाया कूटनीतिक हाथ

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी चीफ बेगम



खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है. ढाका के एवरेकेयर अस्पताल में लगातार चौथे दिन उनकी क्रिटिकल केयर यूनिट में इलाज जारी है. इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक ऐसा ट्वीट किया जिसने बांग्लादेश की राजनीति, क्षेत्रीय कूटनीति और भारत-ढाका संबंधों में नई चर्चा शुरू कर दी. पीएम मोदी ने न सिर्फ खालिदा जिया के स्वास्थ्य पर चिंता जताई बल्कि सार्वजनिक रूप से साफ कहा कि भारत हर संभव मदद देने के लिए तैयार है.

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'बेगम खालिदा जिया के स्वास्थ्य के बारे में जानकर बहुत चिंता हुई, जिन्होंने कई वर्षों तक बांग्लादेश के सार्वजनिक जीवन में योगदान दिया है. हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं. भारत हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है.'

## विराट कोहली के शतक के बाद रोहित शर्मा ने बकी गालियां?

रांची में विराट कोहली के धमाकेदार शतक के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में रोहित शर्मा से ज्यादा खुश कोई नहीं था. साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोहली ने अपने 52वां वनडे शतक पूरा करने के लिए 135 रन की शानदार पारी खेली. उधर मैदान पर कोहली इमोशनल सेलिब्रेशन मना रहे थे तो पवेलियन में मौजूद रोहित शर्मा का रिएक्शन भी देखने लायक था. इस दौरान कैमरा में हिटमैन कुछ कहते हुए भी देखे गए थे.

# सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल-अरेस्ट मामलों में CBI को फ्री-हैंड्स जांच का दिया आदेश

**समाज जागरण**

सुप्रीम कोर्ट ने आज सोमवार को देशभर में डिजिटल-अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामलों की जांच के लिए सीबीआई को स्वतंत्र रूप से कार्रवाई करने का आदेश दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने स्पष्ट किया कि सीबीआई एफआ-ईआर न होने पर भी उन खातों को फ्रीज कर सकती है जिनका इस्तेमाल साइबर अपराधों और फ्रॉड में किया गया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डिजिटल-अरेस्ट स्कैम देश की प्रमुख जांच एजेंसी का तत्काल ध्यान खींचता है, इसलिए सीबीआई को सबसे पहले इन मामलों की जांच करने का निर्देश दिया गया है।

जांच के दौरान बैंकिंग क्षेत्र में शामिल बैंकरों की भूमिका की स्वतंत्र जांच के लिए भी सीबीआई को पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक को मामले में जोड़ा और उनसे यह जानकारी देने के लिए कहा कि कब एआई/एमएल आधारित सिस्टम का उपयोग संदिग्ध खातों की पहचान और अपराध की राशि को तुरंत फ्रीज करने के लिए किया जा सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत काम करने वाले सभी इंटरमीडियरीज को



सीबीआई को पूर्ण सहयोग देने का निर्देश भी दिया गया। अभी तक जिन राज्यों ने सीबीआई को सामान्य सहमति नहीं दी है, उन्हें आईटी एक्ट के तहत जांच के लिए सहमति देने का निर्देश दिया गया ताकि पूरे देश में व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपराधों की व्यापकता और उनके क्रॉस-बॉर्डर स्वरूप को देखते हुए, सीबीआई इंटरपोल से भी सहायता ले सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी नोट किया कि टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं की ओर से सिम कार्ड जारी करने में गंभीर लापरवाही हुई है, जिसमें एक ही नाम पर कई सिम कार्ड भी शामिल हैं। इसलिए दूरसंचार विभाग को उपायों का प्रस्ताव पेश करने का निर्देश दिया गया है ताकि सिम कार्ड के दुरुपयोग को रोका जा सके।

इसके अलावा, सभी राज्यों को निर्देश दिया गया कि वे जल्दी से जल्दी राज्य साइबरक्राइम सेंटर स्थापित करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये आदेश फिलहाल केवल डिजिटल-अरेस्ट स्कैम से संबंधित हैं और अन्य प्रकार के साइबर अपराधों की निगरानी के संबंध में निर्णय बाद में लिया जाएगा। सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया सुनिश्चित करेंगे कि गृह मंत्रालय, दूरसंचार विभाग और वित्त मंत्रालय उचित रूप से प्रतिनिधित्व करें और उनकी राय कोर्ट के सामने रखी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि आईटी नियमों के तहत सभी राज्यों में दर्ज FIR या साइबर अपराध मामलों में शामिल मोबाइल डिवाइस का डेटा सुरक्षित रखा जाए।

# पीएम मोदी ने गीता जयंती की दीं शुभकामनाएं,

## कहा- 'गीता के दिव्य श्लोक निष्काम कर्म के लिए करते रहेंगे प्रेरित'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गीता जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।




### कर्तव्य पालन के अनमोल संदेशों से सुशोभित है यह दिव्य ग्रंथ

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, “देशभर के मेरे परिवा-रजन को श्रीमद्भगवद्गीता के अवतरण से जुड़े पावन दिवस 'गीता जयंती' की ढेर सारी शुभकामनाएं। कर्तव्य पालन के अनमोल संदेशों से सुशोभित यह दिव्य ग्रंथ भारतीय पारिवारिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन में अत्यंत विशिष्ट स्थान रखता है। इसके दिव्य श्लोक हर पीढ़ी को निष्काम कर्म के लिए प्रेरित करते रहेंगे। जय श्रीकृष्ण।”

### गीता मानवता को अनंत काल तक सत्य, करुणा और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर लिखा, “सभी को श्रीमद्भगवद्गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त गीता का ज्ञान योग, कर्म, भक्ति और ध्यान का संतुलन साधते हुए मानव जीवन को सही दिशा देने वाला तथा हर परिस्थिति में सशक्त बनाने वाला पवित्र उपदेश है। यह ग्रंथ मानवता को अनंत काल तक सत्य, करुणा और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करता रहेगा।”

### गीता के अमृत-तत्वों को अपने जीवन, कर्म और आचरण में आत्मसात करें

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने लिखा, “गीताशास्त्रमिदं पुण्यं यः पठेत्प्रयतः पुमान्। विष्णोः पदमवाप्नोति भयशोकादिवर्जितः॥ आप सभी को श्रीमद्भगवद्गीता जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। ईश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने चराचर जगत के कल्याण हेतु भक्ति योग, ज्ञान योग और कर्म योग के अद्वितीय संगम से सम्पन्न श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेश स्वरूप में विश्व को अनंत प्रकाश प्रदान किया। आइए, हम सभी गीता के अमृत-तत्वों को अपने जीवन, कर्म और आचरण में आत्मसात करते हुए समाज, राष्ट्र और संपूर्ण विश्व में शांति व सद्भाव के लिए अग्रसर हों।”

### श्रीमद्भगवद्गीता जीवन का सार, धर्म का आधार और कर्म का मार्गदर्शन है

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, “श्रीमद्भगवद्गीता जीवन का सार, धर्म का आधार और कर्म का मार्गदर्शन है। गीता जयंती के पावन अवसर पर सभी श्रद्धालु जनों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आइए, हम सब मिलकर गीता के संदेश 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' को जीवन में उतारें। जय श्रीकृष्ण।”

भगवान श्रीकृष्ण का यह अमूल्य उपहार संपूर्ण सृष्टि को साहस, विवेक और समत्व का मार्ग प्रदान करता है

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'एक्स' पर लिखा, “'गीता जयंती' की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मानव जीवन को धर्म, कर्तव्य और सत्य के प्रकाश से भर देने वाली श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानव मन को दिशा देने वाला दिव्य उपदेश है। भगवान श्रीकृष्ण का यह अमूल्य उपहार संपूर्ण सृष्टि को साहस, विवेक और समत्व का मार्ग प्रदान करता है- एक ऐसा मार्ग जो हर युग में प्रासंगिक है। यह पावन दिवस हम सभी को कर्तव्यपथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता रहे। जय श्रीकृष्ण।”

# ठंड की पहली जोरदार थपकी,

## 5.7°C पहुंचा दिल्ली का पारा, UP से पंजाब-हरियाणा तक- अगले 7 दिन और भी खतरनाक

**समाज जागरण**

दिल्ली में ठंड ने अचानक करवट लेते हुए तापमान को 5.7°C तक गिरा दिया. सुबह की धुंध, तेज सर्द हवा और जमीन पर जमी ओस ने सीजन की पहली असली ठिठुरन का एहसास करा दिया. IMD ने अगले पांच दिनों तक शीतलहर की चेतावनी जारी की है, जिसमें न्यूनतम तापमान 2-3°C और नीचे जा सकता है. दिन का तापमान भी धीरे-धीरे गिरेगा, जिससे राजधानी में क-ड़ाके की ठंड और बढ़ेगी.

रात भर पारा गिरा और सुबह ने ठंड का ताज पहन लिया, सड़कों ने चुपचाप सर्द हवा का हर थपका सह लिया. दिल्ली में ठंड ने अचानक गियर बदल दिया है. सुबह बर्फीली हवा ने साफ बता दिया कि आने वाले दिनों में राजधानी को असली सर्दियों का एहसास होने वाला है. शुक्रवार को तापमान सीजन के सबसे निचले स्तर यानी 5.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया और मौसम विभाग ने साफ चेतावनी दी कि अगले पांच दिनों में ठंड और तेज होगी, कई इलाकों में शीतलहर भी चलेगी. दिल्ली ही नहीं



पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत के अन्य शहरों में भी यही स्थिति रहने वाली है.

### दिल्ली में कोल्ड वेव के शुरूआती तेवर

शुक्रवार की सुबह दिल्लीवालों के लिए अचानक से एक सिहरन लेकर आई. हवा में नमी, सड़कों पर हल्की धुंध और कोहरे का पहला घना एहसास, यह सब ये जानने के लिए काफी था कि मौसम अब करवट ले चुका है. IMD के अनुसार, राजधानी में आज कोल्ड वेव कंडीशंस दर्ज की गईं और यह सिलसिला अभी रुकने वाला नहीं.

मौसम विभाग का कहना है कि तापमान में उतार-चढ़ाव अभी कुछ दिनों और जारी रहेगा.

- पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान 2°C गिरा.
- अगले 24 घंटों में इसका 1°C बढ़ना संभव है,
- लेकिन उसके बाद अगले तीन दिनों में 2-3°C की और गिरावट सुनिश्चित मानी जा रही है.

यानी दिल्ली में अभी ठिठुरन का असली दौर शुरू ही हुआ है.

अधिकतम तापमान भी धीरे-धीरे लुढ़कने को तैयार

IMD ने बताया कि दिल्ली में फिलहाल दिन का तापमान ज्यादा नहीं गिरेगा लेकिन 48 घंटे बाद स्थिति बदल जाएगी.

- अगले 2 दिन कोई बड़ा बदलाव नहीं,
- उसके बाद 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट.

अगले कुछ दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6°C से 3°C तक कम और कई क्षेत्रों में 3.1°C से 5°C तक नीचे रह सकता है. यह स्पष्ट संकेत है कि राजधानी में कड़ाके की ठंड दस्तक दे रही है.

# एसआईआर में किसके काटे जा रहे नाम? CJI सूर्यकांत के सामने इलेक्शन कमीशन ने खोल दिया कच्चा चिट्ठा

**समाज जागरण**

वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) पर संसद से सड़क तक संग्राम मचा हुआ है. विपक्ष दावा कर रहा कि जानबूझकर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं. कुछ समुदायों को टारगेट किया जा रहा है. मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा तो. सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस पर सुनवाई कर रही है. अब चुनाव आयोग ने उनके सामने कच्चा चिट्ठा खोल दिया है. इलेक्शन कमीशन ने विस्तृत हलफनामा देकर बताया कि एसआईआर में किसके नाम काटे जा रहे हैं? साफ कहा कि जो दावे किए जा रहे हैं, वो न सिर्फ हवा हवाई हैं, बल्कि पूरी तरह राजनीति से प्रेरित हैं. आयोग



ने तथ्यों के साथ ऐसा आईना रखा है, जिससे विपक्ष के दावों की पोल खुल गई है.

चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में उन तमाम दावों की धज्जियां उड़ा दीं, जिनमें कहा गया था कि बंगाल में बड़े पैमाने पर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं. आरोप लग रहा था कि एक विशेष समुदाय, अल्पसंख्यकों, मुसलमानों और मतुआ समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है. इस आयोग ने जवाब दिया कि यह आरोप पूरी तरह निराधार और सबूतों से परे है. हमारे पास ऐसा कोई डेटा नहीं है जो साबित करे कि किसी खास धर्म या जाति के लोगों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है. आयोग ने 'काला चिट्ठा' खोलते हुए साफ कर दिया कि संविधान का अनुच्छेद 325 ढाल बनकर खड़ा है, जो धर्म, जाति या लिंग के आधार पर किसी भी मतदाता को बाहर करने की इजाजत नहीं देता. जांच सबके लिए बराबर है, चाहे वो कोई भी हो.

# 'मुनीर ने करवाया पहलगाम”

**समाज जागरण**

पाकिस्तान ने पूर्व मेजर आदिल राजा ने पाक फौज और आसिम मुनीर के बारे में सनसनीखेज खुलासे किए हैं. उन्होंने कहा, पाकिस्तान के नेशनल इंटरेस्ट में हिंदुस्तान से जंग नहीं है.



पाकिस्तान की आर्थिक हालत ऐसी नहीं है कि वह भारत से सीधा युद्ध मोल ले सके. लेकिन अपनी सत्ता बचाने के लिए, अवाम का ध्यान भटकाने के लिए, जनरल मुनीर प्रॉक्सी वॉर और पहलगाम जैसे आतंकी हमले करवाते रहेंगे.

# सभी नए मोबाइल में अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल होगा संचार साथी ऐप, DoT ने जारी की नई गाइडलाइन

**समाज जागरण**

दूरसंचार विभाग (DoT) ने आज सोमवार को निर्देश जारी किए हैं कि अब भारत में इस्तेमाल होने वाले सभी मोबाइल फोन में संचार साथी मोबाइल ऐप अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल किया जाएगा। यह नियम उन सभी मोबाइल हैंडसेट पर लागू होगा जो भारत में निर्मित या आयात किए गए हैं। DoT के 28 नवंबर, 2025 के नोटिफिकेशन के अनुसार, निमार्ता और आयातक यह सुनिश्चित करेंगे कि




संचार साथी ऐप उपयोगकर्ता को फोन के पहले उपयोग या सेटअप के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दे और इसके मुख्य फंक्शन छिपे, अक्षम या प्रतिबंधित न हों। पहले से निर्मित और बिक्री में मौजूद डिवाइस पर यह ऐप सॉफ्टवेयर अपडेट के माध्यम से उपलब्ध कराना होगा।

इस आदेश को लागू करने के लिए 90 दिनों की समय सीमा दी गई है और 120 दिनों के भीतर निमार्ता और आयातक अपने अनुपालन रिपोर्ट DoT को जमा करेंगे। संचार साथी ऐप दूरसंचार क्षेत्र में साइबर अपराध और धोखाधड़ी को रोकने के लिए DoT की पहल है।

इस ऐप और पोर्टल के माध्यम से नागरिक हैंडसेट की प्रामाणिकता IMएक नंबर से जांच सकते हैं, धोखाधड़ी वाली कॉल या संदेश की रिपोर्ट कर सकते हैं, खोए या चोरी हुए फोन को ब्लॉक कर सकते हैं, अपने नाम पर सक्रिय मोबाइल कनेक्शन की जांच कर सकते हैं और बैंकों व वित्तीय संस्थानों के भरोसेमंद संपर्क विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

## जब फरियादी बनकर थाने पहुंचे डीजीपी ओ.पी सिंह!

गुरुग्रामः हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह ने आज सोमवार को साइबर थाना, गुरुग्राम का औचक निरीक्षण किया. खास बात यह रही कि डीजीपी खुद फरियादी बनकर थाने पहुंचे. जिसके बाद उन्होंने यह वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर भी शेयर किया, ताकि आम लोग यह देख सकें कि साइबर क्राइम की शिकायत दर्ज कराने की प्रोसेस और पीड़ितों को मिलने वाली मदद कैसे होती है. थाने में तैनात संतरी ने डीजीपी को प्रोटोकॉल के अनुसार शोध अधिकारी से मिलने और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई.

# जिला प्रशासन की विशेष पहल: मीडिया कर्मियों के लिए SIR कार्यों हेतु विशेष शिविर

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 01 दिसंबर 2025: जिलाधिकारी मेधा रूपम ने मीडिया कर्मियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए SIR कार्यों के लिए विशेष शिविर आयोजित करने की जानकारी दी। नाम जोड़ने, संशोधन कराने और विभिन्न प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने 01 और 02 दिसंबर 2025 को व्यापक विशेष महाअभियान चलाया है। इस अभियान के तहत फि ल्म सिटी, मीडिया हाउस के विभिन्न 16 लोकेशनों पर मीडिया समुदाय के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। मीडिया कर्मियों की सुविधा के अनुसार इन शिविरों का समय दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे तक रखा गया है।




विशेष शिविर हिन्दुस्तान, आ-इकॉन बिल्डिंग, फिल्म सिटी नोएडा, आजतक, न्यूज 24, टाइम्स नाउ, दैनिक जागरण, अमर उजाला, इंडियन एक्सप्रेस, इंडिया टीवी, नेटवर्क 18, जी समूह, एनडीटीवी, एबीपी न्यूज, आर भारत, न्यूज नेशनल, भारत 24 और न्यूज वन इंडिया सहित विभिन्न प्रमुख मीडिया संस्थानों में लगाए जाएंगे। इंडिया टीवी और न्यूज नेशन में ये शिविर विशेष रूप से 02 दिसंबर 2025 को आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि इन प्रयासों से पुनर-ीक्षण कार्य अधिक सरल, सुगम और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सकेगा। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# देश में धर्मांतरण पर पूर्ण रोक क्यों जरूरी हो रही है?

**संजय सक्सेना, लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**

देश में धर्म परिवर्तन को लेकर एक गंभीर बहस तेज हो रही है, जहां कई लोग पूर्ण रोक लगाने की मांग कर रहे हैं ताकि लालच, धोखे या जबरदस्ती से होने वाले बदलाव रुक सकें। 1950 से 2015 तक हिंदू आबादी में 7.8 प्रतिशत की कमी आई, जबकि मुस्लिम आबादी 43 प्रतिशत बढ़ी और ईसाई आबादी में 5.38



प्रतिशत की वृद्धि हुई। जनगणना 2011 के अनुसार भारत की कुल आबादी में हिंदू 79.8 प्रतिशत हैं, लेकिन 2025 के अनुमानित आंकड़ों में यह 114 करोड़ तक पहुंची, फिर भी कुछ राज्यों में स्थिति चिंताजनक है। गजवा-ए-हिंद जैसे विचारों का प्रचार भारत में इस्लाम स्थापित करने के लिए जंग को दशार्ता है, जो कुछ मदरसों के फतवों से जुड़ा है। ईसाई मिशनरियां गरीबों, दलितों और आदिवासियों को आर्थिक सहायता, शिक्षा या नौकरी का लालच देकर धर्मांतरण कराती हैं, जैसा कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में 3000 सिखों के मामले में देखा गया। राजस्थान के कोटा में हाल ही दो मिशनरियों पर आत्मिक सत्संग के नाम पर परिवर्तन का आरोप लगा, जिसके बाद नया कानून लागू कर गिरफ्तारी हुई। इन घटनाओं से देश की जनसांख्यिकी बदल रही है, जहां नौ राज्यों जैसे जम्मू कश्मीर, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पंजाब, लक्षद्वीप और लद्दाख में हिंदू अल्पसंख्यक हो चुके हैं।

कई राज्यों ने जबरन या लालच से धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कानून बनाए हैं। उत्तर प्रदेश का कानून सबसे कठोर है, जबकि उत्तराखंड में 5 साल कैद और 25 हजार जुमार्ना, हिमाचल प्रदेश में महिलाओं या नाबालिगों के मामले में 7 साल तक सजा का प्रावधान है। ओडिशा 1967 से, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक जैसे 10 से अधिक राज्यों में ऐसे कानून हैं, लेकिन ये पूर्ण रोक नहीं लगाते, सिर्फ जबरदस्ती पर कार्रवाई करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही आठ राज्यों को इन कानूनों पर नोटिस जारी किया, जहां याचिकाओं में कहा गया कि ये धार्मिक स्वतंत्रता सीमित करते हैं। दुनिया में कई देशों ने धर्मांतरण को पूरी तरह गैरकानूनी ठहराया है। अल्जीरिया में मुस्लिम को परिवर्तित करने पर 5 साल जेल और जुमार्ना, भूटान, म्यांमार, नेपाल में संघीय कानून हैं जो जबरन बदलाव रोकते हैं। सऊदी अरब, कतर, यमन, मॉरिटानिया जैसे 10 से अधिक मुस्लिम बहुल देशों में धर्मत्याग पर मौत की सजा या कड़ी कार्रवाई होती है। इन देशों में जनसांख्यिकी स्थिर रहती है, जबकि भारत जैसे खुले समाज में आंकड़े बदल रहे हैं, जहां प्यू रिसर्च के अनुसार हिंदू से ईसाई बनने वालों में 74 प्रतिशत दक्षिण भारत से हैं। दरअसल, धर्मांतरण पर पूर्ण रोक लगाने से मिशनरियों और कुछ संगठनों के मंसूबे विफल हो सकते हैं, क्योंकि वर्तमान कानून पर्याप्त साबित नहीं हो रहे। 2011 जनगणना से 2025 अनुमान तक हिंदू प्रतिशत घटकर 78 प्रतिशत रह गया, जबकि पड़ोसी पाकिस्तान और बांग्लादेश में बहुसंख्यक आबादी बढ़ी। विशेषज्ञ मानते हैं कि केंद्र सरकार को अखिल भारतीय कानून बनाना चाहिए, ताकि डेमोग्राफी सुरक्षित रहे और सामाजिक सौहार्द बना रहे। यह कदम न केवल आंकड़ों को स्थिर करेगा, बल्कि सांप्रदायिक तनाव भी कम करेगा।

# सुप्रीम कोर्ट का वक्फ पोर्टल पर सम्पति पंजीकरण सीमा बढ़ाने से इंकार।

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संपत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने की समय सीमा बढ़ाने से साफ इंकार कर दिया है। इस नियम के तहत सभी वक्फ संपत्तियों का डिजिटल पंजीकरण अनिवार्य है और इसके लिए 5 या 6 दिसंबर तक की अंतिम तारीख दी गई है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इसे समय पर पूरा नहीं करती है, तो उस पर सजा भी हो सकती है। इस फैसले से स्पष्ट है कि सरकार की डिजिटलाइजेशन पहल को




समर्थन दिया गया है, जबकि तकनीकी दिक्कतों और अन्य समस्याओं के लिए अब संबंधित वक्फ ट्रिब्यूनल का सहारा लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में याचिकाकताओं के उन दावे को खारिज कर दिया, जिनमें उन्होंने पोर्टल की तकनीकी कठिनाइयों और देखरेख कताओं की अनुपलब्धता का हवाला दिया था। न्यायाधीशों ने कहा कि जो लोग पोर्टल पर विवरण अपलोड नहीं कर पाते, वे वक्फ ट्रिब्यूनल के पास जा सकते हैं, जो हर मामले को देखेगा और समाधान देगा। अदालत ने साफ कहा कि वक्फ अधिनियम के तहत दी गई समय सीमा का पालन आवश्यक है और इस कानून के संचालन में हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है। केंद्र सरकार ने लगभग 6 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियों का सफलतापूर्वक पंजीयन कर लिया है, जबकि बाकी संपत्तियों के पंजीकरण को 6 दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। उम्मीद पोर्टल की शुरूआत 6 जून 2025 को की गई थी, जिसका मकसद सभी वक्फ संपत्तियों का डिजिटल और भू-स्थानिक रिकॉर्ड बनाना है। इससे एक पारदर्शी और सुगठित प्रणाली तैयार होगी और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में सुधार आएगा।

इस फैसले पर विभिन्न लोगों की प्रतिक्रियाएं आई हैं। कुछ वक्फ बोर्ड सदस्यों ने कहा कि तकनीकी दिक्कतों और संसाधनों के अभाव के कारण समय सीमा पूरी करना चुनौतीपूर्ण है। वहीं, कुछ विशेषज्ञों ने फैसला सराहा है, क्योंकि इससे वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता बढ़ेगी और अवैध कब्जों पर अंकुश लग सकेगा। स्थानीय स्तर पर वक्फ संपत्तियों के रख-रखाव में सुधार के लिए इस कदम को एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से यह संकेत मिलता है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया को समय रहते पूरा करना आवश्यक है। तकनीकी कठिनाइयों का सामना करने वाले व्यक्ति और संस्थाओं के लिए राहत वक्फ ट्रिब्यूनल के माध्यम से उपलब्ध है, जिससे सभी पक्षों के हितों का संरक्षण किया जा सकेगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के सुचारु और जवाबदेह प्रबंधन की दिशा में एक बड़ी पहल है।

# स्वच्छ भविष्य का संकल्प: प्रदूषण नियंत्रण की राह में चुनौतियाँ

**– महेन्द्र तिवारी**

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हमारे सामूहिक इतिहास का वह आइना है जिसमें हम विकास की अंधी दौड़ के पीछे छूटे मानव जीवन, पर्यावरण और नैतिकता की कीमत को साफ-साफ देख सकते हैं। हर वर्ष 2 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस सिर्फ कैलेंडर की एक औपचारिक तारीख नहीं, बल्कि 1984 की भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में दर्ज एक गहन चेतावनी है–एक ऐसी चेतावनी जिसकी गूँज आज भी हवा, पानी, मिट्टी और मानव शरीर के भीतर तक सुनाई देती है। त्रासदी की उस भयावह रात को चार दशक से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन मिथाइल आइसोसाइनेट के रिसाव से जन्मी पीड़ा आज भी भोपाल की गलियों में, अस्पतालों के दस्तावेजों में और पीढ़ियों की थकान में दर्ज है। दुनिया की सबसे भीषण औद्योगिक दुर्घटनाओं में गिने जाने वाले इस विषाक्त प्रसंग ने न सिर्फ हजारों लोगों की जान ली, बल्कि उद्योग, सरकार और समाज–तीनों को यह सबक दिया कि निगरानी की एक चूक, लापरवाही की एक परत और मुनाफे की एक अंधी चाह किस तरह मानव सभ्यता को भीतर से झकझोर सकती है।

इस दिन की सार्थकता इसी बिंदु से शुरू होती है। आधुनिक भारत, जो खुद को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है, वह तभी सुरक्षित और स्थायी भविष्य का दावा कर सकता है जब विकास का आधार पर्यावरणीय संवेदनशीलता और मानवीय गरिमा पर स्थापित हो। आज स्थिति यह है कि देश के अनेक शहर लगातार वर्ष दर वर्ष दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल होते रहे हैं। दिल्ली, कोलकाता, पटना, कानपुर, गुड़गांव जैसे शहरों में PM2.5 और अन्य प्रदूषकों का स्तर न सिर्फ राष्ट्रीय मानकों, बल्कि विश्व




स्वास्थ्य संगठन की सीमाओं से भी कई गुना अधिक पाया जा रहा है। यह केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं है; यह एक जनस्वास्थ्य आपातस्थिति है। श्वसन रोगों, हृदय विकारों, कैंसर और समयपूर्व मौतों के बढ़ते आंकड़े इस बात के प्रमाण हैं कि हम अपने ही जीवन-सहचर वातावरण को धीरे-धीरे विषैला बना चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थानों की रिपोर्टें लगातार आगाह करती रही हैं कि वायु प्रदूषण वैश्विक स्तर पर हर वर्ष लाखों मौतों का कारण बन रहा है और भारत इसमें सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है।

सरकारी नीतियों और कानूनी प्रावधानों की बात करें, तो भारत में वायु एवं जल प्रदूषण निवारण अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, और राष्ट्रीय तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों का ढांचा वर्षों से मौजूद है। इन कानूनों का उद्देश्य उद्योगों और अन्य स्रोतों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करना, मानक तय करना तथा उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई सुनिश्चित करना है। हाल के वर्षों में सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) जैसे व्यापक मिशन की घोषणा की है, जिसने 2024 तक कण प्रदूषण को 20-30% तक कम करने का लक्ष्य रखा था। साथ ही BS-VI उत्सर्जन मानक, निरंतर उत्सर्जन निगरानी प्रणाली, और देशभर में एयर क्वालिटी इंडेक्स की शुरूआत इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। लेकिन सफलता का मापदंड कागजी नीतियों या घोषणाओं में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने वाले परिवर्तनों में निहित होता है। और यहीं यह चिंता उभर कर सामने आती है कि क्रियान्वयन की इच्छाशक्ति और व्यवस्थागत पारदर्शिता अब भी अधूरी है। कई उद्योग मानकों का उल्लंघन करते हैं, कचरा निपटान में अनियमितता बरकरार है, और शहरी नियोजन की कमजोरियाँ प्रदूषण के नए स्रोत तैयार करती रहती हैं।

इस पृष्ठभूमि में नागरिकों की भूमिका कहीं अधिक महत्व रखती है। प्रदूषण नियंत्रण केवल कानूनों का विषय नहीं, बल्कि जीवनशैली और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रश्न है। जब तक लोग ऊर्जा की बचत, अनावश्यक वाहन उपयोग में कमी, सार्वजनिक परिवहन और कार-शेयरिंग को प्राथमिकता, कचरे का जिम्मेदाराना प्रबंधन, प्लास्टिक उपयोग में कटौती, और स्थानीय स्तर पर सफाई-अभियानों में भागीदारी जैसे छोटे-छोटे कदम नहीं अपनाएँगे, तब तक कोई भी सरकारी योजना सीमित ही प्रभाव डाल पाएगी। पर्यावरणीय संकट की जड़ें अक्सर व्यक्तिगत आदतों में छिपी रहती हैं–एसी का तापमान, घरों से निकलने वाला कचरा, प्लास्टिक पर निर्भरता, और यहां तक कि सोशल मीडिया पर पर्यावरणीय विषयों के प्रति उदासीनता भी इस संकट को गहरा बनाती है।

समाज के अन्य संस्थानों की भूमिका भी निर्णायक है। स्कूलों और महाविद्यालयों में पर्यावरण शिक्षा को केवल एक औपचारिक विषय के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहार में लाने योग्य जीवन-कौशल के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। बच्चे और युवा वही अपनाते हैं जो समाज उन्हें जीकर दिखाता है; इसलिए शिक्षण संस्थानों को स्वयं 'ग्रीन कैंपस' बनने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। मीडिया को भी प्रदूषण को 'मौसमी' खबर या किसी विशेष शहर की समस्या की तरह नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक राष्ट्रीय संकट के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। उद्योगों और वैज्ञानिक समुदाय को नवाचारों और तकनीकी संशोधनों के माध्यम से प्रदूषण-नियंत्रित विकास मॉडल का निर्माण करना होगा ऐसा मॉडल जो ऊर्जा दक्षता और औद्योगिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि किसी भी समाज की प्रगति केवल ऊँची इमारतों, विस्तृत सड़कों या बढ़ते उत्पादन से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से मापी जाती है

# कोलकाता में बीएलओ का चुनाव कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**स्वदेश कुमार ,लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**

पश्चिम बंगाल में 11 राज्यों के मुकाबले एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर रोज नई खबरें और विरोध देखने को मिल रहे हैं, जबकि अन्य राज्यों में यह शांतिपूर्वक चल रही है। बीएलओ को एक तरफ भड़काया जा रहा है तो दूसरी तरफ उनके ऊपर तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी जबरन लोगों के नाम जोड़ने का दबाव डाल रहे हैं। इसी स्थिति से हैरानझ्परेशान बीएलओ ने आज कोलकाता में चुनाव आयोग के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया, जिसमें राजनीतिक तनाव गहरा रहा है। इस विरोध के पीछे काफी हद तक राजनीति है, जिसमें ममता बनर्जी की प्रमुख भूमिका सामने आ रही है। दरअसल, ममता बनर्जी ने एसआईआर को साइलेंट इनविजिबल रिगिंग यानी शांत और अदृश्य धांधली करार देते हुए केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बंगाल में एसआईआर को लागू नहीं होने देने की कठोर चेतावनी भी दी है और अपने विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व खुद कर रही हैं। ममता बनर्जी की अपील को लेकर टीएमसी ने इसे बंगाली अस्मिता और संविधान की रक्षा के संघर्ष के रूप में पेश किया है।




उनके समर्थन में बड़ी संख्या में टीएमसी कार्यकर्ता विरोध मार्चों में शामिल होते हैं, जो लोकतंत्र बचाओ और बंगाल का वोट बंगाल का हक जैसे नारे लगाते हैं। उधर, बांग्लादेशी घुसपैठिये देश छोड़कर भाग रहे हैं। इस सबके बीच ममता बनर्जी ने भाजपा पर लोगों के मताधिकार छीनने का आरोप भी लगाया है।

बीएलओ यानी बूथ लेवल ऑफिसर के विरोध प्रदर्शन के बारे में राजनीतिक दलों में आरोपझ्प्रत्यारोप का दौर चला है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी की सरकार मतदाता सूची के डेटा में हेरफेर कर रही है और बीएलओ को दबाव में रखा जा रहा है। वहीं ममता बनर्जी बीएलओ के साथ जमीन पर हैं, लेकिन उनका कहना है कि वे किसी फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं करतीं। इस बीच, कुछ जगहों से बीएलओ के आत्महत्या की खबरें भी आई हैं, जिनके पीछे भी राजनीतिक तनाव को कहा जा रहा है। ममता बनर्जी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन इस विवाद को एक संवेदनशील राजनीतिक मुद्दा बना चुका है, जहां वे चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठा रही हैं और इसे बंगाल तथा बंगालियों के वोट अधिकार के खिलाफ मानती हैं। उन्होंने एसआईआर को एनआरसी से जोड़कर भी इसका विरोध किया है। ऐसे माहौल में विरोध प्रदर्शन के दौरान वे जनता को सक्रिय करती दिख रही हैं, जिससे यह साफ है कि वे एसआईआर के खिलाफ जनता में नाराजगी भड़काने में भूमिका निभा रही हैं। इस पूरे विवाद में चुनाव आयोग की भूमिका, बीएलओ के विरोध प्रदर्शन, और ममता बनर्जी के तेवर राजनीतिक और वास्तविकता दोनों का मिश्रण हैं। जहां एक ओर प्रक्रिया की तर्कसंगत समीक्षा जरूरी है, वहीं राजनीतिक विरोध इसे चुनावी रणनीति का हिस्सा भी बना रहा है, खासकर पश्चिम बंगाल में जहां ममता बनर्जी इस मुद्दे को अपने राजनीतिक एजेंडा का केंद्र बना चुकी हैं।

## लौट के हम न आएंगे

*लेखक:- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश*

एक दिन हम जुदा हो जाएंगे,
न जाने कहा खो जाएंगे।
तुम लाख पुकारोगे हमको,
पर लौट के हम न आएंगे।
थक हारकर दिन के कामो से
जब रात को सोने जाओगे।
देखोगे जब तुम फोन को,
पैगाम मेरा न पाओगे।
तब याद तुम्हे हम आएंगे,
पर लौट के हम न आएंगे।
एक रोज ये रिश्ता टूटेगा,
दिल इतना ज्यादा टूटेगा।
फिर कोई न हमसे रूठेगा,
फिर लौट के हम न आएंगे।
हम आँखे कभी न खोलेंगे,
तुमसे कभी न बोलेंगे।
आखिर उस दिन तुम रो दोगे,
ऐ दोस्त तुम मुझे खो दोगे।
उस दिन से तन्हा रह जाओगे,
अंदर से तुम टूट जाओगे।
फिर याद तुन्हें हम आएंगे,
पर लौट के हम न आएंगे।

# हवा में कैद सांसें, प्रदूषण महामारी से ज्यादा हानिकारक। भविष्य में होगा ऑक्सीजन का अभाव।

पर्यावरण प्रदूषण का चौतरफा प्रहार आज मानव सभ्यता के अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। प्रकृति के सुगठित संतुलन में जब अपशिष्ट तत्व अनियंत्रित रूप से मिलते हैं, तब वातावरण प्रदूषित होकर जीवन के लिए विष बन जाता है। प्रदूषण के कई आयाम हैं वायु, जल, भूमि, ध्वनि किन्तु वायु प्रदूषण इन सभी में सर्वाधिक घातक और संहारक सिद्ध हुआ है। यह मानव जीवन की सबसे मूलभूत आवश्यकता "साँस" को ही संकटग्रस्त कर रहा है। आकाश में तैरते सूक्ष्म प्रदूषण-कण, उद्योगों से निकलती जहरीली गैसें, वाहनों की धुएँ की लकीरें और मशीनों की निरंतर तपन इन सबने मिलकर हवा को एक अदृश्य हथियार बना दिया है, जो हर क्षण हमारे फेफड़ों को चीरने का काम कर रहा है। अब स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि स्वच्छ हवा में सांस लेना भी एक दुर्लभ सौभाग्य लगने लगा है।वायु प्रदूषण केवल आँकड़ों का विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व का संकट है। विश्व-स्तर पर हुए वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि भारत में प्रदूषित वायु के कारण जीवन प्रत्याशा सामान्यतः 10 से 15 वर्ष तक घट सकती है। हमारा देश विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित देशों में गिना जा रहा है, जहाँ लगभग 40% जनसंख्या विषाक्त वायु की गिरफ्त में है। महानगर तो जैसे धुएँ की कैद बन चुके हैं–दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर और अनेक औद्योगिक नगर प्रदूषण के शिखर पर हैं, जहाँ बचपन, बुढ़ापा और रोगग्रस्त शरीर मृत्यु के सबसे बड़े जोखिम पर खड़े हैं। अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियाँ रोजगार, शिक्षा और सामान्य पारिवारिक जीवन की गति को बाधित कर रही हैं। स्मॉग की मोटी चादर अब सुबह की ओस या शाम की धूप से अधिक दिखाई देने लगी है। सूर्य भी धुएँ की कोहरे में अपनी किरणों को खो बैठा है।

कोविड-19 महामारी के दौरान स्थिति और भी भयावह रूप में सामने आई। फेफड़ों की शक्ति कमजोर कर चुकी प्रदूषित हवा ने वायरस के प्रहार को और घातक बना दिया। जिन लोगों के फेफड़े प्रदूषण से पहले ही क्षतिग्रस्त थे, वे महामारी की चपेट में अधिक संख्या में जाने लगे। यह तथ्य एक भयानक चेतावनी की तरह है–भविष्य में किसी भी महामारी का सबसे बड़ा सहयोगी प्रदूषित हवा बन सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत की हवा में प्रदूषक सूक्ष्म कणों (PM 2.5) की उपस्थिति स्वस्थ मानक से लगभग सात गुना अधिक पाई गई है। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए अलार्म बेल है क्योंकि यह प्रदूषण समान रूप से सबको अपने वश में लेता है; चाहे अमीर हो या गरीब, शहरी हो या ग्रामीण, वृद्ध हो या नवजात। विषैली हवा सीमाओं और वर्गों के बीच कोई भेदभाव नहीं करती वह सीधा फेफड़ों पर हमला करती है।

प्रदूषण का विस्तार केवल वैज्ञानिक तथ्य नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक त्रासदी है, क्योंकि मनुष्य का प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहना चिरकालीन सत्य है। प्रकृति हमारी माता है, और हमने उसके असीम संसाधनों का उपयोग करते समय उसकी मयार्दा को भुला दिया है। जंगल कटे, नदियाँ दम तोड़ने लगीं, नदियों की शुद्धाँश रेत बन कर बिकने लगी और हवा में जीवन की सुगंध स्थानांतरित होकर धुएँ की कड़वाहट में बदल गई। आज आकाश में तारे नहीं, धूल-कण चमकते हैं; हवा में फूलों की महक नहीं, रसायनों की चुभन है। यह सिर्फ पर्यावरण का दुरुपयोग नहीं, बल्कि मानव संवेदनाओं की हत्या है।औद्योगिक विस्तार, वाहनों की अनियंत्रित वृद्धि, कोयला, पेट्रोल-डीजल का अत्यधिक दहन, एयर-कंडिशनिंग, शहरी निमार्णों की असीम दौड़, खेतों में पराली का जलना, उर्वरकों-कीटनाशकों का भयानक प्रयोगये सभी कारण मिलकर प्रदूषण की विस्फोटक स्थिति को जन्म दे रहे हैं। समाधान के नाम पर कानून हैं, पर क्रियान्वयन अधूरा। योजनाएँ हैं, पर जमीन पर प्रतिबद्धता नहीं। विकास की अंधी दौड़ में हम यह भूल गए कि बिना स्वच्छ हवा के कोई भविष्य संभव नहीं।

आज सबसे बड़ी आवश्यकता है वृक्षारोपण का राष्ट्रीय आंदोलन। जितने उद्योग हम खड़े करते हैं, उससे अनेक गुना अधिक संख्या में वृक्ष लगाना ही हमारा कर्तव्य होना



चाहिए। जंगलों और हरियाली का संरक्षण देश की जीवनरेखा है। पेड़ केवल हरियाली नहीं, जीवन का कलेवर हैं–वे हवा को शुद्ध करते हैं, धरती के ताप को नियंत्रित रखते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित करते हैं और जीवन में ऑक्सीजन का आशीर्वाद देते हैं। यदि हम वृक्षों को खो देंगे, तो तकनीक की कोई भी उन्नति हमें जीवन नहीं दे सकती। साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण के लिए उद्योगों और वाहनों पर कठोर नियम लागू करने, वैकल्पिक ऊर्जा (सौर, पवन, जल) को व्यापक स्तर पर अपनाने, सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने, और दहन के सभी अनियंत्रित स्रोतों पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे घातक प्रभाव नौनिहालों और बुजुर्गों पर पड़ता है। बच्चे जब दुनिया में आते हैं, तो उनके पहले उपहार के रूप में प्रदूषित हवा फेफड़ों को कमजोर कर देती है, और बुजुर्ग जीवन की अंतिम साँसें भी कठिनाई से लेते हैं। यह विडम्बना है कि जीवन की शुरूआत और अंत दोनों प्रदूषण की पीड़ा से घिरे हैं। अब वह समय आ चुका है जब हमें वायु प्रदूषण के विरुद्ध युद्ध स्तर पर लड़ाई लड़नी होगी। यदि हम अभी नहीं जागे, तो भविष्य का इतिहास हमें क्षमा नहीं करेगा। कोरोना की महामारी ने हमें स्वच्छ हवा के मूल्य को समझाया है–अब आवश्यकता है कि हम इस मूल्य को बचाने की जिद करें। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और इसे सुरक्षित रखना सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

आइए संकल्प लें–प्रकृति के साथ संघर्ष नहीं, संवाद करेंगे। उसे लूटेंगे नहीं, संवारेंगे। विकास का मार्ग चुनेंगे, पर जीवित मानवता की कीमत पर नहीं। स्वच्छ हवा, स्वच्छ विचार और स्वच्छ आत्मा यही एक स्वस्थ राष्ट्र की पहचान बने।

**संजीव ठाकुर**
**चिंतक, लेखक, चिंतक,स्तंभकार,वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार,**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# डीएम ने शीला फोम और बेनेट यूनिवर्सिटी में विशेष शिविर का निरीक्षण किया

## पुनरीक्षण अभियान को मिली नई गति, हर पात्र नागरिक को मतदाता सूची में जोड़ने की मुहिम तेज

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 01 दिसंबर 2025ः जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने आज विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की प्रभावशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा स्थित शीला फोम इंडस्ट्री और बेनेट यूनिवर्सिटी में संचालित स्पेशल शिविरों का स्थलीय निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिविरों की व्यवस्थाओं, फॉर्म स्वीकार केंद्रों, मतदाता सूची खोज सुविधा, बीएलओ तैनाती और नागरिक सहभागिता का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक नाम जोड़ने या संशोधन कराए



बिना न रह जाए। अभियान के तहत उद्योगों, मीडिया हाउसों, शिक्षण संस्थानों, आरडब्ल्यूए/एओए और लेबर सेक्टरों में बड़े पैमाने पर शिविर संचालित किए जा रहे हैं। शीला फोम इंडस्ट्री में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने श्रमिकों से संवाद कर नामांकन, संशोधन और सत्यापन प्रक्रियाओं की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने सुनिश्चित किया कि किसी भी श्रमिक को दस्तावेजी प्रक्रिया में कोई कठिनाई न हो और सभी निर्वाचन संबंधी सुविधाएं उनके कार्यस्थल पर ही उपलब्ध कराई जाएँ।
इसके बाद बेनेट यूनिवर्सिटी में जिलाधिकारी ने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए शिविर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रथम बार मतदाता बनने वाले विद्यार्थियों को अभियान से उत्साहपूर्वक जोड़ा जाए। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में संचालित शिविर नामांकन और संशोधन प्रक्रिया को और अधिक सुगम और प्रभावी बना रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि सभी शिविरों में प्रपत्र 6 और प्रपत्र 8 सहित एन्यूमरेशन फॉर्म स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बूथ का फॉर्म किसी भी शिविर में जमा किया जा सकता है, जिससे नागरिकों को अनावश्यक यात्रा से मुक्ति मिले।
निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर श्री आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान, नायब तहसीलदार सदर सुश्री ज्योत्सना सिंह और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2026 के अंतर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव 02 दिसम्बर को किया जाएगा आयोजित

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 01 दिसंबर, 2025ः जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, गौतमबुद्धनगर महिपाल सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग (वीबीवाईएलडी) 2026 के तहत जनपद स्तरीय युवा उत्सव 02 दिसम्बर 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम गलगोटियास कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नॉलेज पार्क स्थित ऑडीटोरियम में प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में इस युवा उत्सव में डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोकनृत्य समूह, लोकगीत समूह, कविता लेखन एवं इनोवेशन (साइंस मेला प्रदर्शनी) जैसी विधाओं में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। उन्होंने जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्याओं को अवगत कराया गया है कि वे अपने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों का 'MY BHARAT PORTAL' पर पंजीकरण सुनिश्चित कराते हुए उन्हें प्रतिभाग हेतु प्रोत्साहित करें तथा निर्धारित तिथि को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुँचें। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना की संशोधित समय-सारिणी जारी, अधिकतम पिछड़ा वर्ग के पात्र युवाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य

### योगी सरकार पिछड़ा वर्ग के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत - मंत्री नरेंद्र कश्यप

**समाज जागरण**

लखनऊ, 01 दिसम्बर 2025ः प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग युवाओं हेतु संचालित 'ओ लेवल' एवं 'सी.सी.सी.' कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के द्वितीय चरण की समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया कि संशोधित समय-सारिणी का जिले में अधिकतम प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि एक भी पात्र पिछड़े वर्ग के युवा इस अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य है कि पिछड़ा वर्ग के युवाओं को रोजगारपरक, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सरकारी, निजी और स्व-रोजगार क्षेत्रों में मजबूत रूप से स्थापित हो सकें।

निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वन्दना वर्मा ने बताया कि ' संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 20 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक प्रशिक्षणार्थी 'ओ लेवल' एवं 'सी.सी.सी.' पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वे अपनी आवेदन प्रति एवं सभी आवश्यक अभिलेख निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे। जिला स्तर पर आवेदन पत्रों का सत्यापन, प्रशिक्षण हेतु पात्र प्रशिक्षणार्थियों को सत्यापित कर लॉक करना तथा अपात्र / त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निरस्त करना और निदेशालय द्वारा संस्थावार / पाठ्यक्रमवार आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष जनपद स्तर से अनुमोदनोपरान्त चयनित लाभार्थियों को सत्यापित कर डिजिटली लॉक करना तथा शेष प्रशिक्षणार्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार करते हुए चयनित/प्रतीक्षासूची पर जिला स्तरीय चयन समिति का अनुमोदन प्राप्त करना 05 से 09 दिसम्बर 2025 तक किया जाएगा।
चयनित अभ्यर्थियों का सम्बन्धित संस्था द्वारा संस्था में प्रवेश लेते हुये प्रशिक्षणार्थियों का निलिट में रजिस्ट्रेशन कराना तथा प्रवेश न लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची से पोर्टल पर एलाटमेन्ट करते हुए प्रवेश दिलाना, सूचना ऑनलाइन लॉगिन पर अपडेट किया जाना तथा छात्रों का आधार उपस्थिति हेतु प्रक्रिया पूर्ण किया जाना 10 से 13 दिसम्बर 2025 तक किया जाएगा। 15 दिसंबर 2025 से प्रदेश के सभी जनपदों में एक साथ प्रशिक्षण प्रारम्भ होगा।

# वेगस नर्व सक्रियण से ही सम्पूर्ण स्वास्थ्य संभव - :डा० भानु

लखनऊ। आज की साधारण स्वास्थ्य समस्याएं हैं, गठिया, कमजोरी,भूख न लगना,नीद न



आना,पीठ या शरीर में दर्द, सुगर, बीपी आदि। इसके अलावा एनीमिया, थकान, चक्कर आना, बुखार, खांशी, डायरिया, तनाव, अवसाद, पेट के कीड़े, आंखों के संक्रमण, कैंसर, लिवर रोग, हृदय रोग, शराब या अन्य प्रकार नशा करना, मोबाइल का ज्यादा प्रयोग करना आदि
उपरोक्त बाते पूर्वाञ्चल ग्रामीण विकास संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में वेगस नर्व सक्रियण एवं सम्पूर्ण स्वास्थ्य विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डाक्टर भानु ने कहा।
उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य है कि हर गाँव में ऐसा आत्मनिर्भर स्वास्थ्य-समुदाय निर्मित करना जहाँ सेवा, विज्ञान और आध्यात्मिकता के समन्वय से परिवार स्वस्थ, खुशहाल, नशा-मुक्त, कुपोषण-मुक्त, और मानसिक रूप से संतुलित हों; जहाँ आभा दीदी के नेतृत्व में योग-प्राणायाम, घरेलू उपचार, पोषण, संवाद और सामुदायिक सहयोग के माध्यम से उपचार से पहले संरक्षण संस्कृति बने—ताकि स्वास्थ्य कोई व्यापार नहीं, सेवा का व्यवहार बने।
डाक्टर भानु ने बताया कि आभा ग्राम स्वास्थ्य अभियान पीजीवीस की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में एक अत्यंत महात्वाकांक्षी योजना है. इसके अंतर्गत लोगों को अपने शरीर में वेगस नर्व सक्रियण तथा प्राकृतिक रूप से बनने वाले हैप्पी

# मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कौशल प्रशिक्षण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की

## सभी मंडलों में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 10 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए

**समाज जागरण**

लखनऊ, 01 दिसम्बर 2025ः उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में डीसी एवं एमआईएस प्रबंधकों की जनपदवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, प्रगति, डाटा प्रबंधन, लक्ष्य प्राप्ति तथा प्रशिक्षण प्रदाताओं की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई।
मिशन निदेशक ने निर्देशित किया कि सभी मंडलों में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 10 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। प्रतियोगिता उपरांत प्रत्येक कौशल क्षेत्र से अवरोही क्रम में पाँच-पाँच पात्र अभ्यर्थियों के नाम मिशन कार्यालय को उपलब्ध कराए जाएँ। उन्होंने बताया कि मिशन द्वारा प्रतियोगिता हेतु सेट अ एवं सेट इ के पासवर्ड-कोडेड गोपनीय प्रश्नपत्र जनपदों को भेजे जाएंगे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर चयनित अभ्यर्थियों को प्राथमिकता के साथ मंडल स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें राज्य स्तर तक आगे बढ़ने का पूर्ण अवसर प्राप्त हो सके।
मिशन निदेशक ने कहा कि सभी निर्धारित प्रशिक्षण बैचों का सुचारु संचालन मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे अधिकाधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्थानीय रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट ह्यप्रवीणह्न के अंतर्गत राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना सरकार का लक्ष्य है। किसी भी प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा अनियमितता की स्थिति में UPSDM द्वारा उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा संबंधित प्रदाताओं को लिखित सूचना जारी करने के निर्देश दिए गए।
बैठक के दौरान मिशन निदेशक ने बताया कि जीरो पावर्टी अभियान की समीक्षा मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर से की जा रही है, जिसमें चिन्हित परिवारों एवं स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्व-रोजगार तथा वेज-एम्प्लॉयमेंट से जोड़ने की दिशा में मिशन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि UPSDM एवं DDU-GKY के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में प्रशिक्षित ऐसे युवाओं का विस्तृत डाटाबेस तैयार किया जाए जिन्हें अब तक रोजगार प्राप्त नहीं हुआ है, तथा ऐसे सभी युवाओं की हर माह 21 तारीख को आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें उपलब्ध अवसरों का लाभ मिल सके।
मिशन निदेशक ने सभी जिलों के अधिकारियों एवं एमआईएस प्रबंधकों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित प्रारूप में अपनी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करें, जिससे जनपदवार प्रदर्शन का स्पष्ट आकलन संभव हो सके।

# आईएमएस में उद्भव 2025 का आयोजन

**समाज जागरण**

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में उद्भव 2025 का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित इस इंटर डिपार्टमेंट प्रतियोगिता में छात्रों के लिए बिजनेस क्विज, यूथ पार्लियामेंट, पैनल डिस्कशन, बेस्ट मैनेजर प्रतियोगिता एवं ओपन माइक प्रतिस्पर्धा रखी गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने जोश, ऊर्जा और बौद्धिक क्षमता का प्रभावशाली संगम देखने को मिला।



उद्भव का शुभारंभ करते हुए आईएमएस के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में छात्रों का केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी स्वयं को निरंतर तैयार रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए नेतृत्व क्षमता, सृजनात्मकता, प्रबंधन कौशल, संचार दक्षता और टीमवर्क जैसी योग्यताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि उद्भव, विद्यार्थियों को आवश्यक कौशलों को सीखने, समझने और व्यवहार में लाने का एक सशक्त एवं प्रभावशाली मंच है। छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें नेतृत्व, नवाचार और वास्तविक जीवन के कौशलों से भी समृद्ध करता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के मंच उनके व्यक्तित्व विकास तथा पेशेवर सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
वहीं कार्यक्रम की संयोजक प्रो. शिखा गुप्ता एवं डॉ. साक्षी वर्धन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होने बताया कि बीबीए विभाग द्वारा आयोजित इंटर डिपार्टमेंट प्रतियोगिता में बीबीए, एमबीए, लॉ एवं बीसीए के 150 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट ज्ञान, आत्मविश्वास एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# दिगम्बर जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए गजराज जैन

### बतौर मुख्य चुनाव अधिकारी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन की देखरेख में हुए श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के चुनाव



**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के चुनाव में दिल्ली के श्री गजराज जैन निर्विरोध पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुए गए। संविधान के मुताबिक महासभा के बतौर अध्यक्ष धर्म सरंक्षिणी, तीर्थ संरक्षिणी और श्रुत संरक्षिणी महासभा के अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं, जबकि श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला महासभा की अध्यक्षा श्रीमती सरिता महेन्द्र के. जैन को चुना गया। बतौर मुख्य चुनाव अधिकारी टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन की देखरेख में ये चुनाव हुए। उल्लेखनीय है, सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए हैं। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन और मंगलाचरण के संग कार्यक्रम का ऑडिटोरियम में शंखनाद हुआ। सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य चुनाव अधिकारी कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के संग-संग दिगंबर महासभा के श्री गजराज जैन, श्री अरविंद लोहाडिया, श्री प्रकाश बड़जात्या, श्री पवन गोधा आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। टीएमयू की फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन की भी इस सुअवसर पर उल्लेखनीय उपस्थिति रही। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए यूनिवर्सिटी की प्रगति और विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन डॉ. निर्मल कुमार जैन ने किया।

### टीएमयू कुलाधिपति ने की युवाओं की प्रबल पैरोकारी

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने कहा, श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा केवल 131 साल की होने से बड़ी नहीं होती है। हमें इसे और बड़ा करना होगा। हमें अपने अतीत और वर्तमान पर गर्व करने से ज्यादा यह सोचना होगा कि इसका भविष्य कैसे बनाएं। कुलाधिपति के संग टीएमयू के जीवीसी श्री मनीष जैन ने भी युवाओं की प्रबल पैरोकारी करते हुए कहा, महासभा के उज्जवल भविष्य के लिए हमें इसमें युवाओं को लाना होगा। हम सीनियर लोगों को कुर्सियों का मोह त्यागकर भविष्य के लिए युवाओं को तैयार करना होगा। हमें ऐसे युवाओं को आगे लाना होगा जो पैसे के संग-संग अपना विवेक और समय भी महासभा को दें। चुनाव अधिकारी- श्री गजेन्द्र बैज, श्री अनुज जैन के अलावा मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, अमरोहा जैन समाज के अध्यक्ष श्री योगेश जैन, डॉ. कल्पना जैन, अमरोहा की नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती शशि जैन के संग-संग देशभर के जैन समाज के प्रतिनिधि शामिल रहे।

दिगम्बर जैन महिला महासभा की संयुक्त महामंत्री चुनी गईं ऋचा जैन श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला महासभा की कार्याध्यक्षा श्रीमती रजनी बाकलीवाल और श्रीमती संध्या सेठी को बनाया गया। श्रीमती सुधा जैन और श्रीमती नीलम जैन उपाध्यक्षा चुनी गई। श्रीमती ज्योत्सना जैन महामंत्री तो तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की श्रीमती ऋचा जैन संयुक्त महामंत्री बनीं। श्रीमती अनु लोहाड़िया को कोषाध्यक्ष बनाया गया। श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन धर्म सरंक्षिणी के कार्याध्यक्ष श्री महिपाल पहाडिया को चुना गया। श्री अजीत जैन चंदवाल, श्री अशोक जैन छाबड़ा, श्री मनोज काला, श्री अनिल जैन, श्री अरविंद जैन, श्री कमल बाबू जैन, श्री हेमचंद जैन श्री सुंदर लाल जैन को उपाध्यक्ष चुना गया। महामंत्री की जिम्मेदारी श्री पवन जैन, जबकि संयुक्त महामंत्री की जिम्मेदारी श्री अशोक जेटावत, श्री संजय कुमार पाटनी, श्री प्रमोद जैन और श्री संदीप जैन को सौंपी गई। श्री प्रकाश बोरा को कोषाध्यक्ष और श्री विनीत जैन सह कोषाध्यक्ष चुने गए।

### श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा की दीगर जिम्मेदारी

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा के कार्याध्यक्ष की कमान श्री महेन्द्र कुमार जैन और श्री धर्म चंद पहाडिया को सौपी गई। श्री टीके वैद्य, श्री अभय कुमार साह, श्री संजीव जैन, श्री अशोक कुमार चूंड़ीवाल, श्री विकास जैन को उपाध्यक्ष बनाया गया। महामंत्री पद की जिम्मेदारी श्री राज कुमार सेठी को मिली, तो श्री कमल कुमार जैन और श्री सुभाष चंद जैन को संयुक्त महामंत्री का पदभार सौंपा गया। श्री सुशील कुमार बाकलीवाल को कोषाध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी दी गई। श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन श्रुत संरक्षिणी महासभा के श्री प्रवीन कुमार जैन और श्री गजेन्द्र पाटनी कार्याध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष श्री इंद्रेश कुमार जैन, श्री सुबोध जैन, श्री श्याम लाल जैन बनाए गए। श्री शरद राज कासलीवाल को महामंत्री चुना गया, जबकि संयुक्त महामंत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद कोठारी को चुना गया। श्री प्रकाश चंद बोरा कोषाध्यक्ष बने।

# विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को किया जागरूकत

**समाज जागरण**

लोनी, 1 दिसंबरः जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के तत्वाधान में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनपद के खंड रजापुर, मुरादनगर, भोजपुर तथा लोनी सहित डासना मुख्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न प्रशिक्षुओं ने उत्साह पूर्वक भागीदारी निभाई।
कार्यक्रम के अंतर्गत बुद्ध नगर नसबंदी कॉलोनी, ग्राम सिकरानी, ग्राम बेहटा हाजीपुर,क्ष ग्राम बंथला राम विहार, लक्ष्मी गार्डन इंद्रपुरी 2 नंबर, ग्राम चुड़ियाला तथा संस्थान के डासना कार्यालय में विश्व एड्स दिवस के तहत जागरूकता सेमिनार और संवाद सत्र आयोजित किए गए। डासना कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (DMPU) से विकास जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में फ्वऊएळ के समन्वयक कमरुद्दीन, आरोह फाउंडेशन के समन्वयक रविंद्र नागर, और कुणाल भारद्वाज मौजूद रहे। खंड लोनी के बुद्ध नगर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मिथलेश मुख्य अतिथि रही।
कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और बताया कि संस्थान विशेष तौर पर महिलाओं और युवाओं के बीच इस बीमारी को लेकर सही जानकारी और जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।
मुख्य अतिथि विकास जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "एड्स एक ऐसी बीमारी है जिससे जागरूकता और सावधानी से बचा जा सकता है। सही जानकारी, सुरक्षित व्यवहार और जागरूकता इसका सबसे बड़ा बचाव है।"
लोनी में उपस्थित डॉ. मिथलेश ने बताया कि इस वर्ष की थीम "व्यवधान पर काबू पानाः एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन" के तहत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्वभर से एड्स उन्मूलन के प्रयासों में बाधा बन रही असमानताओं को दूर करने की अपील की है।
उन्होंने बताया कि पिछले 37 वर्षों से हर वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य एचआईवी और एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। डॉ. मिथलेश ने बताया कि एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस) वह वायरस है जो एड्स का कारण बनता है और इसके बारे में फैली गलत धारणाओं को खत्म करना आवश्यक है।
कार्यक्रम का संचालन संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी गुरूदीन द्वारा किया गया. उसे सफल बनाने के लिए बनाने में क्षेत्रीय सहायक मोहित, लेखाधिकारी राम कुमार, कार्यालय सहायक रामराज, समन्वयक अंकित कुमार, तथा अनुदेशिकाओं सरिता देवी, अर्चना सरोज, सुषमा त्यागी, अनीता रुहेला, दीपशिखा, मानसी, निर्मल देवी, सोनम, अदीबा, पुष्पा बिष्ट, सविता, शशि पवार, नीलम श्रीधर के साथ-साथ अन्य सभी स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में हुई लापरवाही तो होगी निलंबन जैसी सख्त कार्रवाईः डीएम

**समाज जागरण**

लोनी 1 दिसंबरः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उदासीनता और अपेक्षित सहयोग न मिलने पर लगता है जिला प्रशासन एक्शन मोड में है।
जिलाधिकारी ने इस संबंध में कड़ा आदेश जारी कर सभी विभागों को चेतावनी दी है कि यदि पुनिरीक्षण में कोई लापरवाही बरती गई तो ऋक्रफ और निलंबन जैसी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
दरअसल आयोग द्वारा नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों की तैनाती के बावजूद भी उनसे विभागीय कार्य भी लिए जा रहे हैं, जिससे पुनरीक्षण अभियान की प्रगति लगातार प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही माना है।

भारत निर्वाचन आयोग ने अभियान की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन विभागों के कर्मचारी BLO के रूप में नियुक्त हैं उनसे किसी भी प्रकार का अतिरिक्त विभागीय कार्य न लिया जाए अन्यथा संबंधित विभागाध्यक्ष के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 32 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी पर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के अनुसार जिले में निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर है।
किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी और संबंधित अधिकारियों को आदेश की प्रतिलिपि भेजकर अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# जब हो सब एक आकार.. फिर कैसे रुकेगा खनन का भ्रष्टाचार

**समाज जागरण**

लोनी, 1 दिसंबरः लोनी क्षेत्र में सभी मानकों व नियमों को ताकपर रखकर यमुना नदी का सीना चीरकर अवैध रूप से हो रहे जीवी बालू खनन को रोकने टोकने वाला यहां कोई नहीं है. जो पुलिस प्रशासन के साथ-साथ खादी को भी शक के घेरे में खड़ा करता. और इस तरह इस गोरख धंधे में शामिल लोग सरकार को भी लाखों रूपए प्रतिदिन का चूना लगा रहे हैं।
क्षेत्रवासियों का आरोप है कि उक्त गंभीर प्रकरण की शिकायत के बावजूद संबंधित विभागीय अधिकारी न जाने क्यों, कार्रवाई करने से बचते नजर आते हैं।

अफसोस तो इस बात का है कि जनता हितैषी होने की बात करने वाले क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इसकी अनदेखी की जा रही है।
जिनके द्वारा इस गोरखधंधे के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद नहीं करना उनकी छवि को भी संदिग्ध बनाता है।
गौरतलब हो कि पचायरा में चलने वाली उक्त खान पर अवैध रूप से हो रहे खनन की सूचना पाकर विगत दिनों तैनाती पाने वाले उपजिलाधिकारी अमित शर्मा ने मौके पर पहुंचकर वहां नियमों के विरुद्ध यमुना के बीच से रेत निकाल रही तीन पोपलेन मशीनों को रंगे हाथों पकड़ उन्हें सील कर दिया था और खान का काम बंद करा उसके स्वामी पर 15 लाख रुपये का जुमार्ना ठोका था। हालांकि कुछ दिनों बाद ही उक्त खनन पुनः अपने विस्तार में आ गई थी. जबकि बात नियमों व मानकों की करें तो उसकी अनदेखी आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। अब वह समय बीत जाने के बाद ऐसे में खनन माफियाओं व एसडीएम के बीच खनन का काम पुनः शुरू करने के लिए क्या आधार तय किया गया है यह सभी की समझ से परे है।

### ऑवरलोड वाहनों से लग रहा करोड़ों का पलीता

खान में सैकड़ों की तादाद में रेत लादकर आने वाले वाहनों की ऑवरलोडिंग देखकर आमजन कोई भी अपने दांतो तले उंगली दबाने को मजबूर होगा. मगर मजे की बात यह है कि उसका किसी भी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आता है। तिरपाल के ढके अपने विस्तार व तय वजन से लगभग दोगुना रेत लादकर सड़क पर दौड़ने वाले इन वाहनों के कारण जहां सरकार द्वारा सड़क निर्माण में खर्च किए गए करोड़ों रुपयो का पलिता लग चुका है वही उनसे गिरने वाले रेत के कारण आम यात्रियों के लिए भी वह किसी मुसीबत से कम नहीं है. क्योंकि इन वाहनों के कारण सड़क की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि वहां से आने-जाने वाले अन्य वाहनों के लिए वह एक बड़ी परेशानी का सबब बन चुकी हैं।





### सभी है एक ही थाली के चट्टे-बट्टे

क्षेत्रीय लोगों ने जहां बालू खनन के उक्त अवैध गोरखधंधे में पुलिस-प्रशासन पर यह आरोप लगाया है कि खनन माफियाओं ने जहा सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को नजराने के तौर पर उनसे तयनुसार प्रति माह एक मोटी रकम देकर उन्हें अपने बस में कर लिया है। वहीं दूसरी और बड़ी-बड़ी डींग हांकने वाले जनप्रतिनिधियों का भी इस ओर से चुप्पी साधे रहना उनकी कार्यप्रणाली को संदिग्ध बनाता है जो इस तरह स्वयं ही अपनी सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लगाने का काम कर रहे हैं। अब ऐसी स्थिति में स्पष्ट होता है कि सभी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं।

उक्त संदर्भ में जब खनन अधिकारी से बात हुई तो उन्होंने क्षेत्र में दो खान संचालन होने की बात स्वीकार की। मगर इसके बाद जैसे ही उनसे यमुना नदी पर पोकलेन मशीन आदि के बारे में बातचीत करने के लिए सवाल किया गया तो उन्होंने तुरंत फोन काट दिया ।

# मोहल्ला रतन में शोक की लहर : बेटी यशी ने निभाया पुत्रधर्म, पिता को दी मुखाग्नि

**समाज जागरण**

कासगंज। शहर के मोहल्ला रतन निवासी आलोक वार्ष्णेय उर्फ डब्बू का रविवार रात निधन हो गया। वह एक निजी चिकित्सक के यहां नौकरी करते थे। काफी समय से कैंसर से पीड़ित होने के कारण मेरठ मेडिकल कॉलेज में उनका उपचार चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।



परिवार में पत्नी काजल के साथ दो बेटियां–बड़ी बेटी राशि, जो एमबीए कर रही है, और छोटी बेटी यशी, जो कक्षा 11 की छात्रा है–रह गई हैं। बेटे के न होने के चलते अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी को लेकर सवाल खड़ा हुआ, लेकिन ऐसे कठिन समय में बेटी यशी ने आगे बढ़कर अपने पिता के अंतिम संस्कार की सारी रस्में निभाने का निर्णय लिया। आपसी सहमति के बाद यशी ने परंपराओं को पीछे छोड़ हिम्मत दिखाते हुए पिता को कंधा दिया और श्मशान घाट पर सैकड़ों नम आंखों के बीच मुखाग्नि दी। यशी के इस साहसिक और भावुक कदम की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# अंतर महाविद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में एस.एम. कॉलेज चंदौसी के प्रतिभावान छात्र अभिषेक सिंह ने जीता रजत पदक

**समाज जागरण**

चंदौसी। एस.एम. कॉलेज चंदौसी के छात्र अभिषेक सिंह ने अंतर महाविद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जीता रजत पदक अंतर महाविद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में एस.एम. कॉलेज चंदौसी के प्रतिभावान छात्र अभिषेक सिंह ने उत्कृष्ट कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय का गौरव बढ़ा है, बल्कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिली है। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता के.जी.के. डिग्री कॉलेज, मुरादाबाद में 29 नवम्बर 2025 को सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अभिषेक सिंह ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया।



प्रतियोगिता में शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में एस.एम. कॉलेज चंदौसी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने अभिषेक को पदक पहनाकर सम्मानित किया। इसके अलावा डॉ. अजय प्रकाश ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रोफेसर दीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभिषेक सिंह प्रारंभ से ही एक होनहार और परिश्रमी खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अभिषेक महाविद्यालय के साथ-साथ जिला ओलंपिक संघ, सम्भल के आशू से भी प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप आज उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

# गन्ना भुगतान व परिवहन सुरक्षा को लेकर डीएम जसजीत कौर सख्त

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना मूल्य भुगतान एवं गन्ना ढुलाई में प्रयोग किये जा रहे वाहनों के नियमों के अनुसार संचालन से संबंधित चीनी मिल के प्रबंधकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी शुगर मिल अधिकारियों को निर्देशित किया कि गन्ने का परिवहन करने वाले ट्रक व ट्रालों के पीछे रिफिलेक्टर के साटन का बड़ा लाल कपड़ा अनिवार्य रूप से लगाएं ताकि दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम में कोहरा के दृष्टिगत ट्रकों के पीछे और दोनों साइड में रिफिलेक्टर टेप भी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी चीनी मिल प्रबंधकों को सचेत करते हुए कहा कि गन्ने का परिवहन करने वाला कोई भी वाहन बिना फिटनेस की सड़क पर नहीं चलना चाहिए यदि चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस के कोई वाहन संचालित पाया जाता है तो वाहन स्वामी के साथ-साथ मिल प्रबंधक के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी चीनी मिल प्रबंधक मिल पर गाना लाने वाले किसानों के लिए सर्दी के दृष्टिगत अलाव की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शेड का बंदोबस्त तथा पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने शुगर मिल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गन्ना परिवहन करने वाले वाहन चालकों के स्वास्थ्य एवं आंखों का परीक्षण करने के लिए समय-समय पर मेडिकल कैंपों का आयोजन करते रहें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने गन्ना भुगतान की समीक्षा करते हुए बिलाई शुगर मिल के प्रबंधक को कड़े निर्देश दिए कि अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाएं और वर्तमान गन्ना पैराई सत्र के अंतर्गत किसानों को गन्ना मूल्य के भुगतान में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत उत्पन्न न होने पाए तथा किसानों को उनके गन्ना मूल्य का भुगतान शत प्रतिशत रूप से समय पूर्वक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में केवल बिलाई शुगर मिल द्वारा गन्ना किसानों को समयपूर्वक गन्ना मूल्य भुगतान न होने के कारण जिला प्रशासन के सामने कठिनाईयां उत्पन्न होती हैं, यह स्थिति किसी भी अवस्था में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिजनौर एवं चांदपुर सहित सभी चीनी मिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गन्ना मूल्य का भुगतान करने मैं अनावश्यक रूप से विलंब न करें और प्राथमिकता के आधार पर किसानों को उनके गन्ना मूल्य का यथाशीघ्र भुगतान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर में जिला गन्ना अधिकारी एन पी सिंह सहित जिले में स्थापित सभी चीनी मिलों के अधिकारी प्रबंधक मौजूद थे।

# मोक्षदा एकादशी पर पंचकोसी परिक्रमा की तैयारियों का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**समाज जागरण**

कासगंज। मोक्षदा एकादशी के अवसर पर आयोजित होने वाली पंचकोसी परिक्रमा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने सोमवार को परिक्रमा क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और व्यवस्था बेहतर बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने नाव में बैठकर परिक्रमा मार्ग, घाटों और नदी तट की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था, घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, शौचालय व्यवस्था, चेंजिंग रूम, साधु कैंप, खोया-पाया केंद्र, सांकेतिक बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे, हाई मास्ट लाइट, चिकित्सा कैंप तथा गोताखोरों की तैनाती सहित सभी इंतजामों को संतोषजनक पाया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित रखी जाए, ताकि वाहनों एवं आमजन के आवागमन में कोई बाधा न आए। उन्होंने एम्बुलेंस व्यवस्था में भी पूर्ण तत्परता बरतने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी संजीव कुमार, क्षेत्राधिकारी कासगंज आंचल चौहान, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सोरों सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने आश्वस्त किया कि पंचकोसी परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएँगी।

# सिढ़पुरा में आयोजित रक्फ़मतदाता पुनरीक्षण कैंप, प्रभारी राकेश राजपूत व जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने किया संबोधित

**समाज जागरण**

कासगंज। मतदाता जागरूकता और पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से सिढ़पुरा के डॉ. वाहिद अली, नगर अध्यक्ष के कार्यालय पर रक्फ़ मतदाता पुनरीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी, फिल्म अभिनेता लोधी राकेश राजपूत तथा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने कार्यकताओं को संबोधित किया।



प्रभारी राकेश राजपूत ने कहा कि रक्फ़फॉर्म भरने के कार्य में गति लाने के लिए कार्यकताओं को टोली बनाकर घर-घर जाकर फार्म भरवाना चाहिए और उन्हें तत्काल जमा कराना चाहिए ताकि अधिक से अधिक नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने इस कार्य को पार्टी संगठन की प्राथमिकता बताया।

जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता बी.एल.ए. है, इसलिए सभी कार्यकर्ता रक्फ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूर्ण मनोयोग से जुट जाएँ। उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी आठ दिनों के भीतर इस कार्य को लक्ष्य के रूप में पूरा किया जाए।

कैंप में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव, नगर अध्यक्ष डॉ. वाहिद अली, मौ. आरिफ खान, निजाम खान सभासद, दिलदार मियाँ, नाज़िम बरकाती, शहवाज हुसैन, गुड्डन भाई, अनीस अहमद, अजमेरी अल्वी, अकरम अल्वी, गुलफाम, जब्बार कुरैशी, सत्यवीर बाल्मीकि, डॉ. अवनीश यादव, मौ. असलम, लाइक अहमद, शमसुद्दीन, टिंकू अल्वी, राजू वारसी, अमीरुद्दीन सैफी, अनुज यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कैंप में कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि अधिकतम मतदाताओं को पुनरीक्षण प्रक्रिया से जोड़कर अभियान को सफल बनाया जाएगा।

# गीता मात्र वृद्धावस्था में पढ़े जाने वाली पुस्तक नहीं है– प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार

**समाज जागरण**

चंदौसी। रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी के तत्वधान में श्रीमद् भगवत गीता जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर पुष्पार्चन करने के उपरांत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने कहा की गीता मात्र वृद्धावस्था में पढ़े जाने वाली पुस्तक नहीं है अपितु जीवन के हर संग्राम में हर मोड़ पर एक नया प्रकाश देने वाला अद्भुत दीपक है। गीता के कर्म योग पर विशेष बल देते हुए प्राचार्य ने कहा कि सभी को फल की चिंता किए बिना अपने लक्ष्य पर केंद्रित होकर कर्म की दिशा में लगे रहना चाहिए; ईश्वर हमें हमारे कर्मों के अनुसार फल अवश्य देते हैं। डॉ राम



अधार सिंह यादव, संयोजक, रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब ने श्रीमद् भगवत गीता बताए गये विभिन्न योगों पर प्रकाश डालते हुए सभी को एक योगी का जीवन जीने की प्रेरणा दी। डॉ अनुराधा, अंग्रेजी विभाग, ने कृष्ण और अर्जुन से संबंधित कथाएं विद्यार्थियों को सुनते हुए कृष्ण जैसी दिव्यता एवं श्रेष्ठता और अर्जुन जैसी एकाग्रता को विद्यार्थी जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। डॉ. स्तुति वशिष्ठ विभाग अध्यक्ष, बी. एड. ने शिक्षा एवं जीवन में भगवान कृष्ण के उपदेशों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. विशेष कुमार पाण्डेय ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा गीता के उपदेशों का समावेश प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ नेहा शर्मा, डॉ ज्योति, अशोक पाराशरी, तरुण शंकर आदि का विशेष रूप से योगदान रहा।

# बुजुर्ग शायर अजीज नहटौरी की किताब का विमोचन

## पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी ने काव्य गोष्ठी भी आयोजित की

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। बिजनौर मार्ग पर स्थित बंधन बैंकट हॉल में शनिवार की देर शाम मशहूर बुजुर्ग शायर अजीज नहटौरी की किताब का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पब्लिक लिटरली एंड कल्चर सोसाइटी द्वारा एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई नामचीन शायरों ने शिरकत की।



कार्यक्रम का संचालन फाकिर अदीब व हाफिज इताअत ने किया। बिजनौर शहर की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. निरुपमा चौधरी ने शमा रोशन कर नशिस्त का आगाज किया। सहर नसीम ने अल्लामा इकबाल की मशहूर नज्म 'लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी' प्रस्तुत की।

इसके बाद विभिन्न शहरों से आए मशहूर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। इनमें हसन काजमी (लखनऊ), खुर्शीद हैदर (मुजफ्फरनगर), नदीम शाद देवबंदी, सुधीर तन्हा, जमाल फहमी, डॉ. निरुपमा चौधरी, निकहत अमरोहवी, बदरुद्दीन जिया और नफीस अंजुम शामिल रहे।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद हाशिम एडवोकेट, काजी अकील अहमद, मंडावर नगर पंचायत अध्यक्ष आसिफ शान, गिजाल मेंहदी, हाजी अब्दुल कादिर, काजी जमाल नासिर,डॉक्टर निष्मा,डॉक्टर आयशा,डॉक्टर मुजम्मिल,जाहिदा जमन,शिरीन तलअत, हाजी आदिल इंजीनियर जुहैब, डॉ. शोएब, एडवोकेट शादाब जमन, नसीम अहमद, खुर्रम अहमद, एडवोकेट फराज हैदर जैदी, कमल खान और शाहनवाज,आरिफ हुसैन,आसिफ उस्मान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजद रहे।

# नेशनल परिवार एकता संगठन में नई ऊर्जा का संचार कमरुद्दीन बने जिला महासचिव, मुखिया कार्यालय

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़ में हुआ भव्य स्वागत नेशनल परिवार एकता संगठन ने जिले में अपनी कार्यशैली और मजबूती को एक नया आयाम देते हुए सक्रिय समाजसेवी कमरुद्दीन को जिला महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति की घोषणा के बाद उनका मुखिया कार्यालय अफजलगढ़ में समारोहपूर्वक और उत्साह से भरपूर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहम्मद कफील सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने कमरुद्दीन को माल्यार्पण कर उन्हें संगठन का अभिन्न हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद ने इस अवसर पर कहा कि कमरुद्दीन का संगठन से जुड़ना हमारे लिए गौरव की बात है। उनकी कर्मठता, जज्बा और समाज के प्रति समर्पण जिला इकाई को नई दिशा और मजबूती देंगे। वहीं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहम्मद कफील ने कहा कि संगठन हमेशा सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों और मानव सेवा के लिए आगे रहता है, और कमरुद्दीन जैसे निष्ठावान व्यक्तित्व का जुड़ना संगठन की शक्ति में नई चमक जोड़ता है।

कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों और सदस्यों ने विश्वास जताया कि कमरुद्दीन अपने अनुभव और समर्पण के बल पर जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और समाजहित के कार्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। मुखिया कार्यालय में हुए इस स्वागत समारोह में सौहार्द, उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता की झलक साफ दिखाई दी।

# कासगंज में पंचकोसी परिक्रमा की तैयारियाँ तेज, डीएम व एसपी ने किया मार्ग का निरीक्षण

**समाज जागरण**

कासगंज। सोरों में मोक्षदा एकादशी के अवसर पर आयोजित पंचकोसी परिक्रमा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी कासगंज प्रणय सिंह तथा पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने रविवार को परिक्रमा मार्ग का व्यापक निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, ड्रोन कैमरों से निगरानी, चिकित्सा कैंप, पेयजल व्यवस्था, रूट डायवर्जन सहित सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग पर हर व्यवस्था दुरुस्त रहे और आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था एवं निरंतर निगरानी रखने पर भी जोर दिया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोरों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उधर, अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार ने मेला मार्गशीर्ष ग्राउंड का दौरा कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की तैयारियों का जायजा लिया। एएसपी ने पुलिसकर्मियों को पूर्ण मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

पंचकोसी परिक्रमा को सुचारू, सुरक्षित और सफल बनाने के लिए प्रशासन की पूरी टीम लगातार सक्रिय है।

# मार्गशीर्ष मेला 2025 का वैदिक मंत्रोच्चार व महाआरती के साथ भव्य शुभारंभ

**समाज जागरण**

कासगंज। तीर्थनगरी सोरों में पौराणिक एवं ऐतिहासिक मार्गशीर्ष मेला–अमृत कुंभ 2025–का आज सायंकाल वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन और माँ गंगा की महाआरती के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने फीता काटकर मेले का औपचारिक उद्घाटन किया। हरि की पौड़ी आकर्षक रोशनी, लेजर शो और आतिशबाजी से जगमगाती नजर आई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक उत्साह से भर गया।



उद्घाटन से पूर्व मंत्री ने मां गंगा की महाआरती में भाग लिया और क्षेत्राधीश भगवान वराह के दर्शन कर पूजन किया। उन्होंने कहा, ह्लसोरों तीर्थ की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक परंपरा पूरे प्रदेश की धरोहर है। सरकार मेले को सुचारु, सुरक्षित और भव्य रूप से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां की सुविधाओं को लगातार बेहतर किया जाएगा।

सदर विधायक ने कहा कि मार्गशीर्ष मेला तीर्थनगरी की सांस्कृतिक पहचान है, जहां विभिन्न संस्कृतियों का संगम होता है। विधान परिषद सदस्य रजनीकांत महेश्वरी ने कहा कि सोरों की यह भूमि सभी के लिए समान है और यहां का आध्यात्मिक वातावरण अद्वितीय है।

नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल मेहरे ने भगवान वराह की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि तीर्थ का अस्तित्व ही भगवान वराह के कारण संभव है।

**प्रशासन पूरी तरह सतर्क**

जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने कहा कि मेले में पुलिस और प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, एएसपी सुशील कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने भी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

कार्यक्रम में सदर विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, विधायक हरिओम वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा, अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और भक्त शामिल रहे।

मार्गशीर्ष मेला 2025 की शुरूआत भक्तिमय और भव्यता के साथ हुई, जिसे देखने के लिए हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संभल। श्री कल्कि धाम ऐचोड़ा कम्बोह में श्री कल्कि महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

विकासखण्ड असमोली के श्री कल्कि धाम ऐचोड़ा कम्बोह में आज से श्री कल्कि महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। महोत्सव के अंतर्गत अनंतश्री विभूषित रामानंदाचार्य तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण परम पूज्य रामभद्राचार्य जी महाराज के पावन मुखारविंद से विश्व की प्रथम श्री कल्कि कथा का



प्रारंभ हुआ, जो 1 दिसंबर से 7 दिसंबर 2025 तक आयोजित की जाएगी। उद्घाटन अवसर पर जूना अखाड़ा के स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज, श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, मुरादाबाद मंडल के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया तथा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने एकाग्र भाव से प्रथम दिवस की श्री कल्कि कथा का श्रवण किया। कथा के पश्चात भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए। ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित यह महोत्सव क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का केंद्र बना हुआ है।

# छोटा हाथी बना आग का गोला चालक ने कुदकर बचाई जान

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मडावर। समान भर कर ला रहे छोटे हाथी मै अचानक से आग लग गई चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।



सोमवार की दोपहर को चालक नीमी अहमद कस्बा मंडावर निवासी अपने छोटे हाथी में पुट्टी के कट्टे भर कर लेकर आ रहा था। जैसी वह मंडावर गैस एजेंसी के सामने पहुंचा तो अचानक छोटा हाथी में आग लग गई। आग लगती देख आसपास के दुकानदारों में अपरा तफरी मच गई। किसी तरह चालक ने छोटा हाथी में से कूद कर अपनी जान बचाई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ओर पूरा वाहन जल गया। चालक नीमी अहमद ने समय रहते कूद कर अपनी जान बचाई। गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के सटीक कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

# ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर उत्कृष्ट प्रदर्शनः कासगंज लगातार बनी प्रदेश की नंबर-1 जिला

**समाज जागरण**

कासगंज। डिजिटल सेवाओं के कुशल क्रियान्वयन में कासगंज जिले ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल की है। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऑनलाइन प्रमाणपत्रों के निस्तारण में जनपद कासगंज ने नवंबर 2025 माह में भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी प्रणय सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन की तत्परता और डिजिटल सेवाओं को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

**ई-डिस्ट्रिक्ट योजना—शासन की प्राथमिकता**

ई-डिस्ट्रिक्ट योजना उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख डिजिटल पहल है, जिसके तहत जाति, आय, निवास, जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र सहित कई प्रकार की नागरिक सेवाएँ ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाती हैं। शासन स्तर पर इन सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है ताकि सभी नागरिकों को पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएँ मिल सकें।

**नवंबर 2025 में कासगंज का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंसुल माहेश्वरी के अनुसार, नवंबर 2025 की राज्य स्तरीय रिपोर्ट में कासगंज ने शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। जिले में नवंबर माह के दौरान कुल 37,452 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 35,301 आवेदनों का समय पर निस्तारण किया गया। 94.26 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ कासगंज प्रदेश में प्रथम स्थान पर कायम है।

जिले की इस उपलब्धि से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं दक्षता को नई मजबूती मिली है। जनपद लगातार डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है।

# महिला हिंसा के विरुद्ध द्वितीय चरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## इनिशिएटिव फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी**

लखनऊ, इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया द्वारा महिला हिंसा (श्अह) की पहचान, रोकथाम और कानूनी सहायता पर द्वितीय चरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन, करीमाबाद, ब्लाक -काकोरी, मोहान रोड (लखनऊ) में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संपन्न हुआ।




इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को हिंसा के विभिन्न रूपों, कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन, डिजिटल सुरक्षा और सामुदायिक नेतृत्व की भूमिका के बारे में जागरूक करना था, ताकि वे अपने समुदाय में हिंसा के विरुद्ध मजबूत आवाज उठाने में सक्षम बन सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री वीरेंद्र त्रिपाठी ने महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, PWDVA, कानूनी सहायता प्रक्रिया और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा अधिकारों की जानकारी ही महिला हिंसा के विरुद्ध सबसे बड़ी शक्ति है। संस्थान के निदेशक श्री अमित ने कहा द्वितीय चरण यह दशार्ता है कि समुदाय में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। जब महिलाएँ संगठित होती हैं, तो हिंसा के खिलाफ आंदोलन और भी प्रभावी बनता है।

सामाजिक कार्यकर्ता हिना ने महिला सहायता हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए कहा महिलाओं को हिम्मत के साथ आगे आना चाहिए। हर पीड़िता के लिए तंत्र और कानून मौजूद हैं जरूरत है जागरूकता और साहस की।

इस प्रशिक्षण में लगभग 60 महिलाओं ने भाग लिया। इसमें सामुदायिक नेता, आशा बहु, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ और संस्था की टीम–हेमा यादव, पूजा शर्मा, वर्तिका, आकांक्षा, पुष्पा, सना, कशिश, रौनक, मानसी, दिव्यांशी, शगुन शामिल रहीं।

कार्यक्रम में हिंसा की पहचान, डिजिटल सुरक्षा, रोकथाम के उपाय, नेतृत्व कौशल और समुदाय में जागरूकता की रणनीति पर विशेष चर्चा हुई। प्रशिक्षण का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्र में महिला हिंसा के विरुद्ध जागरूकता और सशक्तिकरण का कार्य आगे बढ़ाएँगी।

## दो बाइकों की भिड़ंत में ज्वेलर्स व्यापारी की मौत परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) थाना क्षेत्र के कस्बा एलम बाईपास मार्ग पर देर रात्रि दो बाइकों की भिड़ंत हो गई, पल्सर बाइक सवार ज्वेलर्स व्यापारी की मौके पर ही दर्दनाक है मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर पंचनामा भरते हुए पीएम के लिए भेज दिया पुलिस अन्य बाइक चालक की तलाश में जुटी हुई है। कस्बा कैराना निवासी 40 वर्षीय ज्वेलर्स व्यापारी विकास पुत्र ओमप्रकाश अपनी पल्सर बाइक पर सवार होकर देर रात्रि किसी कार्य से थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आया हुआ था। बाइक सवार व्यापारी जैसे ही क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर



पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे अन्य बाइक से टक्कर हो गई।पल्सर बाइक सवार व्यापारी जमीन पर जा गिरा और मौके पर ही तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक व्यक्ति की जेब में मिले आधार कार्ड से पहचान कर जानकारी परिजनों को दी। मौके पर व्यापारी के परिजन भी पहुंच गए और शव को देखकर कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अन्य बाइक चालक अपनी क्षतिग्रस्त बाइक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने क्षतिग्रस्त हरियाणा नंबर की बाइक कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।मृतक व्यापारी के भाई अमित ने बाइक नंबर के आधार पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है। अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी पर दुष्कर्म का आरोप, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पड़ोसी युवक पर होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए दोबारा से संबंध नहीं बनने पर वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने सोमवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोस के युवक के साथ पीड़िता की दो वर्ष पूर्व दोस्ती हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी कई महा पूर्व उसे बागपत के कस्बा बड़ौत के होटल में ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी ने दुष्कर्म का वीडियो बनाकर अपने मोबाइल के कमरे में कैद कर लिया। आरोप है कि उसके बाद से आरोपी युवक लगातार उसे ब्लैकमेल करते हुए वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता रहा और दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी आरोप है कि वह अपने घर के बाहर नल से पानी भर रही थी।

तभी दो युवक आए और पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपी के पिता ने उसके पिता को थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में बुलाया और कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित महिला ने आरोपी सहित कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पति सहित ससुरालियों ने विवाहिता के साथ की मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव डुन्डूखेडा निवासी एक विवाहिता के साथ पति सहित ससुराल के लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर घर से निकाल दिया पीड़ित महिला ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव डुन्डूखेडा निवासी महिला विन्ध्या, पत्नी विजेंद्र सिंह ने बताया कि उसका पति और ससुराल वाले आए दिन मामूली कहासुनी एवं पीड़िता को छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित करते रहते हैं। आरोप है कि सोमवार को पति सहित ससुराल के कई लोगों ने मिलकर पीड़िता के साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया और धक्के देकर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पति सहित कई लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले की छानबीन ने शुरू कर दी है।

## राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण कांधला।**

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस के अवसर पर रेंजर्स विभाग द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने आकर्षक और ज्ञानवर्धक पोस्टर बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जैनब, द्वितीय स्थान महक, तृतीय स्थान साहिबा ने प्राप्त किया।प्रतियोगिता का सफल संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता त्यागी द्वारा किया गया।इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना, मिशन शक्ति फेज-5 एवं रेंजर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा और भेदभाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गृह विज्ञान प्रभारी सीमा सिंह ने छात्राओं को लिंग हिंसा एवं भेदभाव के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंसा एक वैश्विक समस्या है, जिसे खत्म करने के लिए महिलाओं को सशक्त और जागरूक होना आवश्यक है। मानसिक, शारीरिक और यौन उत्पीड़न सभी हिंसा के रूप हैं, जिनसे निपटने के लिए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहना होगा और उचित परामर्श लेना होगा।कार्यक्रम में डॉ. श्याम बाबू एवं डॉ. अंकिता त्यागी भी उपस्थित रहे।

## तीन भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी नहीं होने पर भय का माहौल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में तीन दिन पूर्व स्मैक तस्कर के द्वारा अपने भाइयों के साथ मिलकर किए गए ग्रामीण के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर पर तीन नामजद एक अज्ञात के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया है तीन दिन बीत जाने पर भी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी इमरान पुत्र इरशाद को कैराना पुलिस ने लगभग एक माह पूर्व मादक पदार्थ स्मैक सहित गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया था। जमानत पर आने के बाद आरोपी फिर से गांव गढ़ी दौलत में स्मैक तस्करी कर रहा है। आरोपी तस्कर को शक है कि पड़ोसी मेहरबान पुत्र लियाकत ने पुलिस से स्मैक तस्करी की मुखबरि की है। शक के आधार पर आरोपी ने विगत शनिवार की देर शाम घर पर बैठे पीड़ित ग्रामीण पर आरोपी तस्कर ने अपने भाई इशरान एवं इमलाक सहित अज्ञात के साथ मिलकर धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया था। परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने घायल ग्रामीण मेहरबान के भाई कुर्बान की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना को तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपीयों की गिरफ्तारी नहीं कि पीड़ित ग्रामीण व उसके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया है जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सिक्का पेपर मिल में विद्यार्थियों ने समझा उद्योग, तकनीक और पर्यावरण संरक्षण का महत्व

-एक्सप्लोर शामली विद बी.एस.एम. सत्र के तहत कराया गया औद्योगिक भ्रमण

**समाज जागरण**

शामली। एक्सप्लोर शामली विद बीएसएम सत्र के अंतर्गत सोमवार को विद्यार्थियों को सिक्का पेपर मिल का औद्योगिक एवं शैक्षिक भ्रमण कराया गया। यह दौरा छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक साबित हुआ, जिसमें उन्होंने उद्योगों की कार्यप्रणाली, पुनर्चक्रण तकनीक और पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक स्वरूप को निकट से समझा। पेपर मिल में छात्रों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि किस प्रकार विभिन्न प्रकार के वेस्ट पेपर, गत्ता और अन्य अपशिष्ट सामग्री को आधुनिक तकनीक से उच्च गुणवत्ता वाले पेपर में परिवर्तित किया



जाता है। फैक्ट्री की खास बात यह रही कि उत्पादन प्रक्रिया में पानी को प्रदूषित किए बिना आधुनिक तकनीक से शुद्ध कर पुनः उपयोग में लाया जाता है। शुद्ध पानी से टरबाइन चलाकर फैक्ट्री अपनी खुद की बिजली भी तैयार करती है, जिससे पूरा प्लांट बिना बाहरी सप्लाई के स्वयं संचालित होता है। छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण की इस नवीन प्रणाली से भी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। इसके बाद विद्यार्थियों को समीपस्थ दूसरी इकाई का भ्रमण कराया गया, जहां तैयार पेपर से कैरी बैग, पैकेजिंग सामग्री और अन्य उत्पाद बनाए जाते हैं। छात्रों ने प्रिंटिंग, कटिंग, लेबलिंग और पैकिंग सहित पूरी मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया को विस्तार से देखा और औद्योगिक उत्पादन के व्यावहारिक पक्षों को समझा। मौके पर प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सीखना केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर दिशा देने वाली समझ ही वास्तविक शिक्षा है।

## सुख-दुख का मूल कारण बाहरी चेतना, आत्मानुभव ही देता है वास्तविक शांति

-दिगंबर जैन धर्मशाला में प्रवचन, अनेक धार्मिक विधानों का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। शहर के जैन धर्मशाला में सोमवार को आचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए जीवन की चार अवस्थाओं तथा आत्मिक उन्नति पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीव अनादि काल से सुख-दुख के चक्र में भटकता रहा है। नरक गति में दुख की प्रधानता होती है, जबकि मनुष्य गति तुलनात्मक रूप से सुखद है, फिर भी मनुष्य पूरी तरह सुखी नहीं है। मनुष्य के पास आत्म-कल्याण का सर्वोत्तम अवसर है, जबकि देवगति में केवल शारीरिक और क्षणिक सुख उपलब्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक सुख इंद्रिय भोगों से परे है। शारीरिक सुखों में लिप्त व्यक्ति आत्मा की ओर नहीं बढ़ सकता। आत्मा की चर्चा अलग बात है, लेकिन उसका अनुभव करना श्रेष्ठ और दुर्लभ साधना है। प्राचीन काल में अनेक मुनिराज बिना शब्द-ज्ञान के भी आत्मसाक्षात्कार कर लेते थे, जबकि आज अगाध शास्त्रीय ज्ञान होने पर भी सच्चा अनुभव दुर्लभ है। आचार्य श्री ने आगम के वास्तविक अर्थ पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आप्त आचार्य, गणधर और मुनि द्वारा प्रतिपादित सत्य है। केवल ऊपरी ज्ञान या पाठ करने से उसका सार नहीं समझा जा सकता। उन्होंने कहा कि दुख का मूल कारण हमारी बाहरी चेतना और दिखावे की प्रवृत्ति है। दूसरों को खुश करने की कोशिश व्यर्थ है, क्योंकि हमारे सुख-दुख का कारण कोई दूसरा नहीं, बल्कि हम स्वयं हैं। बाहरी पदार्थों में सुख या दुख नहीं होता। हमारा दृष्टिकोण ही उसे सुखद या क्लेशकारी बनाता है। यही कारण है कि नई वस्तु थोड़े समय आनंद देती है और फिर उबाऊ लगने लगती है। उन्होंने कहा कि पारसनाथ भगवान को केवल ज्ञान इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने उपसर्गों का कारण स्वयं को माना, किसी बाहरी शक्ति को नहीं। इस अवसर पर विनोद जैन, अनीता जैन, नीलम जैन, श्रीपाल जैन, डॉ. अनीता जैन, दीपा जैन, निशु जैन, मुन्नी देवी जैन, मनीषा जैन, नीलम जैन, नीरज जैन आदि मौजूद रहे।

## चौधरी चरण सिंह जयंती पर होगी चित्रकला प्रतियोगिता

-आर्य जाट महासभा ने की तैयारियों की समीक्षा

**समाज जागरण**



शामली। आर्य जाट महासभा शामली की कार्यकारिणी एक की बैठक भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में आयोजित की गई। महासभा के अध्यक्ष सुनील निर्वाल ने बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 दिसंबर को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष में जाट भवन पर यज्ञ, हवन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जयंती कार्यक्रम के तहत जनपद के पांचों विकास खण्डों में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता कराई जाएगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 23 दिसंबर को जाट भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था के लिए आर्य जाट महासभा के उपाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति में श्रवण कुमार, विपिन गोहरनी, अभय दीप राणा और नितिन वर्मा को सदस्य बनाया गया है। बैठक में बाबूराम पंवार, राजकुमार खोडसमा, दिव्य प्रभाकर, नरेश मलिक, ओमपाल सिंह निर्वाल, अभयदीप राणा, श्रवण कुमार, मास्टर रामपाल सिंह, नितिन वर्मा, संजीव प्रधान और डॉ. ओमपाल सिंह मौजूद रहे।

## युवा उद्यमी लोन मंजूर न होने पर आवेदक ने डीएम से लगाई गुहार

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत आवेदन करने वाले ग्राम कुरमाली निवासी ग्रामीणों ने यूनियन बैंक शाखा चूनसा के बाहर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने बैंक शाखा प्रबंधक व क्षेत्रीय अधिकारी पर लोन पास न करने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायती की है। सोमवार को किसान नेता विदेश मलिक, भाकियू युवा जिलाध्यक्ष प्रभात मलिक के नेतृत्व में आवेदनकर्ता शादाब खान ने यूनियन बैंक शाखा चूनसा के शाखा प्रबंधक व क्षेत्रीय अधिकारी पर लोन पास न करने का आरोप लगाते हुए बैंक के बाहर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनकका कहना है कि उसने करीब चार माह पूर्व योजना के तहत लोन के लिए आवेदन किया था और बैंक द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज समय से जमा करा दिए थे। बावजूद इसके न तो शाखा प्रबंधक सुनील कुमार और न ही क्षेत्रीय अधिकारी अंकित श्रीवास्तव द्वारा उसके आवेदन पर कोई कार्रवाई की गई। शादाब खान का आरोप है कि कई बार बैंक शाखा चक्कर लगाने के बाद भी उसे केवल आश्वासन ही मिला। कभी 15 दिन, तो कभी एक महीने का समय देकर फाइल लंबित रखी गई। डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि अधिकारियों के व्यवहार से वह अत्यंत परेशान है और रोजगार के लिए आवश्यक इस लोन को मंजूर कराने हेतु भटक रहे है। उन्होने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली व कार्यक्रम आयोजित

-सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर निकाली रैली, विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सोमवार को शहर के माजरा रोड स्थित एनसीसी बटालियन में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरूकता रैली को सीएमओ डा. अनिल कुमार व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनोद कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को एड्स की रोकथाम, जागरूकता और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमओ ने बताया कि विश्व एड्स दिवस 1988 से प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों में एचआईवी, एड्स की रोकथाम, उपचार एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि एड्स का पूर्ण नाम एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम है, जो एचआईवी के संक्रमण से होता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि जनपद में समय-समय पर जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि लोग इस बीमारी से संबंधित सच्चाई जान सकें और इलाज में देरी न करें। उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें मानसिक सहयोग एवं सम्मान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में आईसीटीसी केंद्र स्वास्थ्य संस्थानों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध हैं, जहां निशुल्क एचआईवी जांच और काउंसलिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। मौके पर एनसीसी अधिकारी सीपी भदौला, कर्नल राघवेंद्र सिंह, पीपीएम कोऑर्डिनेटर शबी आजम, टीबी-एचआईवी कोऑर्डिनेटर विपिन गुप्ता, डीईओ रवि कुमार, मैनेजर अजीत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब, मरीज परेशान

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) जिला अस्पताल में पिछले तीन दिनों से एक्सरे मशीन खराब होने से मरीजों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। सोमवार को देहरादून से एक्सरे मशीन के टैक्निशियन मशीन को ठीक करने के लिए पहुंचे, लेकिन ट्यूब हैड खराब होने के कारण अभी मशीन को ठीक होने के दो से तीन दिनों का समय और लग सकता है। गत शनिवार दोपहर करीब एक बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय की एक्सरे मशीन अचानक खराब हो गई थी। मशीन के खराब होने के कारण मरीजों के बीच में ही बिना एक्सरे कराये लौटना पडा था। अब मरीजों को उम्मीद थी कि रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को एक्सरे मशीन ठीक हो जायेगी और उनको राहत मिल सकेगी, लेकिन सोमवार को देहरादून से पहुंचे मशीन के टैक्निशियन ने जांच की तो पता चला कि मशीन का ट्यूब हैड खराब हो गया है। जिसको या तो देहरादून से मगवाया जायेगा फिर चंढीगढ से लाना होगा। जिसके बाद ही एक्सरे मशीन चल पायेगी। टैक्निशियन ने बताया कि जिला अस्पताल में रखी मशीन 110 एमए की है, जिस पर सिर्फ दिन में 20 एक्सरे की किए जा सकते है, लेकिन यह मशीन एक दिन में 100 से अधिक एक्सरे कर रही है, जिस कारण इसका ट्यूब हैड खराब हुआ है। जिला अस्पताल में 500 एमए की मशीन की आवश्यकता है। अभी मशीन को ठीक होने से दो से तीन दिनों का समय लग जायेगा।

## इंटरनेट ठप होने से जिला अस्पताल की सेवाएं प्रभावित

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) सोमवार को जिला अस्पताल में इंटरनेट कने क्टिविटी ठप होने के चलते मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नेटवर्क न होने से अस्पताल की अधिकांश ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित रहीं। रजिस्ट्रेशन काउंटर बंद होने के कारण नए मरीजों का पंजीकरण नहीं हो सका।

सोमवार को रविवार के एक दिन के अवकाश के बाद जिला अस्पताल खुला तो मरीजों की भीड़ उमड़ पडी। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों की लाईने लगी रही, लेकिन जिला संयुक्त चिकित्सालय में लगे इंटरनेट की कनेक्टिविटी ठप रहने से रजिस्ट्रेशन नही हो सकी। घंटों प्रयास के बाद भी जब रजिस्ट्रेशन नही हुए तो ऑफ लाईन खिडकी चालू कराई गई। मजबूरी में अस्पताल प्रशासन को ऑफलाइन व्यवस्था लागू करनी पड़ी, लेकिन केवल एक खिड़की से रजिस्ट्रेशन किए जाने के कारण लंबी लाइनों में मरीज घंटों खड़े रहे। भीड़ बढ़ने से बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कतें झेलनी पड़ीं। बुर्जुग लंबी लाईने में खडे रहे। इंटरनेट बंद होने का असर लैब सेवाओं पर भी पड़ा। लैब में होने वाली सभी जांचें रुक गईं, जिससे सैंपल लेने व रिपोर्ट जारी करने का कार्य ठप रहा। कई मरीज जांच न होने के कारण मायूस होकर लौट गए। मरीजों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन को वैकल्पिक व्यवस्था पहले से रखनी चाहिए ताकि इस तरह की स्थिति में परेशानी न हो। वहीं सीएमएस डा. किशोर आहुजा ने कहा कि तकनीकी समस्या दूर होते ही सभी सेवाएं सामान्य कर दी जाएंगी।

## शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत करने के लिए पालिका ने शुरू की हाइड्रोलिक ई-रिक्शा सेवा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग )सोमवार को नगर पालिका ने 25 हाइड्रोलिक ई-रिक्शाओं को साफ-सफाई कार्य के लिए शुरू किया है। चेयरमैन अरविन्द संगल व ईओ विनोद कुमार सोलंकर ने उक्त हाइड्रोलिक ई-रिक्शाओं का फीटा काटकर व हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि इन हाइड्रोलिक ई-रिक्शाओं के माध्यम से शहर की गली-गली



से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग उठाया जाएगा। नालियों की सफाई से निकली सिल्ट व गीला कूड़ा एक हिस्से में तथा घरों और प्रतिष्ठानों से एकत्र होने वाला सूखा कूड़ा अलग हिस्से में डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां पहले कूड़ा गाड़ी या ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं पहुंच पाती थी, वहां अब ये ई-रिक्शा आसानी से जाकर सफाई कर सकेंगी, जिससे शहर को अधिक स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने में मदद मिलेगी। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि ई-रिक्शा पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली पर आधारित हैं, जिनमें कम्प्यूटरीकृत मीटर लगे हैं। इनमें डीजल या प्रदूषण का कोई झंझट नहीं होगा। इन वाहनों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए साउंड सिस्टम भी लगाया गया है। इस अवसर पर सभासद हाजी साजिद, अरविन्द खटीक, अजय निर्वाल, प्रमोद जांगिड, डॉ. राजेन्द्र संगल, रामनिवास सैनी, विनोद तोमर, रोबिन गर्ग, संदीप कुमार, सलमान अहमद, सेठपाल, संजय उपाध्याय, डॉ. मनोज कुमार, गुलजार मंसूरी, इखलाक उर्फ कालू कुरैशी, पंकज गुप्ता, मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

**समाज जागरण**

शामली। मेरठ-करनाल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सोमवार को जनपद मुजफ्फरनगर के फुगाना निवासी जोनी पुत्र जयबीर अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से शामली आया था। बताया जाता है कि जब वह वापस अपने गांव लौट रहा था तो मेरठ-करनाल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वही आसपास मौजूद लोगों ने घायल को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

## शॉर्ट सर्किट होने से दुकान में लगी भीषण आग, भारी नुकसान

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के गांधी चौक स्थित फ्रूट की दुकान में देर रात्रि अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देर रात्रि दुकान से काला धुआ और आग की लपटते निकलती देख आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना दुकान मालिक को दी। दमकल विभाग की टीम ने घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया, लेकिन आग लगने से दुकान में रखा सभी सामान जलकर खाक हो गया।

शहर के पंजाबी कालोनी निवासी गगन पुत्र सतनात की शहर के गांधी चौक में लावली फ्रेश फ्रूट के नाम से फलों की दुकान है। बताया जाता है कि गगन देर रात्रि करीब 8 बजे दुकान बंद कर घर गय था। जब वह सो रहा था तो रात्रि करीब 12 बजे उसको दुकान के पडौसियों ने फोन कर सूचना दी कि दुकान से काला धुआ और आग की लटपते निकल रही है। सूचना पर गगन व उसका भाई विशाल मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को जानकारी दी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पर पहुंची और घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया जा सका। रात्रि करीब 2 बजे आग पर काबू पाकर जब दमकल विभाग की टीम लौट गई थी तो अचानक एक बार फिर दुकान में आग लग गई। जिसके बाद टीम दोबारा पहुंची और भाई विशाल की दुकान से दीवार तोडकर आग पर काबू पाया जा सका। गगन ने बताया कि दुकान में करीब 70 हजार की नकदी, इंटवर्टर-बैटरा, फ्रिज, पंखा सहित करीब एक लाख रुपए के फल जलकर खाक हो गए। वही पडौसी भाई विशाल की दुकान में भी नुकसान हुआ है।

## पुलिस ने महिला की जान बचाई

**समाज जागरण**

कैराना। आत्महत्या के इरादे से यमुना पर जा रही महिला की पुलिस ने जान बचाई। नगर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी एक महिला गृहक्लेश के चलते यमुना नदी में आत्महत्या के इरादे से जा रही थी। तभी ब्रिज के पास पुलिस ने उसके हाव–भाव को देख जानकारी की। महिला ने बतायाकि वह आत्महत्या करना चाहती है। सूचना पर मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी व टीम ने महिला की काउंसिलिंग की। बाद में उसके पति को कोतवाली में बुलाकर उसे सुपुर्द कर दिया।


## अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती पर किया भगवत गीता का प्रचार- प्रसार



**समाज जागरण बागपत।**
अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर भू दृष्टि फाउंडेशन ने फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्षा कुसुम चौहान के प्रेरणादायक नेतृत्व में समाज में भगवद गीता के दिव्य संदेश का प्रसार करने के लिए एक विशाल और प्रेरणादायक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, फाउंडेशन ने लोगों को शारीरिक और आत्मिक शांति प्रदान करने के उद्देश्य से 108 श्रीमद् भागवत गीता जी वितरित की गई। कुसुम चौहान ने इस पहल के विषय में एक संदेश देते हुए कहा कि गीता जयंती हमें कर्म, धर्म और जीवन की वास्तविकता का बोध कराती है। गीता जी के 118 अध्याय में ज्ञान के वे केंद्र हैं जो आधुनिक जीवन की चुनौतियों से जूझ रहे हर व्यक्ति को आत्मिक बल प्रदान करते है क्योंकि गीता ही एकमात्र सच्चा मार्गदर्शक है। इस पहल के अतिरिक्त, फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने लोक सेवकों को उनके कर्तव्य के प्रति प्रेरित करने के लिए सरकारी कार्यालयों और ग्रामीण विकास में योगदान देने हेतु ग्राम पंचायतों का दौरा किया और उन्हें पवित्र ग्रंथ भेंट किए। इसके साथ ही, स्वयंसेवकों ने डोर-टू-डोर (घर-घर) भेंट अभियान चलाकर, क्षेत्र के निवासियों को दैनिक जीवन में गीता के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे यह आयोजन धार्मिक और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में एक यादगार उदाहरण बन सके। इस धार्मिक कार्य में छपरौली ब्लॉक की ब्लॉक प्रमुख अंशु शेखर एडीओ आई एस बी विनोद कुमार बड़े बाबू नितिन कुमार ब्लॉक मिशन मैनेजर पूनम रेखा मंजू आदि सहयोगी रहे।

## समाज की भलाई के लिए कार्य करना ही सच्चा सत्संग : सविता अरोरा

**समाज जागरण बागपत।**
सुप्रसिद्ध समाज सेविका सविता अरोरा ने कहा कि आज स्थिति यह है कि यदि कोई संत-महात्मा सत्संग करता है, तो उसे एक प्रकार का व्यवसाय मान लिया जाता है। उनके कार्यक्रमों को समर्थन देने के लिए लाखों-करोड़ों लोग आगे आते हैं– चाहे वे उद्योगपति हों, नेता हों या आम जन। पर दुख की बात यह है कि इससे देश की जनता के जीवन में कोई ठोस बदलाव नहीं आता। सविता अरोरा ने कहा कि सत्संग मन की शांति से मिलता है और सकारात्मक सोच हमारी अपनी इच्छा और समझ से। भगवद्गीता, रामायण, सुंदरकांड–इन सभी में वह हर ज्ञान लिखा हुआ है, जिसे हम स्वयं पढ़कर अपने जीवन में उतार सकते हैं। जीवन की सच्चाई क्या है, छल-कपट क्या है–यह हर व्यक्ति भली भांति जानता है। पर दूसरी ओर, जो लोग देश की गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी खत्म करने के लिए काम



करते है,जो समाज की भलाई के लिए जुटे रहते है,जो किसी जरूरतमंद की शिक्षा, रोजगार या हुनर को आगे लाने की कोशिश करते है,उन्हें न तो वही सम्मान मिलता है, न ही समाज से उतना सहयोग। ऐसा क्यों। हमें समझना चाहिए कि हमारी मेहनत से कमाया गया धन कितना कीमती है। यदि हम अपनी कमाई का एक छोटा-सा हिस्सा भी उन कार्यों में लगाएं जो वास्तव में समाज को आगे बढ़ाते हैं,तो देश की गरीबी का बोझ कम हो सकता है, असमर्थ लोगों को सहारा मिल सकता है। बेरोजगार युवाओं को अवसर मिल सकता है और अनगिनत छिपे हुनर समाज के सामने आ सकते हैं। सच्चा सत्संग वही है,जहाँ मन की शांति के साथ-साथ समाज की भलाई की भी चिंता हो। जहाँ हम किताबों में लिखे ज्ञान को जीवन में उतारें और दूसरों के जीवन में रोशनी बनें। सविता अरोरा ने कहा कि यह बात मेरे मन में बहुत गहराई से उठी, इसलिए रोक नहीं पाई। यदि मेरी किसी बात से किसी को ठेस पहुँची हो या बुरा लगा हो, तो मैं हृदय से क्षमा मांगती हूँ।

## पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन का हुआ गठन, सत्या यादव बने चेयरमैन

**समाज जागरण बागपत।**
उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में गाजियाबाद पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की नई समिति का गठन किया गया। समिति में सत्या यादव को चेयरमैन व मोनू कुमार को सचिव के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। इसको लेकर बागपत के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। समिति की चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कविंदर चौधरी तथा पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के पावरलिफ्टिंग के चेयरमैन जितेन्द्र पाल सिंह ऑब्जर्वर के रूप में उपस्थिति रहे। नई समिति में सत्या



यादव को चेयरमैन, अर्जुन वीरवाल को अध्यक्ष, देवेन्द्र हितकारी को उपाध्यक्ष, डाक्टर रूचिका राज को कोषाध्यक्ष, मोनू कुमार को सचिव व राजेन्द्र यादव को सह सचिव चुना गया। समिति को औपचारिक रूप से दायित्व सौंपते हुए यह घोषणा की गई कि 3 दिसंबर 2025 को महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम, गाजियाबाद में प्रथम जिला पैरा एथलेटिक्स एवं पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी 20 एवं 21 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश स्टेट पैरा स्पोर्ट्स चौंपियनशिप में भाग लेंगे। गाजियाबाद पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से प्रोत्साहित करना और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराना है।

## माधव सरस्वती विद्या मंदिर में गीता जयंती पर शिक्षको को गीता भेंट की

**समाज जागरण बागपत।**
माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में गीता जयंती का पावन अवसर अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीश कुमार तथा वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा माँ सरस्वती और भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन से



हुआ। उद्घाटन के पश्चात विद्यालय के आचार्यों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के चयनित श्लोकों का उच्चारण किया गया। बच्चों ने भी समूह में श्लोक गान प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीता जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी शिक्षकों को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रति भेंट की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने कहा कि गीता मानव जीवन का मार्गदर्शक ग्रंथ है। इसमें कर्तव्य, संयम, सत्य, सेवा और सदाचार जैसे जीवन मूल्यों का अद्भुत संगम मिलता है। शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं, अतः गीता का ज्ञान उनके जीवन में प्रेरणा एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा गीता के प्रसंगों पर आधारित लघु नाटिका, कृष्ण-लीला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और भक्ति गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं।

## माता पिता की उपेक्षा करने वाले व्यक्ति का नहीं हो सकता कल्याण : सौरभ सागर

**समाज जागरण बागपत।**
संस्कारप्रणेता,ज्ञानयोगी,आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महामुनिराज ने श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में अतिथि भवन बडौत में आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि तुम्हारे माता पिता ही भगवान का रूप है। उनकी उपेक्षा मत करो। आचार्य श्री ने कहा कि आज के शिक्षित बच्चे अपने माता पिता का उतना आदर नहीं करते,उन्हें लगता है कि उन्होंने ज्यादा शिक्षा ली है,लेकिन उन्हें यह नहीं ज्ञात कि आज वे जहां भी पहुंचे है,अपने माता पिता की बदौलत ही। तुम्हारे माता पिता तुम्हारे लिए भगवान के समान ही पूजनीय है। कभी भी उनका दिल मत दुखाना।




आचार्य श्री ने कहा कि मोक्ष मार्ग को प्राप्त करने के लिए सम्यकदर्शन, सम्यकज्ञान,सम्यकचरित्र के रूप में तीन मार्गदर्शक हैं,जिसके देखने, समझने और तथा जानने से ही हमारा कल्याण संभव हैं।मोक्ष मार्ग पर चलने के लिए धैर्य की आवश्यकता नहीं है,संयम का भाव पल भर में ही प्रकट हो जाता है। सभा का संचालन अमित जैन द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि शाम को 5 बजे समाज द्वारा पंचकल्याणक के पात्र अंकुर जैन,राजेंद्र जैन और राहुल जैन का तिलक लगाकर सम्मान किया गया और मंगलाचार के अंतर्गत भक्ति संगीत के माध्यम से खुशी मनाई गई। सभा में पंकज जैन,अजय जैन काले ,प्रवीण जैन,अरविंद जैन मुन्ना सर्राफ,दिनेश जैन,राजकुमार जैन, सुखमाल जैन,राकेश जैन ,सतीश जैन ,प्रभात जैन,सौरभ जैन,कमल जैन,अंकुर जैन आदि उपस्थित थे।

## किसानों को ऋण देने के लिए 8 करोड़ 75 लाख का बजट पास

### गांधी की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति में सामान्य निकाय की हुई बैठक

**समाज जागरण बागपत।**
गांधी की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर सोमवार को सामान्य निकाय की बैठक हुई, जिसमें किसानों को ऋण देने के लिए 8 करोड़ 75 लाख का बजट निर्धारित किया गया। साथ ही किसानों को समिति में उर्वरक, खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में चेयरमैन चीनू शर्मा ने बताया कि समिति को तीन साल पूरे होने पर बड़ी बैठक की गई। किसानों को गत वर्ष का लाभ आगामी बैठक में देने का प्रस्ताव हुआ है। बताया कि समिति का अधिकतम दायित्व 8 करोड़ 75 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। समिति सदस्यों से समिति का बकाया



जल्द से जल्द जमा कराने की अपील की। किसानों की समस्या का जल्द निस्तारण किया जाएगा। समिति चेयरमैन चीनू शर्मा ने 201 किसानों को गर्म चादर और कैलेंडर वितरित किया। किसान नंदकुमार दीक्षित ने समिति पर समय पर यूरिया और उर्वरक उपलब्ध कराने और पिछले वर्ष किसानों से चार प्रतिशत अधिक लिए गए ब्याज को जल्द ही वापस दिलवाने की मांग की। इस मौके पर चौधरी रोहताश, विनोद, काशीराम, सुरेंद्र, शर्मा, बिल्लू, विनोद, कृष्ण आदि किसान मौजूद रहे।

## गन्ना सेंटर की दूरी को लेकर किसानों का हंगामा प्रदर्शन

**समाज जागरण**
शामली।( फुरकान जंग) गन्ना सेंटर की दूरी निर्धारण को लेकर सोमवार को क्षेत्र के गांव भैंसवाल निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने शामली कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने डीसीओ व मिल अधिकारियों को अपने बीच ही बैठा लिया और खरी खोटी सुनाई। उन्होने कहा कि प्रशासनिक सुविधा का भुगतान किसान नही करेगा।

सोमवार को क्षेत्र के गांव भैंसवाल निवासी दर्जनों किसान शामली कलक्ट्रेट पहुंचे। भैंसवाल के गन्ना किसानों में परिवहन किराया बढ़ाए जाने को लेकर भारी आक्रोश जाहिर किया और डीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार ने बताया कि गांव भैंसवाल की शामली शुगर मिल से दूरी जहां मात्र 9 किलोमीटर है, वहीं किसानों से 18.5 किमी का किराया वसूला जा रहा है। जिसको लेकर भैंसवाल का गन्ना सेंटर भी बंद रहा। इस दौरान किसानों के बीच पहुंचे डीसीओ रणजीत कुशवाहा,




शामली शुगर मिल अधिकारी किसानों से वार्ता करने का प्रयास किया, लेकिन किसान आक्रोशित दिखे और उन्होने उक्त अधिकारियों को अपने बीच ही बैठा लिया। किसानों ने बताया कि गांव भैंसवाल से माजरा रोड से होता हुआ सीधा रास्ता शामली शुगर मिल का है, लेकिन इसका रूट बढाते हुए जिला प्रशासन ने गोहरनी बाईपास, कलक्ट्रेट चौराहा, एसटी तिराहा, मेरठ रोड से होता हुआ निकाला, जो अनावश्यक है। किसानों का कहना है कि सरकारी दर 5.40 प्रति क्विंटल परिवहन किराया निर्धारित है, जबकि उनसे 11.04 प्रति क्विंटल तक वसूला जा रहा है। बाद में एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने किसानों को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सर्वे कराकर जांच रिपोर्ट किसानों के समक्ष प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। धरने की अध्यक्षता बाबा शोकेन्द ने की। इस अवसर पर देवराज पहलवान, योगेन्द्र पंवार, कविता चौधरी, कृष्णपाल सिंह, बिट्टू, हरीश चौधरी, विनोद प्रमुख, हरिकिशन, उपेन्द्र खैवाल आदि मौजूद रहे।

## यमुना पुल पर जिला पंचायत कर्मचारियों की दबंगई

**— पराली लादकर लौट रहे युवक के साथ मारपीट, एक अन्य सिर फटने से हुआ लहूलुहान**
**— ट्रैक्टर-ट्राली रोककर नकद रुपये नहीं देने पर पीटा, मुकदमा दर्ज**

**समाज जागरण**
कैराना। यमुना पुल पर जिला पंचायत के कुछ कर्मचारियों ने एक बार फिर दबंगई दिखाई। जहां हरियाणा से पराली लादकर लौट रहे एक युवक के ट्रैक्टर-ट्राली को रोककर नकद रुपये की मांग करते हुए मारपीट की। एक अन्य युवक का सिर पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव पावटीकलां निवासी अलीशान ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 29 नवंबर की रात करीब दो बजे उसका बेटा सादिक अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर-ट्राली में हरियाणा से मवेशियों के लिए पराली लेकर लौट रहा था। जैसे ही वह यमुना पुल पर पहुंचा, वहां पहले से मौजूद जिला पंचायत के कुछ कर्मचारियों ने ट्रैक्टर रोककर नकद पैसे देने की मांग की। उसके बेटे ने नकद नहीं होने पर आनलाइन माध्यम से देने को कहा। आरोप है कि इसी से क्षुब्ध कर्मचारियों ने गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान उसके बेटे का मोबाइल भी टूट गया। वह किसी तरह जान बचाकर भागा और परिजनों को सूचना दी। इसके बाद वह अपने भतीजे बिलाल के साथ मौके पर पहुंचा, तो आरोपियों ने उन दोनों पर भी धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिस कारण बिलाल का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। बाद में वह ट्रैक्टर-ट्राली, बेटा और भतीजे को लेकर वापस लौटा। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शराब के पव्वों में गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द झाड़खेड़ी रोड निवासी शाहरूख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 19 पव्वे देशी शराब के बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

## कच्ची शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। एसआई यशपाल सिंह सोम टीम के साथ गश्त कर रहे थे। तभी बीबीपुर हटिया–जंधेड़ी तिराहे के निकट एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से प्लास्टिक की कैन से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आनंद निवासी गांव जंधेड़ी बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

## मादक पदार्थ तस्करी में वांछित गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। मादक पदार्थ तस्करी के मामले में वांछित चल रहे बदायूं निवासी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

गत 11 सितंबर को कोतवाली पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त कार्रवाई के दौरान चरस तस्करी का भंडाफोड़ हुआ था। मामले में आरोपी बिलाल निवासी खानपुर गुर्जर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को भी गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में वांछित चल रहे सरनाम निवासी मजरा गोटिया ग्राम भगवानपुर थाना बिनावर जनपद बदायूं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

## राजनैतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त किये गये बी0एल0ए0 के साथ मतदान स्थल पर बैठक 08 व 09 दिसम्बर को

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**
सोनभद्र। जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी,2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस0 आई0आर0की विभिन्न गतिविधियां/ कार्यक्रम एवं उनकी तिथियां निर्धारित है। उन्होंने बताया कि बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना, एकत्रीकरण एवं डिजिटाइजेशन 04 नवम्बर, 2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 16 दिसम्बर, 2025 तक, दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 16 दिसम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 16 दिवम्बर, 2025 से 07 फरवरी, 2026 तक तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी, 2026 तक।उन्होंने बताया कि 04 नवम्बर,2025 से 11 दिसम्बर, 2025 तक बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर गणना पत्र का वितरण करेंगे तथा वितरण के उपरान्त गणना प्रपत्रों का एकत्रीकरण एवं एकत्रित गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की कार्यवाही पूर्ण कर रहे हैं। समस्त बी0एल0ओ0 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण करते हुए सम्बन्धित राजनैतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त किये गये बी0एल0ए0 के साथ मतदान स्थल पर उपस्थित होकर 08 व 09 दिसम्बर, 2025 को बैठक करेगें और निर्धारित प्रारूप पर कार्यवृत्त तैयार करते हुए अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट नामों की सूची बनाकर उक्त सूचियों को सम्बन्धित बी0एल0ए0 को दिखाते हुए उक्त सूचियों पर बी0एल0ए0 के हस्ताक्षर भी प्राप्त करेगें। उक्त कार्यवृत्त तथा अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक और डुप्लीकेट नामों की सूचियॉ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मांगे जाने पर सम्बन्धित बी0एल0ओ0, बी0एल0ओ ऐप पर अपलोड़ कर देगें। बीएलओ उक्त बैठक में मौजूद रहे बी0एल0ए0 की उपस्थिति भी अपने पास सुरक्षित रखेगें।

## बंधा में गिरकर किशोर लापता, रात भर हुई तलाश

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**
विंढमगंज/ सोनभद्र। जनपद के विंढमगंज के गांव केवाल के 14 वर्षीय आशीष कुमार, पुत्र प्रेमचंद यादव, रविवार की शाम गांव के बंधे के पास अचानक पानी में समा गया। शांत संध्या एक क्षण में हड़बड़ाते भय में बदल गई और गांव में चिंता की धुंध फैल गई। शाम करीब सात बजे आशीष शौच के लिए बंधे की ओर गया था। बताया गया कि वह पानी छूने के इरादे से किनारे तक पहुंचा ही था कि पैर फिसलने से सीधे गहरे हिस्से में चला गया। डूबते समय उसकी घबराई हुई पुकार एक ग्रामीण तक पहुंची भी, लेकिन अंधेरे ने खोज को मुश्किल बना दिया। आवाज सुनने वाले ग्रामीण ने तत्काल घरवालों को खबर दी, जिसके बाद परिजन और गांव के लोग टॉर्च लेकर दौड़ पड़े। रात गहराती रही, पर खोज की लौ बुझने नहीं दी गई। घंटों तलाश के बावजूद आशीष का कोई सुराग हाथ नहीं लगा। सूचना मिलने पर विंढमगंज थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तलाश कराई, लेकिन नतीजा शून्य रहा।

## विश्व एड्स दिवस पर नर्सिंग छात्र छात्राओ ने निकाली जागरूकता रैली

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**
लखनऊ निगोहां में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एसजीपीजीआई एमएस के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान जगह जगह नुक्कड नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। रैली नगराम मोड़ से लेकर निगोहां कस्बे और गांव में निकाली



गई। रैली प्रोफेसर आर. के. धीमान, निदेशक, SGPGIMS तथा डॉ. राधा के, प्रोफेसर-कम-प्रिंसिपल, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सक्षम नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में श्रीयदिद्य, एसोसिएट प्रोफेसर विनोद कुमार, शिक्षण स्टाफ की देख-रेख में निकाली गई रैली मे एम.एससी. नर्सिंग प्रथम वर्ष तथा बी.एससी. नर्सिंग चौथे वर्ष के कुल 55 छात्र शामिल हुए। रैली लगभग 3 से 4 किलोमीटर दूरी तक निकाली गई, जिसमें मुख्य सड़क पर लगभग 1000-1500 लोगों को एड्स को लेकर जागरूक किया छात्रों द्वारा दो स्थानों पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए गए ताकि लोगों को शिक्षित किया जा सके। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने एचआईवी/एड्स, उसके कारण, रोकथाम एवं प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 के अंतर्गत मुरादाबादकास्वच्छ प्रयास ला रहा है शहर की सोच में बदलाव

मुरादाबाद उत्तर प्रदेश का वो शहर है जिसे दुनिया पीतल नगरी के नाम से जानती है, पर यह शहर अपने अर्बन ट्रान्सफॉर्मेशन के विजन को लेकर देश-प्रदेश में मिसाल कायम कर रहा है। मुरादाबाद में हो रहे हैं कई ऐसे बदलाव जो इस शहर को बेहतर भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। इसी शहर में विकसित हुआ है देश का पहला Waste Awareness Center-- गौतम बुद्ध अपशिष्ट प्रबंधन शिक्षा केंद्र। मुरादाबाद नगर निगम की यह अनूठी और प्रेरणादायक पहल न केवल पर्यावरणीय शिक्षा का एक आधुनिक केंद्र है, बल्कि एक ऐसीजीवंत प्रयोगशाला है जो इस सोच को जन्म देता है कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छता और सस्टेनेबल डेवलपमेंट की ओर अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए आगे आना होगा। जहां टेक्नोलॉजी, क्रिएटीविटी और जन-शिक्षा मिल कर एक ऐसा स्पेस बनाते हैं जहां कचरा प्रबंधन समस्या नहीं बल्कि समाधान की ओर जाता है। मुरादाबाद के बुद्ध विहार में बना यह जागरूकता केंद्र1200 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। और इसे खास तौर पर इस तरह डिजाइन किया गया है कि स्कूली छात्रों, नागरिकों और पर्यटकों के लिए पर्यावरण और शहर के अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी पहुंचाने में सुलभ हो। इस केंद्र में अत्याधुनिक तकनीक, इंटर एक्टिव डिस्प्ले, ऑडियो-विजुअल अनुभव और आकर्षक झलकियों के माध्यम से कचरा प्रबंधन, रीसाइक्लिंग और संसाधनों के संरक्षण जैसे जटिल विषयों को बेहद सरल, प्रभावशाली और रोचक तरीके से समझाया जाता




है। केंद्र छह प्रमुख क्षेत्रोंमें विभाजित है, जो संसाधनों की जानकारी से लेकर सस्टेनेबल भविष्य की ओर नागरिकों की भागीदारी तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराता है।

मुरादाबाद नगर निगम ने इस परियोजना को न केवल तकनीकी रूप से उत्कृष्ट बनाया, बल्कि इसे शहर की जरूरतों और स्थानीय समस्याओं के अनुरूप ढाला है। इस जागरूकता केंद्र में प्राकृतिक संसाधनों की महत्वता, बढ़ते कचरे के कारण उत्पन्न समस्याएं, मुरादाबाद की स्थानीय चुनौतियों जैसे पीतल उद्योग से उत्पन्न कचरा, औरनगर निगम की स्वच्छता संबंधी योजनाओं आदि से भी अवगत कराता है। इन चुनौतियोंके प्रदर्शनसे ही नागरिकों को नए नवाचारों को अपनाने और स्वच्छतासंकल्प लेने की इच्छाशक्ति प्राप्त हो रही है। मुरादाबाद नगर निगम ने यह भी सिद्ध किया कि यदि इच्छाशक्ति हो तो पुराने कचरे को भी नए अवसरों में बदला जा सकता है। इसी कड़ी में शहर ने सफलतापूर्वक 5.8 लाख मीट्रिक टन लेगेसी वेस्टको प्रोसेस कर लगभग 20 एकड़ भूमि को पुनः उपयोग के योग्य बनाया है। इस भूमि का उपयोग अब एक सैनिटरी लैंडफिल, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और जापान की मियावाकी तकनीक से वृक्षारोपण किया जा रहा है। मुरादाबाद सस्टेनेबल कचरा प्रबंधन की दिशा में देश का एक आदर्श मॉडल बनरहा है। इस शिक्षा केंद्र का अनुभव न केवल ज्ञानवर्धक है बल्कि नागरिकों में जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना को भी मजबूत करता है। गौतम बुद्ध वेस्ट अवेयरनेस एंड एजुकेशन सेंटर मुरादाबाद की ओर से एक सशक्त संदेश है–कि स्वच्छता केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक की व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी है। यह केंद्र न केवल देखने योग्य है, बल्कि महसूस करने योग्य भी है। यह शहर को सिर्फ स्वच्छ बनाने की बात नहीं करता, बल्कि नागरिकों को उस स्वच्छता की प्रक्रिया का भागीदार बनाता है। यह पहल निश्चित रूप से मुरादाबाद को देश के सबसे जागरूक, जिम्मेदार और सस्टेनेबल शहरों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया।

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली (सुरेश जोरासिया) पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की सिविल लाइन थाना पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड से दोषी व्यक्ति की जमानत करने आए व्यक्ति को काबू कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि माननीय अदालत के आदेश प्राप्त हुए की दीपक पुत्र बेगराज निवासी खाई शेरगढ़ जिला सिरसा ने कोर्ट में हाजिर आकर एक दोषी व्यक्ति की जमानत लेने के लिए अपना फर्जी आधार कार्ड सबमिट करवाया। माननीय कोर्ट द्वारा जमानतदार के आधार कार्ड की सॉफ्टवेयर के जरिए



जांच की, तो उक्त व्यक्ति का आधार कार्ड फर्जी पाए गया। इस पर माननीय कोर्ट ने फर्जी आधार कार्ड के आधार पर जमानत लेने वाले व्यक्ति की सूचना सिविल लाइन थाना पुलिस को लिखित में दी । सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि माननीय अदालत के आदेश प्राप्त होने पर आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाना में विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी । जांच के दौरान सिविल लाइन थाना की एक पुलिस टीम में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक कुमार पुत्र बेगराज निवासी खाई शेरगढ़ को कोर्ट परिसर से काबू कर लिया । सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से फर्जी दस्तावेज के इस नेटवर्क के बारे में विस्तार से पूछताछ की जाएगी जो भी व्यक्ति इस नेटवर्क में संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।

# बठिंडा के एक होटल में चल रही किट्टी पार्टी के बहाने 'गैरकानूनी धंधा', पुलिस की आधी रात रेड, होटल मालिक समेत 9 गिरफ्तार

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

बठिंडा,1 दिसम्बर :गोनियाना रोड स्थित एक होटल में बीती रात उस समय सनसनी फैल गई, जब थाना कोतवाली पुलिस ने अचानक धावा बोल दिया। किट्टी पार्टी के नाम पर चल रहे कथित गैरकानूनी धंधे का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने होटल मालिक समेत 9 लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। कुछ युवक हिरासत में लिए गए, जबकि मौजूद युवतियों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी बार डांसरों को बुलाकर करवाया जा रहा था गलत काम एसपी सिटी नरिंदर सिंह ने घटनाक्रम की पुष्टि



करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल में पार्टी के नाम पर बाहर से बार डांसर बुलाकर ग्राहकों के सामने पेश किया जा रहा है और उनसे गलत काम करवाया जा रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने रेड की और होटल मालिक सहित कई लोगों को काबू कर लिया। एसपी सिटी के अनुसार, पुलिस ने 10 के करीब लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है और होटल मालिक के भाई की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। रेड की खबर फैलते ही शहर में हड़कंप मच गया।

# फिरोजपुर मंडल में छठी इंटर डिपार्टमेंटल टी-20 लीग टूनार्मेंट का सफल आयोजन

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,1 दिसम्बर :फिरोजपुर मंडल में विभिन्न विभागों के मध्य 01 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2025 के बीच एक क्रिकेट टूनार्मेंट का सफल आयोजन किया गया। इस टूनार्मेंट के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में डीजल शेड लुधियाना ने मैकेनिकल को परास्त किया जबकि दूसरे सेमीफाइनल में इंजीनियरिंग ने इलेक्ट्रिक शेड लुधियाना की टीम को मात दी।30 नवम्बर को इस टूनार्मेंट के फाइनल में, इंजीनियरिंग के कैप्टेन श्री रोहित वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। इंजीनियरिंग की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 247 रन बनाए जिसमें सलामी बल्लेबाज श्री रवि ने 71 गेंदों पर 145 रन बनाए। जवाब में डीजल शेड लुधियाना ने 7 विकेट के नुक्सान पर 214 रन ही बना पाए और 33 रनों से मैच हार गए। मुकाबला काफी रोमांचक रहा लेकिन इंजीनियरिंग ने अच्छे खेल



का प्रदर्शन करते हुए कप अपने नाम किया। इस मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार श्री रवि को दिया गया जबकि टूनार्मेंट में बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के कारण श्री लव मल्होत्रा को मैन ऑफ द सीरीज, श्री संजीव को बेस्ट बॉलर और श्री रवि को बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड दिया गया।

मैच के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी श्री राहुल देव, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री ऋषि पाण्डेय, मंडल खेल अधिकारी श्री बाबर अली चगाता तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए व्यतिगत पुरस्कार भी दिए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने विजेता टीम तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंत में मंडल रेल प्रबंधक ने टूनार्मेंट के सफल आयोजन पर वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी श्री राहुल देव, मंडल खेल अधिकारी श्री बाबर अली चगाता व खेल सचिव श्री सुनील कुमार एवं अन्य सपोटिंग स्टाफ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। यह टूनार्मेंट काफी लोकप्रिय हुआ जिसमें रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस टूनार्मेंट का समापन बेहतर खेल भावना के प्रदर्शन के साथ हुआ।

# पंजाब और हरियाणा में खेतों में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी के साथ ही इस वर्ष धान की कटाई का मौसम सम्पन्न :मंत्रालय

**(पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,1 दिसम्बर : सरकारी उच्च सूत्रों के अनुसार पंजाब और हरियाणा में फसल अवशेष-पराली जलाने की घटनाओं में कमी के साथ ही इस वर्ष धान की कटाई का मौसम समाप्त हो गया है। इसके साथ ही पराली जलाने की घटनाओं को आधिकारिक तौर पर दर्ज करने, उनकी निगरानी और आकलन भी समाप्त हो गया है। इसरो द्वारा विकसित मानक प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिवर्ष 15 सितंबर से 30 नवंबर तक यह प्रक्रिया संचालित की जाती है।क्षेत्र में धान की पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के समन्वित ढांचे से हाल के वर्षों में इसमें निरंतर कमी आई है। हालांकि मौसम संबंधी परिस्थितियां भी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं, लेकिन इस मौसम में खेतों में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं में आई काफी कमी ने संभावित वायु प्रदूषण को काफी हद तक सीमित कर दिया।वर्ष 2025 में धान की कटाई के मौसम में पराली जलाने की सबसे कम घटना दर्ज की गई। पंजाब में ऐसी 5,114 घटनाएं दर्ज की गईं, जो वर्ष 2024 की तुलना में 53 प्रतिशत कम है। यह वर्ष 2023 की तुलना में 86 प्रतिशत, 2022 की तुलना में 90 प्रतिशत और वर्ष 2021 की तुलना में 93 प्रतिशत कम रही।इसी तरह, हरियाणा में भी बेहतर निगरानी से इस साल केवल



662 पराली जलाने की घटनाएं हुई। राज्य में 2024 की तुलना में 53 प्रतिशत, 2023 की तुलना में 71 प्रतिशत, 2022 की तुलना में 81 प्रतिशत और 2021 की तुलना में 91 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। ये आंकड़े वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की योजनानुसार राज्य-विशिष्ट फसल अवशेष प्रबंधन उपाय शुरू करने के बाद महत्वपूर्ण गिरावट को दशार्ते हैं।पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटना में कमी राज्य और ज़िला-विशिष्ट कार्य योजना कार्यान्वयन, फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी की व्यापक तैनाती और सख्त प्रवर्तन उपायों के कारण संभव हुई है। इसके अलावा, धान की पराली के अन्य उपयोग, बायोमास-आधारित ऊर्जा उत्पादन, औद्योगिक बॉयलरों में इनका उपयोग, बायो-एथेनॉल के उत्पादन, ताप विद्युत संयंत्रों/ईंट भट्टों में जलावन के लिए धान की पराली के उपयोग/ब्रिकेट्स के अनिवार्य उपयोग, और पैकेजिंग तथा विभिन्न अन्य व्यावसायिक अनुप्रयोगों से भी पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। आयोग ने राज्य कृषि विभागों और जिला प्रशासनों के बीच निरंतर समन्वय सुनिश्चित किया और जहां भी फसल अवशेष जलाने की घटनाएं सामने आईं, वहां समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की। उड़न दस्तों/पराली सुरक्षा बल/क्षेत्र अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर निरीक्षण और प्रवर्तन, हॉटस्पॉट जिलों में तैनात टीमों द्वारा निरंतर निगरानी, किसानों के लिए केंद्रित सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा, चंडीगढ़ में एक समर्पित सीएक्यूएम प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है, जिसका कार्य धान की पराली प्रबंधन और संबंधित प्रदूषण गतिविधियों की वर्ष भर निगरानी करना है।

पंजाब, हरियाणा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धान की पराली जलाने का प्रचलन पूरी तरह समाप्त करने के सतत और मजबूत क्रियान्वयन तथा इसके लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाने से आगामी वर्षों में पूरे क्षेत्र की समग्र वायु गुणवत्ता में निरंतर सुधार होने की उम्मीद है।

# कालांवाली नगरपालिका ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह व्यवस्था के लिए जारी किए दो हेल्पलाइन नवंबर

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) अब घरों व दुकानों की शिकायतें तुरंत होगी दर्ज, नगरपालिका ने शुरू की नई सुविधा कालांवाली नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका प्रशासन ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह से जुड़ी शिकायतों के लिए दो नए फोन नंबर जारी किए हैं। नगरपालिका ने बताया कि यह कदम सरकार व उच्च अधिकारियों के आदेशों के तहत उठाया गया है, ताकि शहरवासियों को समय पर सेवाएं मिल सकें और किसी भी प्रकार की लापरवाही तुरंत संज्ञान में लाई जा सके। जारी किए गए नंबर (1800-208-5654 (टोल-फ्री) 99964-24712) नगरपालिका अधिकारियों के अनुसार, कूड़ा उठाने वाली गाडिड़्यों की संख्या बढ़ाने और उनकी समयबद्ध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यह शिकायत प्रणाली शुरू की गई है। अब यदि किसी वार्ड में कूड़ा उठाने वाली गाड़ी समय पर न पहुँचे, चालक सहयोग न करे या संग्रहण में कोई समस्या आए, तो लोग सीधे इन नंबरों पर फोन करके



अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत मिलते ही संबंधित टीम मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी। नगरपालिका का लक्ष्य है कि शहर में स्वच्छता अभियान को गति दी जाए और स्वच्छ कालांवाली को व्यवहारिक रूप से सफल बनाया जाए। नगरपालिका के अनुसार, कई वार्डों से लगातार शिकायतें आ रही थीं कि डोर-टू-डोर कलेक्शन गाडिड़्यां समय पर नहीं पहुंचती, जिसके कारण लोग कूड़ा घरों व दुकानों में ही रखने को मजबूर होते हैं। इस स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर प्रणाली लागू की है। नगरपालिका ने अपील की है कि शहरवासी गंदगी फैलाने के बजाय शिकायत तंत्र का उपयोग करें और डस्टबिन में ही कूड़ा डालकर स्वच्छता अभियान में सहयोग दें। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि गाडिड़्यों की मॉनिटरिंग अब लगातार होगी और यदि कोई कर्मचारी या चालक लापरवाही करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई तय है। नगरपालिका की अपील कूड़ा सडक पर न फेंके, डोर-टू-डोर गाड़ी को कूड़ा अवश्य दें, किसी भी समस्या पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत करें, स्वच्छता अभियान में सहयोग दें नगरपालिका ने विश्वास जताया कि नए हेल्पलाइन नंबर जारी होने से शहर की सफाई व्यवस्था में तेजी आएगी और लोगों को राहत मिलेगी।

# शिवालिक किड्स स्कूल जैतो ने वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया ,बच्चों ने पेशकारी से दर्शकों का मन मोह लिया

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,1 दिसम्बर : क्षेत्र की जानी-मानी शिक्षा संस्था शिवालिक किडस स्कूल जैतो वार्षिक समारोह बहुत धूमधाम और जोश के साथ मनाया। स्कूल कैंपस को खूबसूरती से सजाया गया था, जिसकी थीम ह्लसंकल्प झ्र पक्के इरादे की ताकतह्व थी, जो हिम्मत, पक्के इरादे और कभी हार न मानने की भावना को दिखाता है। प्रोग्राम की शुरूआत पारंपरिक दीया जलाने से हुई, जिसके बाद स्टूडेंट्स ने दिल को छू लेने वाली गणेश वंदना की। प्रिंसिपल ने जाने-माने चीफ गेस्ट, मैनेजमेंट मेंबर्स, पेरेंट्स और सभी आए हुए लोगों का स्वागत किया, और पूरे एकेडमिक साल में स्कूल की कामयाबियों के बारे में बताया।

इस इवेंट में कल्चरल और एजुकेशनल परफॉर्मेंस का जबरदस्त मिक्स था। वस्त्र अलग-अलग क्लास के स्टूडेंट्स ने कई प्रोग्राम में हिस्सा



लिया, जिनमें शामिल हैं। भारत के अलग-अलग राज्यों को दिखाते हुए क्लास के हिसाब से डांस परफॉर्मेंस डिसिप्लिन, पक्के इरादे और मोरल वैल्यूज पर फोकस करने वाले थीम पर आधारित स्किट ।देशभक्ति के गाने जिन्होंने माहौल को गर्व से भर दिया।बैलेंस और ताकत दिखाते हुए योग और फिटनेस परफॉर्मेंस।छोटे स्टूडेंट्स के शानदार कॉस्ट्यूम और रोल-प्लेइंग परफॉर्मेंस ने शाम को और भी मजेदार बना दिया। पेरेंट्स ने बच्चों के कॉन्फिडेंस और क्रिएटिविटी की तारीफ की। चीफ गेस्ट ने टीचर्स की कोशिशों की तारीफ की और आने वाले नागरिक बनाने में पूरी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।शाम की सबसे खास बात ग्रैंड फिनाले परफॉर्मेंस थी, जहाँ स्टूडेंट्स ने पक्के इरादे और कड़ी मेहनत का मैसेज दिया जो सफलता की ओर ले जाता है। ऑडियंस इवेंट के मैसेज से बहुत इंस्पायर हुई।

प्रिंसिपल श्रीमती सुखविंदर कौर गिल ने मैनेजमेंट, स्टाफ, स्टूडेंट्स और पेरेंट्स को उनके लगातार सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया। सेलिब्रेशन का अंत राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिससे सभी को गर्व और संतुष्टि का एहसास हुआ।

# शिरोमणि अकाली दल जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों में शानदार जीत दर्ज करेगा - ब्रह्मपुरा

**(दैनिक समाज जागरण रघुनंदन पराशर चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 1 दिसंबर :आने वाले जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों के मद्देनजर आज गुरुद्वारा श्री बावली साहिब के मीटिंग हॉल में शिरोमणि अकाली दल के स्टेट वाइस प्रेसिडेंट और पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा की लीडरशिप में एक जरूरी और बड़ी मीटिंग हुई।

इस मीटिंग को संबोधित करते हुए, श्री ब्रह्मपुरा ने आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल प्रदेश भर में आने वाले जिला परिषद व ब्लाक समिति चुनावों में जीत का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग अब 'आप' सरकार की लोगों को मारने वाली नीतियों से अच्छी तरह वाकिफ हो चुके हैं और अकाली दल ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो पंजाब के भले के लिए है। इस मौके पर पार्टी कार्यकताओं के भारी उत्साह के बीच, श्री ब्रह्मपुरा ने एक जरूरी घोषणा की और श्री कुलदीप



सिंह औलख को ज़िला परिषद और श्री मोहन सिंह (पूर्व आईएएस )को ब्लॉक समिति चुनाव के लिए पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। जयकारों की गूंज के बीच, पूरी लीडरशिप ने उम्मीदवारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया और उन्हें जीत का भरोसा दिलाया। इस समय, अन्य लोगों के अलावा, मैनेजर गुरा सिंह, दविंदर सिंह ब्रह्मपुरा, गुरबचन सिंह करमूवाला, दलबीर सिंह जहांगीर, प्रेम सिंह पन्नू, कुलदीप सिंह लाहौरिया, जगतार सिंह पूर्व सरपंच धुंदा, डॉ. मस्सा सिंह, हरप्रीत सिंह मिन्ना, गुरी, सदस्य पंचायत गुरसेवक सिंह, हरदेव सिंह देबा, सुरिंदर सिंह सैनी, प्रकाश सिंह मल्ही, सुरजन सिंह लाहौरिया, बलविंदर सिंह पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य, दलबीर सिंह झंड, गुरमीत सिंह सरपंच खख, तरसेम सिंह पूर्व अरक, मनप्रीत सिंह शैली, बलकार सिंह बारा, जगजीत सिंह संधू, सम्मा लाहौरिया और परगट सिंह लाहौरिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद थे।सीनियर अकाली नेता रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने कार्यकताओं की मौजूदगी में कुलदीप सिंह औलख को जिला परिषद और पूर्व आई ए एस मोहन सिंह को ब्लॉक समिति चुनाव के लिए अकाली दल का उम्मीदवार घोषित किया।

# 91 वे वार्षिकोत्सव पर आर्य सम्मेलन सम्पन्न

## शहीदों के जीवन से युवा प्रेरणा ले-राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

**समाज जागरण**

नई दिल्ली,1 दिसम्बर 2025, गुरुकुल गौतम नगर के वार्षिकोत्सव पर आर्य सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वैदिक विद्वान आचार्य धर्मपाल शास्त्री (आर्य समाज थापर नगर मेरठ)) ने की।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि यह आजादी ऐसे ही चरखे तकली से नहीं मिल गई अपितु नौजवानों ने इसके लिए बलिदान दिए हैं।स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सबसे पहले स्वराज का आह्वान किया था उन्होंने कहा था कि चाहे कोई कितना ही करे परंतु स्वदेशी राज्य सर्वोत्तम है।आज दुर्भाग्य पूर्ण बात है कि शिक्षा के केन्द्रों में देश विरोधी नारे लग रहे हैं।युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।उल्लेखनीय है कि 19 दिसम्बर को पं. रामप्रसाद बिस्मिल और 23 दिसम्बर को स्वामी




श्रद्धानन्द जी का बलिदान दिवस है।आचार्य राजवीर शास्त्री ने वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की।

कार्यक्रम का कुशल संचालन दक्षिण दिल्ली वेद प्रचार मंडल के महामंत्री रवीन्द्र आर्य ने किया।आचार्य मुकेश शास्त्री व अशोक शास्त्री के मधुर भजन हुए।मंडल के प्रधान आर्य रवि देव गुप्त ने सभी का धन्यवाद किया एवं स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।

प्रमुख रूप से राजेश मेहंदीरता, अतुल सहगल, प्रवीण झा, जितेन्द्र डावर, राजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र गुप्ता, धर्मवीर पवार, स्वदेश शर्मा, अतुल अरोड़ा, विद्या भूषण गुप्ता, देवेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश यजुवेर्दी, अर्चना पुष्करना, डॉ. निखिल आर्य, सत्यपाल सैनी, श्रीकांत शास्त्री आदि उपस्थित थे।

# भारत और नेपाल की टीमों के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आज भिवानी में: लोहिया

## भारत नेपाल यूनिटी दिव्यांग क्रिकेट कप 3दिसंबर से: लोहिया

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी में विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक सांसद खेल उत्सव के तहत फिजिकल चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा तीन दिवसीय भारत और नेपाल के बीच में भारत नेपाल यूनिटी दिव्यांग क्रिकेट कप का आयोजन हांसी मार्ग स्थित जी लिट्रा क्रिकेट ग्राउंड करवाया



जा रहा है । जिसका शुभारंभ भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह व भिवानी विधायक घनश्याम सर्राफ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर करेंगे । तीन दिवसीय कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीसीएआई के चीफ पैटर्न धर्मेश शाह करेंगे। आज देश की दोनों टीमों के खिलाड़ियों व पदाधिकारियों का पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया व उनकी टीम के द्वारा करेगी। हरियाणा के रणजी खिलाड़ी रहे संजय भाटिया भी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देंगे। भारत और नेपाल दिव्यांग का कप की तैयारी में जुटे पीसीसीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि हैदराबाद व सोनीपत के राष्ट्रीय खेल महाकुंभ के बाद हरियाणा प्रदेश की खेल नगरी में भारत और नेपाल के बीच में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धा यूनिटी दिव्यांग कप के रूप में आयोजित करवाई जा रही है। कहा कि दिव्यांग कप में दोनों देशों की एकता की झलक देखने को मिलेगी और इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री द्वारा फिट इंडिया का संदेश पहुंचा जा रहा है वह संदेश भी सांसद खेल उत्सव के तहत होने वाले भारत और नेपाल के मुकाबले में देखने को मिलेगा। इंडो - भारत यूनिटी दिव्यांग कप के प्रवक्ता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि दोनों देशों के खिलाड़ियों का भव्य स्वागत भिवानी खेल नगरी के श्री राम कुंज धाम चित्रकूट में किया जाएगा । उन्होंने पीसीसीए आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि दोनों टीमों के स्वागत के लिए सुनील वर्मा को स्वागत कमेटी का चेयर मैन नियुक्त किया गया है। लंबे समय से इंडियन टीम के निस्वार्थ भाव से सेवा कर शुभम शर्मा को भारतीय टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है, टीम में फिजियोथैरेपिस्ट के लिए ओमवीर शर्मा को सेवा के लिए नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर स्वागत में समाजसेवी नन्द किशोर अग्रवाल और समाजसेवी दीपक तोला की टीम,अनेक शिक्षाविद , खेल प्रेमी व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

# एडवोकेट धामी ने बाबा सुच्चा सिंह जी कार सेवा किला आनंदगढ़ साहिब वाले के निधन पर दुख जताया

***रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब***

जैतो, 1 दिसंबर :शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने बाबा सुच्चा सिंह जी कार सेवा किला आनंदगढ़ साहिब वाले के निधन पर गहरा दुख जताया है। एडवोकेट धामी ने कहा कि बाबा सुच्चा सिंह जी ने गुरु घर की सेवा पूरी लगन से की। उन्होंने संगत के सहयोग से कई गुरुद्वारा साहिब की इमारतों की सेवा करवाई।शिरोमणि कमेटी के प्रेसिडेंट ने कहा कि बाबा सुच्चा सिंह जी की विनम्रता, प्यार और गुरु घरों की सेवा के प्रति समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा जी



के निधन से पूरे पंथ को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। एडवोकेट धामी ने बाबा जी को श्रद्धांजलि दी और भगवान से प्रार्थना की कि संगत और दोस्तों को यह दुख सहने की ताकत दें। इस बीच, शिरोमणि कमेटी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट स. रघुजीत सिंह विर्क, जूनियर वाइस प्रेसिडेंट स. बलदेव सिंह कल्याण, जनरल सेक्रेटरी स. शेर सिंह मंडवाला और चीफ सेक्रेटरी स. कुलवंत सिंह मनन ने भी बाबा सुच्चा सिंह के निधन पर दुख जताया और भगवान से उनकी सलामती की दुआ की।

# दिल्ली करोलबाग के विधायक विषेश रवि ने टेनिस कोर्ट का उद्घाटन कर बच्चों को समर्पित किया

**समाज जागरण (बादल हुसैन)**

नई दिल्ली : पहाड़गंज रामजस स्कूल नं 4 में नवनिर्मित टेनिस कोर्ट का शुभारंभ करोलबाग क्षेत्र के विधायक विषेश रवि द्वारा उद्घाटन कर बच्चों को समर्पित किया। बता दें कि लाखों रुपए की लागत से बने इस अत्याधुनिक टेनिस कोर्ट का निर्माण विधायक कोस के तहत किया गया है। इस अवसर



पर विधायक विषेश रवि समेत स्कूल के स्टांप ने टेनिस मैच भी खेला।इस अवसर पर विधायक विषेश रवि ने कहा कि नशा देश की युवाओं के ऊर्जा को खोखला कर रहा है।ऐसे में खेलों के प्रति बच्चों में उर्जा बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी युवाओं को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है,जिस तरह खिलाड़ी मैदान में संघर्ष करते हैं उसी तरह हम भी आपके क्षेत्र के विकास के लिए संघर्षरत है।यही टेनिस खेल बच्चों के सपनों को उड़ान देने का अवसर है। यहां का हर बच्चा खेलो में कुछ कर दिखाने की क्षमता रखता है। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक, टीचर, खेल प्रेमी, समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे,

# जल जीवन मिशन के तहत पश्चिमी बंगाल को बकाया निधि

भारत सरकार अगस्त 2019 से पश्चिम बंगाल सहित राज्यों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम) हर घर जल कार्यान्वित कर रही है ताकि देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए कार्यशील नल जल कनेक्शन के माध्यम से पीने योग्य जल का प्रावधान किया जा सके। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2,08,652 करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 2019-20 से 2023-24 की अवधि के लिए जल जीवन मिशन को मंजूरी दी थी और स्वीकृत मिशन अवधि के दौरान, विभाग ने 1,85,958 करोड़ रुपये का उपयोग किया और 2024-25 में उपयोग के लिए 22,694 करोड़ रुपये की राशि शेष बची थी। तथापि, व्यय विभाग की स्वीकृति से शेष निधि के उपयोग के लिए अवधि को 31.03.2025 तक बढ़ा दिया गया और 2024-25 में लगभग पूरी उपलब्ध निधि का उपयोग किया गया। इस अवधि के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को मिशन के तहत जलापूर्ति योजनाओं की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन को पूरा करना था।

# चाइल्ड राइट्स एंड यु के पहल पर जनमित्र न्यास द्वारा "कप उठाओ और सुनो" अभियान 50 गाँवो में सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी बाल दिवस के अवसर पर कप उठाओ और सुनो अभियान की शुरूआत वाराणसी जिले के 4 ब्लाक बड़ागाँव पिंडरा हरहुआ और अराजीलाइन के 50 गाँव में संचालित हुआ । इस अभियान में स्थानीय अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावक ने भागीदारी कर के बच्चो के बातों को सुनकर अपनी प्रतिक्रया व्यक्त किया।

बच्चों के संदर्भ में यह नजरिया है कि बच्चे सिर्फ.भविष्य ही नहीं हैं वे वर्तमान भी हैं। लेकिन उनकी आवाज को अक्सर दबा दिया जाता है और नजर अंदाज कर दिया जाता है । मलाला का शिक्षा का आह्वान, ग्रेटा थनबर्ग का जलवायु परिवर्तन पर सवाल, ऐनी फ्रैंक की गवाही ये सभी इसलिए शक्तिशाली हुए क्योंकि किसी ने उनकी बात सुनी।

इस अभियान का मुख्य सन्देश यह है कि जब बड़े सुनते हैं, तो बच्चों की आवाजें गति बन जाती हैं। बच्चो को जो मुद्दा समस्या या चिंताए प्रभावित कर रही है इसको वह प्रतीकात्मक रूप पेपर कप फोन के माध्यम से बच्चे अपने माता - पिता और अविभावक से बातचीत करेंगे और ये लोग निष्क्रिय दर्शक न बनकर सक्रिय श्रोता और भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित और समाधान करेंगे` शोर और भटकाव से भरी इस दुनिया में, बच्चों की आवाजें अक्सर अनसुनी रह जाती हैं। ह्लकप उठाओ और सुनोह्व अभियान के जरिए हम लोगों को खासकर बच्चों की बात सुनने के सरल लेकिन प्रभावशाली तरीके की याद दिलाना चाहते हैं। पेपर कप फोन के पुराने रूपक का इस्तेमाल करके, हम उन पलों की मासूमियत और जिज्ञासा को वापस लाते हैं।

इस अभियान में पेपर कपह्व एक प्रतीक बन गया है: जिसका उद्देश्य यह है कि यह बच्चे की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है जिसमे बच्चे की ईमानदारी जिज्ञासा उत्साहवर्धन और कल्पना से भरपूर वयस्कों के लिए, यह सुनने की क्रिया का प्रतिनिधित्व करता है जो ध्यान सहानुभूति और देखभाल के साथ रहता है

जब हम "कप उठाते हैं" तो हम एक वादा करते हैं कि हम रुकेंगे, सुनेंगे और बच्चों की बात को गंभीरता से सुनेंगे। क्योंकि हर बदलाव बातचीत से शुरू होता है और हर बातचीत तब शुरू होती है जब हम सुनते हैं। जनमित्र न्यास की मैनेजिंग ट्रष्टी श्रुति नागवंशी ने अभियान के संदर्भ में अपने उद्बोधन में कहा कि वाराणसी के चार ब्लाक बडागांव पिंडरा अराजीलाइन हरहुआ के 50 गाँव में इस वर्ष बाल दिवस बच्चो के हित और उनके सपनों को साकार करने के उद्देश्य से अलग तरह से मनाया गया जिसमे बच्चे अपने मंजिल तक पहुँचने के लिए आने वाले कठिनाइयो को अपने अविभावको के साथ साझा किये जिसके बाद उनके अविभावक ने उनकी चिंताए और समस्याओं को सुन कर उन्हें हल और समाधान करने के लिए आश्वासन दिए`

जनमित्र न्यास द्वारा आयोजित ह्लकप उठाओ और सुनोह्व गतिविधि ने बच्चों और समुदाय को एक अनोखे अनुभव से जोड़ा। कार्यक्रम की शुरूआत में बाल समूह के बच्चे उत्साह से इकट्ठा हुए। अनेई मुसहर बस्ती की अगुआ महिला विमला बनवासी ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। जब बच्चों को पेपर कप से बना हुआ प्रतीकात्मक फोन दिखाया गया तो वे हँसते हुए चकित हो गये बच्चे बोले इसमें कैसे सुनाई देगा जनमित्र न्यास के कार्यकताओं ने बच्चों को सहज किया और उन्हें कप फोन से बात करके देखने को कहा। जैसे ही आवाज सुनाई पड़ी, बच्चे अचंभे से खिलखिलाने लगे। इस सरल-सी गतिविधि ने बच्चों के जीवन की वास्तविक चुनौतियों बचपन की जिम्मेदारियाँ, छूटी हुई पढ़ाई, और मेहनतकश परिवारों की मजबूरी सबके सामने ला दीं। बाल दिवस का यह कार्यक्रम सिर्फ.एक खेल नहीं था, यह बच्चों की आवाज को सुनने और उनकी दुनिया को समझने का एक संवेदनशील अनुभव था`15 दिन का इस अभियान को सफलतापूर्वक पहुचाने के लिए हरहुआ ब्लाक के सामाजिक कार्यकर्ता प्रतिमा पाण्डेय ब्रिजेश पाण्डेय शोभनाथ सुभाष प्रसाद, पिंडरा ब्लाक के गीता देवी संजय कुमार विनोद कुमार, बडागांव ब्लाक के संध्या चमेली देवे व मंगला प्रसाद, अराजीलाइन ब्लाक के सोमारू पटेल व आनन्द निषाद का योगदान रहा और विशेष योगदान मैनेजिंग ट्रष्टी श्रुति नागवंशी जी का रहा जिनके दिशानिर्देश के अनुसार पुरे अभियान को संचालित किया

# हरहुआ ब्लाक मुख्यालय पर ग्राम पंचायत अधिकारी ,ग्राम विकास अधिकारीयो ने काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए जताया विरोध

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के केन्द्रिय/प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान( डा0 प्रदीप सिंह प्रान्तीय अध्यक्ष ग्रा0पं0अ0 संघ एवं सुबाष चन्द्र पाण्डेय प्रान्तीय अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी संघ (एसो0) पर जनपद वाराणसी के समस्त विकास खण्ड़ो में जय प्रकाश भारती अध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी संघ व बृजेश सिंह अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी संघ वाराणसी के नेतृत्व में समस्त सचिवों ने काली पट्टी बाह पर बांधकर आनलाईन उपस्थिति प्रणाली व अन्य विभागों द्वारा थोपे गये कार्यो का विरोध एवं साईकिल भत्ता मात्र 200 रू0 दिये जाने सहित अन्य समस्याओं को लेकर विरोध जताया।

वर्तमान में बिना वाहन भत्ता के कार्य किया जाना सम्भव नही है तथा जटिल ई-ग्राम स्वराज व गेटवे प्रणाली को सरल करने के सम्बन्ध में सभी विकास खण्ड़ों पर सभी समस्त सचिवों द्वारा दिनांक 01दिसम्बर से 04 दिसम्बर तक बाह पर काली पट्टी बाधकर शासकीय कार्य करेंगें।

तथा 05 दिसम्बर को समय 11 बजे से 01 बजे के बीच प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर समस्त विकास खण्डों के मुख्यालय पर फर्श पर दरी विछाकर शांतिपूर्वक सांकेतिक सत्याग्रह करेंगे। अपरान्ह 01 बजे सत्याग्रह के उपरान्त खण्ड विकास अधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 एवं मुख्य सचिव उ0प्र0 को जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से पत्र प्रेषित करने हेतु ज्ञापन देंगे। उसी दिन ज्ञापन उपरान्त जनपद के समस्त पंचायत सचिवों के व्यक्तिगत फोन नं0 पर क्रियेट किये गये समस्त शासकीय जनपदीय एवं विकास खण्ड स्तरीय ग्रुपों से लेफ्ट करेगें।

तत्पश्चात सभी सचिव अपने-अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन करेंगें।

10 दिसम्बर से स्वयं के इंजन चालित वाहन से क्षेत्रीय भ्रमण सचिवों द्वारा नही किया जायेगा। समस्त सचिवों द्वारा साईकिल से भ्रमण होगा। 15 दिसम्बर को जटिल ई-ग्राम स्वराज व गेटवे प्रणाली प्रक्रिया का विरोध करते हुये भुगतान की प्रक्रिया को सरल करने के मांग के साथ तक उसी दिन समय 11 बजे दिन में सहायक विकास अधिकारी (पं0) महोदय के कार्यालय में डी0एस0सी0/डोगल जमा कर दिया जायेगा।

कार्यक्रम में जय प्रकाश भारती, बृजेश कुमार सिंह ,सतीष कुमार मौर्य जिला मंत्री, ग्रा0पं0अ0, सुनील पाण्डेय जिला मंत्री, ग्रा0वि0अ0 संघ, उपेन्द्र दीक्षित (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), ज्ञानेन्द्र सिंह (उपाध्यक्ष), अरविन्द वर्मा (कोषाध्यक्ष), चन्द्रभान सिंह, आनन्द प्रकाष गोंड, संजय कुमार सोनकर, गौरव विष्वकर्मा, सत्येन्द्र कुमार, विरेन्द्र कुमार, सुरेष मौर्य, स्वाती सिंह, दीक्षा श्रीवास्तव, लालबहादुर पटेल, अशोक चौबे, ड्ब्लू यादव, हिमांशु चौबे, राकेश कुमार, सोनू पटेल, आनन्दशील अम्बेडकर, ज्योति गुप्ता, सुजीत यादव, हीना पाण्डेय, बीना सोनकर, योगेन्द्र पाल, सुयष श्रीवास्तव, अभिलाष कुमार समस्त सचिव शामिल रहे।

# मिशन समाज सेवा द्वारा बाटे गए जरूरतमंद लोगों को कम्बल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी बाबा ने नेतृत्व में सोमवार को भगवानपुर,सिकंदरपुर के दलित बस्ती के जरूरतमंद



लोगों को कम्बल का वितरण किया गया।इस मौके पर डंपी तिवारी बाबा ने कहा ठंड में जितने ज्यादा से ज्यादा लोगों की हम मददत कर पा रहे है वह हमारा शौभाग्य है।हमारा प्रयास है कि सभी को ठंड से बचने का साधन उपलब्ध हो पाए इसके लिए हम लगातार प्रयास रत है।उनके साथ नमन मिश्रा सहित अन्य संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री जवाहर हाई स्कूल कोट डेरी में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का भव्य आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। ग्रेटर नोएडा के कोट डेरी स्थित श्री जवाहर हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य एवं एक मेधावी छात्रा द्वारा गीता महाकाव्य की पूजा-अर्चना से किया गया। इसके पश्चात राहुल सिंह ने विद्यार्थियों को गीता जयंती के महत्व एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया।

मुख्य वक्ता महेश कुमार माथुर ने छात्रों को गीता के उपदेशों का विद्यार्थी जीवन में महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि गीता अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास विकसित करने की प्रेरणा देती है।



कार्यक्रम में श्लोक पाठ, पोस्टर प्रतियोगिता, गीता उपदेश आधारित प्रश्नोत्तरी एवं महाभारत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में अलीशा सैफी एवं हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्लोक प्रतियोगिता में इंशा सैफी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी एवं लेखन प्रतियोगिता में ज्योति यादव, हिमांशु भाटी और अंशु प्रजापति ने शानदार प्रदर्शन किया

समापन अवसर पर प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने की अपील की। विद्यालय अध्यक्ष फोटू सिंह सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अवादा फाउंडेशन की ओर से विद्यालय को गीता भेंट की गई और सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया।

# राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं का फ्रेशर्स पार्टी में रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राजेश्वरी महिला स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय हरहुआ वाराणसी में स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं की फ्रेशर्स पार्टी में रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।





मुख्य अतिथि साहित्कार डॉ0 राघवेन्द्र नारायण सिंह ने नवागन्तुक छात्राओं को सफल जीवन के टिप्स देते हुए कहा कि हर छात्रा को अपनी मनोवृत्ति और अभिरुचि के अनुसार अपने कैरियर का चुनाव करके उसी दिशा में प्रयास करने से अपेक्षित परिणाम अवश्य मिलते हैंअवसर तो हर व्यक्ति के जीवन में आते हैं लेकिन अधिकांश लोग चूक जाते हैं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सोनाली पटवा जिन्होंने सफलता के सूत्र बतलाते हुए छात्राओं को शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य और मोबाइल एडिक्शन पर लघु नाटिका का मंचन हुआ जिसमें तृषा तिवारी और श्रेया यादव का अभिनय उत्कृष्ट रहा।हंसिनी पाण्डेय को मिस फ्रेशर का ताज पहनाया गया जबकि खुशी चौहान और तृषा तिवारी द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर ज्योति गुप्ता, प्रीति राय, ज्योति सिंह,सरोजा कुमारी, सुनीता कन्नौजिया, इकबाल अहमद, अजय कुमार और कृष्णा पाण्डेय की उपस्थिति रही।डॉ0 डी0 के0 तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन और उपनिदेशक अंशुमान सिंह कार्यक्रम के संयोजक व संचालन किया।

# शांभवी ने लखनऊ में जीता स्वर्ण पदक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित सातवीं इंटर स्कूल जयपुरिया स्कूल एथलेटिक्स मीट ह्यपिनेकल 2025ह्व में हरहुआ ब्लॉक के कोईराजपुर गांव की बेटी शांभवी राय ने शानदार प्रदर्शन






करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। देशभर के करीब 2800 छात्रों की मौजूदगी में हुए इस बड़े आयोजन में कक्षा सात की छात्रा शांभवी ने बाबतपुर स्थित सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल का प्रतिनिधित्व किया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया।

शांभवी की जीत से परिवार और गांव में उत्साह है। पिता प्रदीप सिंह ने बताया कि शांभवी बचपन से ही खेलों में रुचि रखती है और निरंतर अभ्यास व लगन के कारण आज वह इस मुकाम पर पहुँची है।

# लापता स्टूडेंट को लंका पुलिस ने सकुशल बरामद किया

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। लापता हुए सामने घाट निवासी सनबीम के एक छात्र को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। छात्र के पिता ने लंका पुलिस को सूचना दी थी उनका बेटा 27 नवंबर को सुबह करीब 10:30 बजे अपने घर से स्कूल (सनबीम भगवानपुर) जाने के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों की तहरीर पर थाना लंका में मुकदमा अपराध संख्या 501/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तलाश अभियान शुरू किया।

इस दौरान लंका थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा और एसओजी प्रभारी गौरव सिंह के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने लगातार खोजबीन की। टीम की सक्रियता और रणनीतिक कार्यवाही के बाद गुमशुदा छात्र को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया। पुलिस द्वारा छात्र को गाजियाबाद से सकुशल बरामद किया गया।

पुलिस द्वारा छात्र के मिलने की सूचना उसके परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिवार में राहत और खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता की सराहना की है। पुलिस अब पूरी घटना की जांच कर रही है कि छात्र घर से क्यों और कैसे निकला था तथा इस दौरान वह कहाँ रुका हुआ था। पुलिस प्रशासन ने अपील की है कि ऐसे मामलों में अफवाहों से बचते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी जाए, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के बच्चों ने स्काउट गाइड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /जेएस जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्काउट गाइड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 19 वीं भारत स्काउट गाइड एवं डायमंड जुबली के कार्यक्रम में की मेजबानी इस वर्ष 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा दिया गया। अलग-अलग जिलों से आए भारत स्काउट गाइड में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और छात्र सम्मानित हुए और अपने जिले का नाम रोशन किया। यह कार्यक्रम 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया जिसका समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मीरजापुर जिले के मड़िहान



क्षेत्र के जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के आठ छात्रों ने भारत स्काउट गाइड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया । सभी बच्चे अपने स्कूल आने पर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर जगदीश सिंह पटेल एवं अध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक मीरजापुर सोनभद्र के द्वारा बच्चों के भविष्य की कामना की।साथ ही उनका मनोबल बढ़ाया उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भावना से खेलना चाहिए। जिससे शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास होता है। विद्यालय के बच्चों के द्वारा इस प्रदर्शन से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अभिभावक भी इससे खुश नजर आए। इसके अलावा प्रधानाचार्य राम मिलन यादव ने बच्चों को उत्साह वर्धन के लिए माल्यार्पण किया और मिष्ठान खिलाकर खुशी व्यक्त की।

# स्कूली छात्र-छात्राओं के बिच क्षेत्र पंचायत सदस्य ने मनाया अपना जन्मदिन बच्चों के खिले चेहरे

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के क्षेत्र पंचायत सदस्य उत्कर्ष मौर्य उर्फ राजू नेता ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय ददरा व प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ सेकंड के बच्चों के साथ अनोखे अंदाज में अपना जन्मदिवस मनाया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने राजू नेता का जोरदार स्वागत करते हुए केक काटकर जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। राजू नेता ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर सभी अध्ययरत बच्चोंको कापी, कलम, पेंसिल का वितरण किया। साथ साथ ठंड से बचने के लिए ऊनी टोपी का भी वितरण किया। अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए युवा समाजसेवी राजू नेता ने कहा कि शिक्षा ही हमारी रीढ की हड्डी है हम जितना ज्यादा पढ़ेंगे उतने ही मजबूत बनेंगे। शिक्षा वह उजाला



है जो समाज को प्रकाशित करती है। पढ़ेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया। बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा तक पहुंचाने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा कि हमारे क्षेत्र की बालिकाएं खेल के साथ-साथ शिक्षा में भी हमारे जनपद का नाम रोशन करें। मेरा प्रयास है कि शासन स्तर से मिलने वाले खेल सामग्री हर गांव के बच्चों तक पहुंचे। राजू नेता अक्सर क्षेत्री या युवा खिलाड़ियों को केंद्र स्तर तक प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किये है।वही राजू नेता हैं जो बसपा के शासनकाल में प्रभावी नेताओं में से एक रहे हैं। समाज सेवा में उनकी बेहद रूचि है। राजू नेता के जन्मदिवस पर लोगों के बधाई देने सिलसिला जारी रहा राजू नेता। समय पर गरीबों की मदद करते रहते हैं। इस अवसर पर चंचला सिंह प्रधानाध्यापिका , स्वाति मौर्य प्रभारी प्रधानाध्यापिका, गीता सिंह अध्यापिका, रामसूरत सिंह, रमेश सोनी, प्रमोद कुमार सोनकर, रहमत अली, सोनी सहित तमाम स्कूली छात्र छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गीता का आदर्श मानव जीवन का आधार

**समाज जागरण**

वाराणसी। मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी संवत 2082 तदनुसार 1 दिसंबर 2025 दिन सोमवार को महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज के गंगापुर परिसर में गीता जयंती मनाई गई।

गीता जयंती के अवसर पर मुख्य उद्बोधन प्रोफेसर माधवी शुक्ला प्रोफेसर एवं प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय चुनार मिर्जापुर द्वारा प्रदान किया गया।




उन्होंने अपने उद्बोधन में श्रीमद्भागवत गीता के आज के सामाजिक जीवन में उपयोगों पर प्रकाश डाला तथा छात्र छात्राओं को इससे प्रेरणा लेने की सीख दी।

कार्यक्रम में प्रोफेसर मंजू मिश्रा,प्रोफेसर आलोक कुमार कश्यप, डॉ0 उमेश कुमार, डा0 अर्चना सिंह, डॉ0 आशा कुमारी, अंगदप्रसाद यादव, डॉ0 रेणुकुमारी, डॉ0 संगीता पटेल, डॉ0मुहम्मद अरशद, डॉ0 सत्यप्रकाश सिंह, डॉ0 अंजना, डॉ0 अर्चना श्रीवास्तव, डॉ0 अनुराधा सिंह, महेंद्र कुमार, उमेश प्रसाद राय शिक्षक उपस्थित रहे।

प्राचार्य प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। संचालन संस्कृत विभाग की डॉ0 अंजना द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर आलोक कुमार कश्यप ने किया। इस अवसर पर स्नातक एवं परास्नातक कला संकाय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर बच्चों ली शपथ

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बहराइच देहात संस्था द्वारा संचालित एक्सेस टू जस्टिस (अ2ख) परियोजना के तहत आज ग्राम पंचायत सीट कहना जोत केशव स्थित श्री बाबू राम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत उपरोक्त विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूवात में परिचय के साथ बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम को लेकर सार्वजनिक चर्चा की साथ ही बाल मजदूरी एवं बाल तस्करी के मुद्दों पर जागरूक करते हुए बच्चों के साथ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम पर शपथ दिलाई ।




कार्यक्रम में कुल 180 प्रतिभागियों की उपस्थित रही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहजराम यादव, सुशील कुमार आर्य,जसवंत सरोज, धर्मेंद्र कुमार, गुरु शरण, योगेंद्र प्रसाद ज्योति सिंह एवं कमलेश कुमारी (अध्यापक) देहात इंडिया टीम से अमरेश कुमार सहित बच्चों की उपस्थित रही।

# पासी समाज के इतिहास को जानना होगा-:दिनेश कुमार पासी

## लाखन आर्मी टीम द्वारा पासी समाज जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड हरिहरपुर रानी ग्राम अचला पुर सेमरी चकपिहानी में लाखन आर्मी टीम द्वारा पासी समाज जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

कार्यक्रम में लाखन आर्मी टीम श्रावस्ती जिला संरक्षक विश्राम पासी ने कहा कि पासी समाज को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा जब बच्चा पढेगा तभी आगे बढ़ेगा

पासी समाज को एकजुट होकर सभी कार्यों को करना चाहिए, पासी समाज में बिना एकता के सफलता मिलना मुश्किल है पासी ओंकार नाथ चौधरी ने कहा कि सभी पासी बाहुल्य गांवों में लाखन आर्मी टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिससे हमारा पासी समाज एकजुट होकर सरकारी गैरसरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो।



रामनारायन पासी जिलाध्यक्ष बहराइच ने कहा कि हम सबको मिलकर पासी समाज के भाईयों को रोजगार व्यापार में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की जरूरत है अभी हमारा समाज मेहनत मजदूरी के अलावा व्यापार रोजगार से न जुड़ने के कारण गरीबी की मार झेल रहा है

पासी समाज को अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा क्योंकि अभी पासी समाज के बच्चे

लाखन आर्मी टीम के जिलाध्यक्ष श्रावस्ती के विद्याराम पासी ने कहा कि हमें अपने समाज में जागरूकता फैलाना है और राजाओं के इतिहास की जानकारी करने की जरूरत है

कार्यक्रम आयोजक दिनेश कुमार पासी ने कहा कि हमें अपने पासी समाज के इतिहास को जानना होगा हम सबको मिलकर गांव- गांव,घर-घर सभी पासी भाइयों को जागरूक करना होगा

कार्यक्रम में सैकड़ों पासी समाज के महिला पुरूष ने प्रतिभाग किया

## पिपरहट में लाइमस्टोन का अवैध खनन जोरों पर

**समाज जागरण**

मैहर ।नवगठित मैहर जिले में खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की मिली भगत से पूरे जिले में रेत ,लाइमस्टोन पत्थर एवं मुरूम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि खनिज माफियाओं को प्रशासन का भाई ही नहीं है। मैहर जिले के बदेरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झिर्रहट पिपरहट में लाइमस्टोन का अवैध खनन बीते कई महीनो से किया जा रहा है जिस पर



भी खनिज विभाग के अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है और माफिया मनमानी पर उतारू है । सूत्रों की माने तो नादान का कोई पांडे द्वारा उक्त अवैध उत्खनन को अंजाम दिया जा रहा है जिसे मैहर क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि का संरक्षण भी प्राप्त है। सत्ता पक्ष के नेताओं की संरक्षण में मैहर जिले में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं जिन्हें खनिज विभाग अधिकारियों का कोई डर भी नहीं है । जिस प्रकार से जिले के अंतर्गत झिर्रहट पिपरहट में पनप रहा अवैध खनन का खेल चल रहा है उससे तो ऐसा ही लगता है कि इसमें कहीं ना कहीं खनिज विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत भी है। ऐसा नहीं है कि मैहर जिले में सिर्फ लाइमस्टोन का ही अवैध उत्खनन हो रहा है बल्कि सुनहरी रेत का कारोबार भी धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है।

## डायलिसिस करने वाले मरीजों को नहीं मिलती जरूरी दवाइयां

**समाज जागरण**

अनूपपुर। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिला चिकित्सालय में किडनी रोग से ग्रसित पेशेंट डायलिसिस हेतु आते हैं लेकिन देखा जा रहा है कि मरीज को जरूरी दवाइयां कई दिनों से नहीं मिल पा रही हैं जिसके कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है और जरूरी दवाइयां अन्यत्र स्थान से मगानी पड़ती है। बताया जाता है कि डायलिसिस के लिए प्रतिदिन 2 से 3 दर्जन मरीज जिला चिकित्सालय आते हैं लेकिन उन्हें कैल्शियम, इपीओ इंजेक्शन नामक दवाई नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा अक्सर देखा जा रहा है कि डायलिसिस की मशीन बिगड़ी रहती है एवं मरीज के लिए लगाए गए बिस्तर भी बिगड़े रहते हैं। इस समस्या को लेकर मैरिज एवं उनके परिजन के द्वारा अनेकों बार सिविल सर्जन का ध्यान भी आकर्षित कराया गया लेकिन उनके द्वारा सिर्फ एक ही उत्तर दिया जाता है कि दिखा लेते हैं लेकिन स्थिति अभी भी जस की तस बनी हुई है।

## यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने यमराज उतरे धरती पर, रोचक अंदाज से किया जागरूक

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान (IPS)* के निर्देश पर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज अनूपपुर जिले में एक अनूठी पहल देखने को मिली।



शहडोल से आए आर्टिस्ट श्री प्रकाश राव ने यमराज का रूप धारण कर बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट चलने वाले वाहन चालकों को रोककर यातायात का विशेष पाठ पढ़ाया। यमराज के आकर्षक और हास्य-भरे अंदाज को देखकर राहगीर भी रुककर नियमों की जानकारी लेते नजर आए। "हेलमेट ना पहनकर तुमने मुझे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी है,एक्सेप्ट कर लू क्या? जैसे डायलॉग ने लोगों का ध्यान खींचा।यह विशेष जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर आयोजित किया गया। शहर के प्रमुख स्थानों पर यह गतिविधि पूरे दिन आकर्षण का केंद्र बनी रही। विशेष अभियान रेलवे स्टेशन तिराहा,बस स्टैंड,सामतपुर,कलेक्ट्रेट ऑफिस मुख्य मार्ग,अंडरब्रिज तिराहा,इंद्रा तिराहा आदि विभिन्न स्थानों पर चलाया गया। हर स्थान पर यमराज लोगों को रुकवाकर हंसी-ठिठोली के साथ समझाते दिखे। इस अभियान से बड़ी संख्या में लोगों ने यातायात नियमों का महत्व समझा।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा : अमलाई में चचाई पुलिस की कार्यवाही

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान (IPS) के निर्देशन में चल रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत चचाई पुलिस ने कठोर और प्रभावी कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 18 वाहन चालकों पर चालान काटे। मौके पर ही ₹6500 का स्पॉट जुमार्ना वसूला गया।चालान कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस ने व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाया। चालानी कार्यवाही अमलाई चचाई मार्ग में रेलवे पुलिया के समीप की गई।वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी सुंदरेष मरावी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल चालान कार्रवाई करना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। चालानी कार्यवाही में थाना प्रभारी के साथ थाने का स्टाफ उपस्थित रहा।

## कानपुर में पेड़ पर लटका मिला दोस्तों के साथ निकले युवक का शव, हत्या की आशंका : बवाल

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। तीन दोस्तों के साथ घर से निकले युवक का शव आज सोमवार को सचेंडी थाना क्षेत्र में पेड़ पर लड़का मिला। परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल भी किया, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उनको समझ बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने बताया कि उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ,जिसकी रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घटना में पुलिस और फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए। परिजनों ने गांव के कुछ युवकों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना की जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए हैं। दोस्तों और उनके परिजनों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक बिठूर के तिवारीपुर गांव के मजरे बनी निवासी गौरव उर्फ मनीष तिवारी (28) प्राइवेट नौकरी करता था। पुलिस ने बताया कि परिवार में पिता रामदत्त तिवारी और छोटा भाई सौरभ है। मां की मौत करीब दस साल पहले हो चुकी है। गौरव का शव सोमवार सुबह सचेंडी के रैकेपुर इलाके में रिंग रोड के पास स्थित खेतों में नीम के पेड़ से इनर के सहारे लटका मिला। जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने गांव के ही युवकों पर हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। छोटे भाई सौरभ के मुताबिक गौरव रविवार सुबह घर से गांव के तीन युवकों के साथ निकला था। शाम तक वापस नहीं आया तो खोजबीन की। सुबह मौत की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि परिजन जो आरोप लगा रहे हैं। उस आधार पर जांच कराई जा रही है। इसके लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है।

# श्री गीता जयंती का कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न

जिसके भी जीवन में गीता।
उसका जीवन सुख में बीता।।

**समाज जागरण ओपीएम अमलाई ।** स्थानीय विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपीएम अमलाई में शासन व सरस्वती शिक्षा परिषद के आदेश अनुसार श्री गीता जयंती का आयोजन आज दिनांक 1 दिसंबर 2025 दिन सोमवार एकादशी के पवित्र पावन अवसर पर गरिमामय वातावरण में गौरवशाली परंपरा के अनुसार संस्था के प्राचार्य श्री मृगेंद्र कुमार श्रीवास्तव ,वरिष्ठ आचार्य श्री राम नारायण तिवारी, व्याख्याता श्री दिनकर पांडे के कर कमल द्वारा श्री कृष्ण भगवान ,श्रीमद् भागवत गीता का पूजन अर्चन किया गया। मंगलदीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । सर्वप्रथम वंदना, प्रार्थना का क्रम पूर्ण करते हुए कक्षा द्वादश की बहन प्रियंका तिवारी के द्वारा आकर्षक रोचक मनमोहक रंगोली ,गीता जयंती के संबंध में सारथी भगवान श्री कृष्ण अर्जुन विजय रथ के साथ बहन आकृति सिंह कक्षा द्वादश के द्वारा चित्रकला का सुंदर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नवम के भैया संस्कार तिवारी के द्वारा गीता के 15 में अध्याय का मधुर व रोचक गायन किया गया ।




जिसकी उपस्थित समुदाय ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की । श्री गीता जयंती कार्यक्रम के संयोजक श्री राम नारायण तिवारी जी के द्वारा गीता जयंती के पावन पवित्र पुनीत अवसर पर त्याग के द्वारा परमात्मा की प्राप्ति विषय पर, चोरी ,झूठ, कपट ,छल ,हिंसा का हमें त्याग करना चाहिए तथा यज्ञ ,दान, तप ,उपासना जीवन में करना चाहिए ।सभी का मान सम्मान ,प्रतिष्ठा मयार्दा का ध्यान रखना चाहिए आदि विषयों पर प्रेरणादाई विचार व्यक्त किया गया ।संस्था के प्राचार्य श्री मृगेंद्र कुमार श्रीवास्तव जी के द्वारा गीता जयंती के पावन अवसर पर भैया बहनों से प्रश्न पूछ कर तथा भैया संस्कार तिवारी के मधुर रोचक गीता गायन पर प्रसन्न होकर ₹100 की राशि प्रदान करते हुए उत्साह वर्धन किया गया । आपने अद्भुत गीताई मंदिर के बारे में भी भैया बहनों को जानकारी प्रदान की।

संस्था के वाणिज्य आचार्य श्री नारायणदास त्रिपाठी जी के द्वारा गीता जयंती के पावन पुनीत अवसर पर गीता जी की वैश्विक स्वीकार्यता एवं प्रभावशीलता पर विचार व्यक्त किया गया । इस अवसर पर शाला प्रबंधन द्वारा भी भैया बहनों को श्री गीता जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। संपूर्ण आयोजन में संस्था के समस्त आचार्य बंधु भगिनी कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के भैया बहनों की उपस्थिति सराहनीय व प्रशंसनीय रही है । कल्याण मंत्र के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजक मंडल की मनमानी से भाजपा नेताओ में दिखी नाराजगी

**समाज जागरण**

उमरिया।। उमरिया जिले में आज 1 दिसंबर से आयोजित राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान आयोजक मंडल की मनमानी से भाजपा नेताओं में भारी नाराजगी देखी गई। बाद में कलेक्टर की पहल पर भाजपा नेता माने तब जाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

दरअसल आयोजक मंडल के ऊपर पूर्व से ही पक्षपात और भाजपा नेताओं की उपेक्षा करने के आरोप लगते रहे हैं। इसके अलावा बीते माह अक्टूबर में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बाहर से आई टीमों के खिलाड़ियों को ना तो अच्छी और उचित व्यवस्था दी गई बल्कि उन्हें अच्छा भोजन नहीं दिया गया। इस बात की चर्चा चारों ओर रही है बावजूद इसके इस बार के राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भी जिम्मा उन्हीं के हवाले कर दिया गया जिनके ऊपर पहले से ही तमाम प्रकार के आरोप लगे हैं। भाजपा मीडिया प्रभारी की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि आज 1 दिसंबर को राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाना था, इस दौरान जब भाजपा नेता अमर सहित स्टेडियम पहुंचे तब उन्हें उतना सम्मान और तवज्जो नहीं दी गई। इस दौरान प्रतियोगिता के आयोजक मंडल की मनमानी भी साफ तौर पर देखी गई। आयोजक मंडल की इस हरकत के बाद भाजपा नेता कार्यक्रम स्थल से निकल गए। तभी इसी दौरान जिले के कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन आगे आकर नेताओं से बातचीत की तब उनकी पहल से नेतागण वापस मंच पर लौटे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी ने बताया कि पूर्व के माह अक्टूबर में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान भी प्रतियोगिता के आयोजक मंडल के द्वारा भाजपा नेताओं की सरेआम उपेक्षा की गई जबकि कार्यक्रम में कांग्रेस नेता को मुख्य अतिथि बनाया गया।वहीं आज 1 दिसंबर से राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल चयन प्रतियोगिता प्रारंभ हुई है इस दौरान भी आयोजक मंडल के द्वारा भाजपा के किसी बड़े नेता या मंत्री को नहीं बुलाया गया जबकि यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर का है। सर्व विदित है कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। वहीं जिले में दोनों विधायक और सांसद भाजपा पार्टी से हैं। संगठन के भी बड़े नेता मौजूद है लेकिन न जाने क्यों और किसके इशारे पर आयोजक मंडल अपनी मनमानी कर रहा है।

भाजपा नेताओं ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि लगातार आयोजक मंडल के ऊपर गंभीर आरोप लगते रहे हैं, लेकिन इस बार भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी उन्हें को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मनमानी करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को चिन्हित कर आयोजन समिति से बाहर का रास्ता दिखाए। अभी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ है यह प्रतियोगिता 6 दिसंबर तक की जानी है इस दौरान जिम्मेदार अधिकारी इस तरीके की मनमानी और किसी भी प्रकार के आरोपो से दूर रहे।

## प्रलेस अनूपपुर की सद्य: प्रकाशित पुस्तक गूँज प्रलेस की का विमोचन हुआ संपन्न

**समाज जागरण अनूपपुर**

प्रलेस अनूपपुर की पुस्तक गूँज प्रलेस की का विमोचन होटल मंदाकिनी में संपन्न हुआ, जिसमें भोपाल, जब लपुर, सीधी व्यौहारी, छत्तीसगढ़, उमरिया, शहडोल, कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी से प्रसिद्ध साहित्यकारों ने हिस्सा लिया।इस कार्यक्रम में मीना सिंह ने ले मसालें चल पड़े हैं लोग मेरे गाँव के गीत गाया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत गुलाब के फूल के पौधे देकर किया गया।दूसरे कार्यक्रम में प्रलेस अनूपपुर व कोतमा की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। अनूपपुर की कार्यकारिणी जिसमें राजेन्द्र कुमार बियाणी, पवन छिब्बर और डी एस राव संरक्षक,गिरीश पटेल अध्यक्ष, सुधा शर्मा व बालगंगाधर सेंगर उपाध्यक्ष, रामनारायण पाण्डेय सचिव, आनंद पाण्डेय जनसंपर्क अधिकारी, डॉक्टर असीम मुखर्जी कोषाध्यक्ष,संतोष कुमार सोनी सह सचिव, मीना सिंह, पी एस राउत राय,दीपक पाण्डेय व देवव्रत कर सदस्य अध्यक्ष मंडल के



रूप में चुने गए।इसके पश्चात गूँज प्रलेस की प्रलेस अनूपपुर की एवं शहडोल के राजिंदर राज की पुस्तक बा- अदब व पुस्तक माटी का विमोचन हुआ। अगले सत्र में भारतीय कौन विषय पर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त ने अपना सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें प्रगतिशील लेखक संघ मध्य प्रदेश के महासचिव तरुण गुहा नियोगी ने हस्तक्षेप किया। अंतिम सत्र हिंदी व बघेली कविता का कार्यक्रम था, जिसमें डॉक्टर परमानंद तिवारी, बघेली के प्रसिद्ध कवि डॉक्टर शिवशंकर मिश्र सरस,विभूति तिवारी, संतोष द्विवेदी,किरण सिंह, राजेंद्र सिंह राज, अरुण नामदेव,विजय उपाध्याय ,फैयाज खान,अविनाश अग्रवाल, यासिन खान,दीपक अग्रवाल, अमित पोखरियाल, अभिलाषा अग्रवाल, श्री पाटकर व डॉक्टर दुर्गा शंकर श्रीवास्तव ने सुंदर- सुंदर रचनापाठ कर श्रोताओं का मन मोह लिया इसमें इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले कवियों के अतिरिक्त अनूपपुर और बाहर से आए सैकड़ों की संख्या में प्रतिष्ठित व गणमान्य हस्तियों ने कार्यक्रम को गरिमामय कर दिया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन, प्रलेस अनूपपुर के अध्यक्ष गिरीश पटेल व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विजेंद्र सोनी ने किया। रात्रि भोज के पश्चात एक शानदार और गरिमामय कार्यक्रम का समापन हुआ।

## चार दशक की इंजीनियरिंग सेवा से सेवानिवृत्ति हुए श्री जी के मिश्रा

### साथी अधिकारी- कर्मचारियो ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर 1/ जनपद पंचायत कोतमा के सहायक मंत्री जी के मिश्रा के शासकीय अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के के सोनी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सेवानिवृत्ति अधीक्षण यंत्री श्री ए पी सिंह, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अनूपपुर के कार्यपालन यंत्री श्री अमर साय राम, सेवानिवृत सहायक यंत्री श्री डीएस भदोरिया जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री रावेन्द्र पटेल, परियोजना अधिकारी डॉ उमेश द्विवेदी, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री अंकुश मिश्रा, सहायक यंत्री श्री इंद्रजीत तिवारी, एसडीओ श्री प्रवेश गौतम, श्री रमेश पाण्डेय, सहायक मंत्री श्री शुभम श्रीवास्तव, उपयंत्री श्री अभिषेक श्रीवास्तव, श्री रवि शंकर डोंगरवार सहित अन्य वक्ताओं ने सहायक यंत्री श्री जी के मिश्रा के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इंजीनियर, जनपद एवं जिला पंचायत व ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

चार दशक से ज्यादा की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हुए सहायक यंत्री श्री जी के मिश्रा ने अपने कार्यकाल की यादें साझा की, उन्होंने सभी के सहयोग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर साथी अधिकारी- कर्मचारियों ने पुष्प हार, पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत्ति सहायक यंत्री श्री जीके मिश्रा का सम्मान किया।

## अवैध गिट्टी परिवहन करते हुए मेटाडोर जब्त, चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**समाज जागरण**

कोतमा। अवैध रूप से गिट्टी परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत कोतमा क्षेत्र में एक मेटाडोर को जब्त किया गया है। खनिक निरीक्षक ईशा वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतमा से लगभग 12 किलो मीटर दूर निगवानी गढ़ी तिराहे के पास बिना टीपी (ट्रांजिट पास) के मेटाडोर क्रमांक एमपी 65 जेड बी 9579 गिट्टी से भरा हुआ परिवहन करते पाया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन चालक रामकृपाल बैगा निवासी कोतमा से परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह किसी भी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर खनिज विभाग की टीम द्वारा पत्थरझगिट्टी से भरे वाहन को थाने लाकर खड़ा कराया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि चालक के विरुद्ध खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। वहीं वाहन मालिक की पहचान और उसकी भूमिका की जांच के लिए पुलिस तथा खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से तलाश की जा रही है। अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध विभाग की यह कार्रवाई लगातार जारी है।

## शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में छात्र छात्राओं की समस्या को लेकर एन.एस.यू.आई. ने सौंपा ज्ञापन

### भाजपा सरकार में शिक्षा हुई चौपट

**समाज जागरण**

उमरिया- शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं को लेकर छात्र-छात्राओं में गहरी नाराजगी है। महाविद्यालय में पढ़ाई को लेकर लंबे समय से चल रही समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर एन.एस.यू.आई. एवं छात्र प्रतिनिधियों द्वारा आज दिनांक को कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि कॉलेज में विषयवार शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से कक्षाएं नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रहीं, जिसके कारण छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। पुस्तकालय में पुस्तकों और बैठने की व्यवस्था न होने से छात्र-छात्राओं को अध्ययन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार प्रयोगशाला में आधुनिक उपकरणों की कमी के कारण प्रैक्टिकल कार्य बाधित हो रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्रों को आने-जाने में भारी परेशानी होती है, जिससे उनकी उपस्थिति और शिक्षा दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि जो शिक्षक उपस्थित होते हैं, वे भी समय पर कक्षा में नहीं पहुँचते और लापरवाही बरतते हैं। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर



एवं आस-पास सफाई व्यवस्था भी अत्यंत लचर स्थिति में है। छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाए, ताकि शिक्षण व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। मो. असलम शेर, जिला अध्यक्ष एन.एस.यू.आई. जिला उमरिया ने कहा कि शिक्षा हर छात्र का अधिकार है और इस अधिकार के संरक्षण के लिए एन.एस.यू.आई. हमेशा संघर्षरत रहेगी। महाविद्यालय में चल रही अव्यवस्थाओं के कारण छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है, जो बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है।हमारी यही मांग है कि कॉलेज की सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो, शिक्षक नियमित कक्षाएँ लें और छात्रों को पुस्तकों, प्रयोगशाला उपकरणों व परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। यदि जल्द ही इन समस्याओं पर कार्यवाही नहीं की गई, तो ठरवक छात्रहित में बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थिति एन.एस.यू.आई. जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कांत तिवारी, एन.एस.यू.आई. विधानसभा अध्यक्ष आकाश द्विवेदी, एन.एस.यू.आई. ब्लाक अध्यक्ष अम्बर शुक्ला, एन.एस.यू.आई.

कॉलेज अध्यक्ष ओम तिवारी, एन.एस.यू.आई. शीतला प्रताप कॉलेज अध्यक्ष अनुराग तिवारी, अनुराधा, मानसी, दीपिका, हर्षित रैदास, उषा राय, अंजलि बैगा, देविका, काजल साहू, प्रीति साहू, विकास कुशवाहा, राहुल, अंशिका सिंह कृष्णा आदि भारी संख्या में एन.एस.यू.आई. पदाधिकारी एवं छात्र छात्रा मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने विपणन शाखा एवं पीसीएफ संस्था के धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**
**दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विपणन शाखा एवं पी०सी०एफ० संस्था के विभिन्न धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है। डीएम ने विपणन शाखा केन्द्र मण्डी प्रथम व द्वितीय, पीसीएफ-बी० पैक्स फेनहा एट क्रय विक्रय महुली, विपणन शाखा केन्द्र बाबाबेलखरनाथ धाम व विपणन शाखा केन्द्र बाबाबेलखरनाथ धाम करमाही का निरीक्षण किया। विपणन शाखा केन्द्र मण्डी प्रथम के निरीक्षण के समय मौके पर केन्द्र प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी उपस्थित मिलें। तद्दिनांक तक 378.44 मी०टन खरीद 78 कृषकों से धान क्रय किया गया है। कृषक रविदत्त पाण्डेय ग्राम सोनबरसा पट्टी की 80 से 90 कुन्तल धान की तौल चल रही थी। धान प्रेषण शून्य है। डीएम ने खरीदे गये धान का सुरक्षित भण्डारण करते हुये, शीघ्र सम्बद्ध मिलों पर जी० पी०एस० युक्त वाहनों से धान का प्रेषण प्राथमिकता पर किये जाने हेतु निर्देशित किया और कहा कि किसानों की संख्या बढ़ायी जाये, सीमान्त कृषकों का धान अधिक से अधिक खरीद करें। धान की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें तथा क्रय नीति में वर्णित तथा निर्गत निदेर्शों का पालन प्रत्येक दशा में करें। मण्डी परिसर में विपणन शाखा के मण्डी द्वितीय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। तददिनांक तक 363.76 मी०टन धान 62 कृषकों से क्रय किया गया है। निरीक्षण के समय कृषक की धान तौल एक कांटा पर की जा रही है। निरीक्षण के समय कृषक रति यादव ग्राम सराय जंगुवारी की 60 से 70 कु० की तौल चल रही थी। केन्द्र पर समस्त प्रकार के अभिलेख उपलब्ध है। देय भुगतान 107.9 लाख के सापेक्ष 80.79 लाख का भुगतान पूर्ण है। डीएम ने निर्देशित किया कि क्रय केन्द्र पर कृषकों के धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो।



केन्द्र पर नियमानुसार एवं पारदर्शी तरीके से गुणवत्तायुक्त धान का क्रय कराकर धान कुटाई की व्यवस्था करें। पूर्व के वर्षों में विक्रेता कृषकों से सम्पर्क भी करें। पीसीएफ-बी० पैक्स फेनहा एट क्रय विक्रय महुली के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी सौरभ पाण्डेय सचिव केन्द्र पर उपस्थित मिलें। केन्द्र पर धान डम्प हो जाने के कारण खरीद नहीं की जा रही थी। केन्द्र पर क्रीत धान 2740.00 कु0 धान डम्प है। कृषक इमरान, ग्राम पड़री उपस्थित थे। किसान ईमरान की खरीद आज ही किये जाने हेतु केन्द्र प्रभारी को कहा गया। जिलाधिकारी द्वारा अतिशीघ्र धान प्रेषण सम्बद्ध मिलों पर नियमानुसार किये जाने हेतु निर्देशित किय गया। विपणन शाखा केन्द्र बाबाबेलखरनाथधाम के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी संजय कुमार शुक्ल, विपणन निरीक्षक उपस्थित मिलें। जिलाधिकारी द्वारा बॉट रखवाकर कांटे का सत्यापन किया गया। बैनर एवं बोरों की उपलब्धता के सम्बन्ध में केन्द्र प्रभारी से पूछा गया। खरीद हेतु उपयोगी बोरों की आपूर्ति मिलर द्वारा किया जा रहा है। केन्द्र पर वॉल पेंटिंग न पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा अब तक वॉल पेंटिंग न कराये जाने के सम्बन्ध में कारण भी पूछा गया। केन्द्र प्रभारी को केन्द्र की दीवार पर जानकारियां अंकित कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार विपणन शाखा केन्द्र बाबाबे लखरनाथधाम करमाही के निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी संजय कुमार शुक्ल उपस्थित पाये गये। मौके पर कृषक उमानाथ ग्राम करमाही की लगभग 40 कु० की तौल चल रही थी। केन्द्र पर 02 इलेक्ट्रानिक कांटा, बैनर, डस्टर, उपलब्ध पाया गया। केन्द्र पर दैनिक खरीद हेतु समस्त अभिलेख उपलब्ध हैं। केन्द्र पर 3526.60 कु० धान 66 कृषक से क्रय किया गया है। केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि नियमानुसार धान की तौल करायें। श्रमिक पंजिका, क्रय किये गये कृषकों का रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, आधार कार्ड एवं बैंक विवरण की छायाप्रति उपलब्ध रखा जाय। क्रीत धान के सापेक्ष देय भुगतान 103.53 लाख के सापेक्ष 76.63 लाख का भुगतान पूर्ण है। क्रय नीति के अनुसार केन्द्र पर नियमानुसार धान खरीद हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला खाद विपणन अधिकारी जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत अधिकारियों का सत्याग्रह आंदोलन शुरू, अधिकार हनन, गैर-विभागीय कार्य के विरोध में धरना

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




चोपन/ सोनभद्र। जनपद के चोपन विकासखंड में ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों ने शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया है। यह आंदोलन 1 दिसंबर 2025 को शुरू हुआ। आंदोलन के तहत, 1 दिसंबर से 4 दिसंबर 2025 तक धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित है। इसके बाद, 10 दिसंबर 2025 से सभी अधिकारी अपने निजी वाहनों का उपयोग बंद कर देंगे। 15 दिसंबर 2025 को सभी सचिव अपने डोंगल संबंधित ब्लॉक कार्यालयों में जमा कर देंगे। अधिकारियों का आरोप है कि उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है और उनसे गैर-विभागीय कार्य करवाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के लिए जारी FRS (फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम) दिशा-निदेशों का भी विरोध किया जा रहा है। चोपन ब्लॉक पर सचिव संगठन के महामंत्री और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के दीपक पांडेय के नेतृत्व में यह सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ। इसमें शिवकुमार मौर्य, वीरेंद्र कुमार, राहुल सिंह, निर्भय सिंह, दीपक सिंह और स्मिता यादव सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय जंबूरी में सोनभद्र का गेट सबसे अब्बल, मिला ए ग्रेड

- लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी में देश विदेश के लगभग चालीस हजार स्काउट गाइड प्रतिभाग किये।
- उत्तर प्रदेश की ओर से सोनभद्र गाइड विंग ने बनाया जम्बूरी का सर्वोत्तम गेट

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**



सोनभद्र। ग्रेंड फिनाले डायमंड जुबली 19 वी राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ में आयोजित हुई, जिसमें विंध्याचल मण्डल के जनपद सोनभद्र को गाइड संवर्ग में उत्तर प्रदेश का स्टेट गेट बनाने को मिला। जिसमें सभी के सहयोग से ए ग्रेड हासिल हुआ जो जनपद के स्काउटिंग इतिहास का एक बेहतरीन पल था। जनपद सोनभद्र को उक्त दायित्व देने के लिए डॉ प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त, आनन्द सिंह रावत प्रादेशिक सचिव, रविंदर कौर सोखी प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड, राजेश प्रजापति सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त विंध्याचल मण्डल को विशेष रूप से आभार। साथ ही जनपदीय टीम को अपने मार्गदर्शन में जयराम सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, मुकुल आनंद पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डॉ प्रबोध कुमार सिंह जिला मुख्यायुक्त, धीरेन्द्र प्रताप सिंह जिला सचिव, अब्दुल कयूम अहमद जिला कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार मौर्य सहायक जिला सचिव, सैयद अनवर हुसैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त ने तैयार की।

उक्त जम्बूरी में जिला संगठन आयुक्त सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में 37 स्काउट, 28 गाइड 17 स्काउट मास्टर, 6 गाइड कैप्टन समेत कुल 82 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। उक्त जम्बूरी में कठिन परिश्रम से सत्यनारायणकनौ जिला जिला आयुक्त, रमाकान्त कुशवाहा राष्ट्र पति पुरस्कृत शिक्षक, अर्चना सिंह जिला आयुक्त बुलबुल, स्नेहा सिंह डी ओ सी गाइड, शुभम कुमार सोनी अध्यक्ष युवा समिति, शिव पूजन सिंह, दिलदार सिंह, अनिता, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, दया शंकर, राम रक्षा, प्रमोद कुमार, डॉ बृजेश सिंह महादेव ब्लाक स्काउट मास्टर नगवां, अर्चना सिंह, प्रभा पाल, विनोद पाण्डेय, बाबू राम सिंह, उमा गुप्ता, चन्द्र प्रकाश ने सफलता दिलाने में प्रयास किया। जनपद सोनभद्र से आदिवासी इण्टर कालेज सिलथम, पार्वती बालिका इंटर कालेज जयमोहरा, आदर्श इण्टर कालेज रावट्सगंज, श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इण्टर कालेज मधुपुर, श्री रामकेश सिंह इण्टर कालेज पुरना, सोनांचल इण्टर कालेज घोरावल, राजकीय हाईस्कूल दिघुल, कम्पो जिट विद्यालय दिघुल, कम्पो जिट विद्यालय खरुआव, डी ए वी पब्लिक स्कूल ओबरा, सनबीम पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज ओबरा के स्काउट/गाइड ने प्रतिभाग किया। जम्बूरी से लौटी पूरी टीम को डॉ आरती सिंह, हरि शंकर मिश्रा, काशी प्रसाद मौर्य, पूजा राय, अशोक कुमार, नन्द किशोर, गणेश देव पाण्डेय, सुखपाल यादव, नीरा सिंह, राकेश कनौजिया, दीपक कुमार, अजय कुमार सिंह, डॉ रितिका श्रीवास्तव, सतीश कुमार सिंह ने बधाई दी।

# विश्व एड्स दिवस पर नगवां ब्लाक क्षेत्र के पंडरी गांव में किया गया जागरूकता शिविर का आयोजन

**ब्यूरो समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से प्रयत्न संस्था द्वारा एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स परियोजना के तहत सोनभद्र जिले के नगवा ब्लॉक के पड़री गांव में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता शिविर का ग्राम प्रधान बाबुलाल की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में 100 से अधिक महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया।

गतिविधि दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ यश शर्मा ने कहा कि एड्स एक लाईलाज बीमारी है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने, संक्रमित सुई या इंजेक्शन उपयोग करने से, संक्रमित खून चढ़ाने से, संक्रमित माँ से बच्चे को प्रसव या स्तनपान के दौरान फैलती है ।तथा इसके लक्षणों के बारे में बताया कि लगातार बुखार रहना, वजन कम होना, रात को पसीना आना, त्वचा पर दाने निकलना, कमजोरी एवं थकान रहना एवं बार बार संक्रमण होना आदि इसके लक्षण हो सकते है तथा जाँच के बारे में एचआइबी के लिए खून की जाँच करवानी चाहिए बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि हमेशा सुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाये रखें, सुई एवं इंजेक्शन शेयर ना करें, खून चढ़ाने से पहले एचआईबी टेस्ट करवाए, संक्रमित माँ को एआरटी की दवाएं देकर फैलने से रोका जा सकता है आगे फार्मासिस्ट सुधाकर प्रजापति ने बताया कि एड्स कभी भी हाथ मिलाने, गले मिलने, साथ खाने से, किस करने नहीं फैलता है। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी सुन्दर सिंह ने संस्था एवं परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि प्रयत्न संस्था नगवा ब्लॉक के 20 चयनित गाँवो में संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स परियोजना के तहत स्वास्थ्य पर कार्य कर रही है। टीम में परियोजना अधिकारी सुन्दर सिंह, मेडिकल ऑफिसर डॉ यश शर्मा, फार्मासिस्ट सुधाकर प्रजापति, लैब टेक्निशियन आशीष कुमार, स्टॉफ नर्स श्रीमती सुनैना एवं एम एम यू पायलट धर्मेन्द्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गीता जयंती पर जयप्रभा मंडपम में आयोजित हुई गोष्ठी का आयोजन

"मानव जीवन में धर्मशास्त्र गीता की उपयोगिता" विषय पर हुआ विचार - मंथन

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**



सोनभद्र। गीता जयंती समारोह समिति सोनभद्र द्वारा गीता जयंती के अवसर पर सोमवार को विचार - गोष्ठी आयोजित की गई। "मानव जीवन में धर्मशास्त्र गीता की उपयोगिता" विषय पर आयोजित गोष्ठी में कहा गया कि गीता जीविका - संग्राम का साधन नहीं अपितु जीवन संग्राम में शाश्वत विजय का क्रियात्मक प्रशिक्षण है। इसलिए यह युद्ध - ग्रन्थ है और यह युद्ध कहीं बाहर नहीं होता। यह युद्ध आंतरिक है। यह दैवी और आसुरी संपद, सजातीय एवं विजातीय, सद्गुण एवं दुगुर्णों का संघर्ष कहा गया है, जिसका परिणाम शाश्वत - सनातन परब्रह्म की प्राप्ति है। वक्ताओं ने कहा कि गीतोक्त पथ पर चलने के पूर्व मनुष्य सांसारिक उपलब्धियों, सुख-समृद्धि को ही महत्वपूर्ण समझता है। पूरा जीवन इन्हीं के लिए खपा देता है। वह कितना भी धन - संपदा अर्जित कर ले, कितने भी बड़े ओहदे पर हो जाये, वह कितना भी सुखी दिखाई देता है किन्तु वह वास्तव में सुखी नहीं होता। भौतिक समृद्धि कभी मनुष्य के स्थायी सुख का माध्यम नहीं बन सकती। आत्मिक संपत्ति ही स्थिर संपत्ति होती है, गीता हमें हमारे आत्मिक संपत्ति का ही हमसे परिचय कराती है और उस शाश्वत सुख की ओर अग्रसर कर देती है जिसके परिणामस्वरूप शाश्वत - सनातन परब्रह्म की प्राप्ति संभव हो जाती है। साहित्यकार पारस नाथ मिश्र ने कहा कि गीता मनुष्य का उससे वास्तविक साक्षात्कार कराती है कि वह वास्तव में कौन है? गीता के अनुसार मनुष्य परमात्मा का ही विशुद्ध अंश है। उसे परमात्मा का आश्रय ही यथार्थ की उपलब्धि करा सकता है। डा0 बी सिंह ने कहा कि गीता का आशय इन्द्रियों के अतीत होने से है। जिसने शरीर रहते मन सहित इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर आत्मा को जान लिया वही सुखी है। आत्मा परमात्मा का विशुद्ध अंश है। इसलिए इस आत्मा को जानना हमारा कर्तव्य है। विषय प्रवर्तन करते हुए अरुण कुमार चौबे ने कहा कि संसार के विषयों से मनुष्य को स्थायी सुख की प्राप्ति नहीं हो सकती। गीतोक्त पथ पर चलते हुए अपनी ही आत्मा का साक्षात्कार कर लेने पर स्थायी सुख की अनुभूति होती है। गीता क्रियात्मक योग है। आभार प्रकट करते हुए कवि जगदीश पंथी ने कहा कि गीता साक्षात भगवान के श्रीमुख से निःसृत वाणी है। यह मानव मात्र का धर्मशास्त्र है। संचालन पत्रकार भोलानाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर विजय कनोडिया, सी पी गिरि, रामानुज पाठक, गणेश पाठक, आलोक चतुर्वेदी, नरेंद्र पाण्डेय, विमल चौबे , राज कुमार, चंद्रकांत तिवारी आदि उपस्थित रहे। गीता जयंती के अवसर पर गीता जयंती समारोह समिति सोनभद्र द्वारा सोमवार को पांच विभूतियों को गीता के अविनाशी योग के प्रचार-प्रसार में योगदान हेतु सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता

दीपक केसरवानी, ईश्वर विरागी, धनंजय पाठक, जटाशंकर पांडेय, चन्द्र प्रकाश जायसवाल को प्रशस्ति-पत्र देकर उनके प्रयास की सराहना की गई।

# अनपरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अभियुक्ता के कब्जे से 5.63 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद, कीमत लगभग ₹1,10,000/

**ब्यूरो समाज जागरण**




सोनभद्र। थाना अनपरा पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। आज दिनांक 01. 12.2025 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 200/ 2025, धारा 8/21 NDPS Act से संबंधित अभियुक्ता शिवकुमारी पत्नी रमन, निवासी वार्ड नं. 12 डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 37 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया जा रहा है। घटना दिनांक 01.12.2025 को समय करीब 10:02 बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा दुर्गा मंदिर, डिबुलगंज जाने वाली सड़क के पास, ग्राम डिबुलगंज में चेकिंग के दौरान अभियुक्ता शिवकुमारी के कब्जे से 5.63 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ₹1, 10,000/- है।

वांछित अभियुक्त रमन पुत्र बसंत, निवासी वार्ड नं. 12 डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 40 वर्ष अभियुक्ता का आपराधिक इतिहास (जनपद सोनभद्र) मु0अ0सं0 200/2025, धारा 8/21 NDPS Act मु0अ0सं0 70/2020, धारा 60 Excise Act गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 संतोष कुमार सिंह, चौकी प्रभारी रेनूसागर, थाना अनपरा म0का0 फूलमती यादव, थाना अनपरा हे0 का0 विजय यादव, थाना अनपरा पुलिस की यह कार्रवाई नशीले पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

# तहसील ओबरा से भी राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ प्रमोशन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**




ओबरा/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय "राष्ट्रीय लोक अदालत" का सोमवार 01 दिसम्बर 2025 को सहयोगियों संग तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं प्रोत्साहक तहसीलदार नरेंद्र राम ने तहसील कर्मचारियों, गणमान्य समेत परा विधिक स्वयंसेवक कमाल अहमद के साथ प्रचार प्रसार किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के बैनर तले एकत्रित तहसीलदार नरेंद्र राम ने आमजनों से आह्वान किया कि अपने वाद/विवाद का त्वरित निस्तारण सुलह समझौता के आधार पर निःशुल्क करायें और मुकद्दमों से बचें। कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत और ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिबद्ध है कि न्याय सबको मिले। तहसीलदार श्री राम ने बताया कि 13 दिसम्बर 2025 को जनपद सोनभद्र में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में विशिष्ट विषय अपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, आर्बिट्रेशन एवं पेट्टी ऑफिंस के वाद, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक, श्रम एवं भूमि अधिग्रहण, विद्युत बिल, सर्विस में वेतन एवं भत्तों से संबंधित सेवा निवृत्तिक परिलाभों से संबंधित विवाद, राज्यों से संबंधित मामले, सुलह योग्य प्री लिटिगेशन मामलों को भी सुलह समझौता के आधार पर संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष/ तहसीलदार ओबरा नरेन्द्र राम पेशकार अतुल मालवीय, सुरेश कुमार यादव, कानून गो विजय शंकर शुक्ला, तहसील कर्मी राजाराम पाठक, अशोक शर्मा, पीएलवी कमाल अहमद समेत अधिवक्ता नसीम खान, सत्य प्रिय अग्रवाल, अशर्फी पटेल, बृजेश पांडेय, विवेक पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# सचिवों से लिए जा रहे " गैर विभागीय कार्यों" के विरोध में शान्तिपूर्ण सत्याग्रह आन्दोलन प्रारंभ

**ब्यूरो समाज जागरण**

राबर्ट्सगंज/ सोनभद्र। केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष डा.प्रदीप कुमार सिंह एवं सुबाष चन्द्र पाण्डेय के दिशा- निर्देशन में ग्राम पंचायत



अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति वि.ख. राबर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र के द्वारा "ऑनलाइन उपस्थिति (एफ.आर.एस.) एवं सचिवों से लिए जा रहे " गैर विभागीय कार्यों" के विरोध में शान्तिपूर्ण सत्याग्रह आन्दोलन आज दिनांक 01 दिसम्बर 2025 दिन सोमवार से 4 दिसम्बर 2025 तक ब्लॉक स्तरीय विरोध प्रदर्शन प्रारंभ हो गया है। 05 दिसम्बर 2025 को धरना कार्यक्रम एवं ज्ञापन प्रेषण तथा जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सअप ग्रुपों से सभी सचिव लेफ्ट हो जायेगें तथा दिनांक 10 दिसम्बर 2025 से सभी सचिव अपने निजी वाहन का प्रयोग बन्द कर देंगे। दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को सभी सचिव अपने डोंगल को ब्लाक पर जमा कर देंगे। इसमौके पर अध्यक्ष अरूण सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, महामंत्री प्रीति पाठक, कोषाध्यक्ष राकेश दूबे, महामंत्री दीपक पाण्डेय तथा छोटेलाल यादव समेत तमामग्रा. वि. अधिकारी संघ के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जन जागरूकता लाने के दृष्टिगत जन-जागरूकता विशाल रैली को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज दिनांक 1 दिसम्बर 2025 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जन जागरूकता लाने के दृष्टिगत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से एक जन-जागरूकता विशाल रैली का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी, सोनभद्र द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, जो राबर्ट्सगंज शहर के विभिन्न मार्गो से चक्रमण करते हुए महिला थाना, काशी राम आवास से होते हुए जिला क्षय रोग कार्यालय में एक गोष्ठी के रूप में परिर्तित हो गया। इस रैली में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, उ0प्र0 एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के समस्त कर्मचारी तथा किर्ती पॉली नर्सिंग कालेज, राबर्ट्सगंज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस वर्ष की थिम बाधाएं दर किनार, एच0आई0वी0 पर सशक्त प्रहार है। इस विषय पर ओम प्रकाश पाण्डेय कालेज ऑफ पैरामेडिकल एण्ड साइंसेज में गोष्ठी का आयोजन एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने एच0आई0वी0/एड्स के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एड्स विषय पर जानकारी ही बचाव है। अधिक से अधिक लोगों तक इस सम्बन्ध में जागरूकता पैदा की जाय तथा टी0बी0 एवं एड्स के बीच के सम्बन्ध की गम्भीरता को बताते हुए यह कहा कि सभी टी0बी0 के रोगियों में एच0 आई0वी0 की सम्भावना अधिक होती है। एच0आई0वी0 की जाँच सभी प्राथमिक/सामुदायिक केन्द्रों पर निःशुल्क की जाती है तथा एच0आई0वी0 से ग्रस्त रोगी का उपचार भी अन्य रोगियों जैसा ही



किया जाता है। सभा में उपस्थिति अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर आनन्द मौर्य, सतीश सोनकर, अभिमन्यु, विजय, विमल, अखिल, शावेज, शिवशंकर आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने बताया कि संक्रमण चार तरीको से हो सकते हैं, जिसमें एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबध से। एचआईवी संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद के चढाए जाने से। एचआईवी संक्रमित सुइयों एवं सीरिंज के साझा प्रयोग से। एचआईवी संक्रमित मॉ से उनके होने वाले बच्चों को। इसी प्रकार से एच.आई.वी. इन तरीको से नहीं फैलता है, हाथ मिलाने से। एक साथ घर मे रहने से। कपडों के आदान प्रदान से। साथ खाना खाने से। मच्छर के काटने से। शौचालय अथवा स्वीमिंग पूल के साझा प्रयोग से।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि एचआईवी संक्रमण से बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि असुरक्षित यौन संबंध से बचे। संयम वरते, जीवन साथी के प्रति वफादर रहे, कण्डोम का प्रयोग करें। कण्डोम का प्रयोग एचआईवी संक्रमण से बचाता है। यदि रक्त की आवश्यकता हो तो सदैव सरकारी अथवा लाइसेंसशुदा जाँचा परखा रक्त ही लें। नियमित रक्तदान करें ताकि जरूरतमंद व्यक्ति दलालों के चंगुल में फंसकर संक्रमित रक्त लेने को मजबूर न हों। सुनिश्चित करें कि इस्तेमाल की जानी वाली सीरिंज नई तथा सीलबन्द हो। आपके द्वारा इस्तेमाल की गयी सीरिंज उचित ढंग से निस्तारित/खडित कर दी गयी है। हर गर्भवती माँ की एचआईवी जाँच सुनिश्चित करें। एचआईवी संक्रमित माँ का प्रसव चिकित्सक की देखरेख में ही करायें। एचआईवी की जाँच व इलाज सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला चिकित्सालय में स्थापित आई0 सी0टी0सी0 सेण्टर में मुफ्त होती है। सभी गर्भवती माताओं के मुफ्त जाँच की सुविधा भी उपलब्ध है। हमें एचआईवी पीड़ित किसी भी व्यक्ति से भेदभाव, लांछन या घृणा नही करना चाहिए। ऐसा व्यक्ति अज्ञानता वश ही संक्रमण का शिकार हो गया है। ऐसे व्यक्ति को हमारी तरह ही समाज में इच्छापूर्वक जीने का अधिकार है। उसका तिरस्कार/ बहिस्कार न करें सहानुभुति और सम्मान दें।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय रॉबर्ट्सगंज द्वितीय का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती जागृति अवस्थी द्वारा आज प्राथमिक विद्यालय रॉबर्ट्सगंज द्वितीय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, छात्र उपस्थिति, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया तथा निपुण भारत अभियान से संबंधित गतिविधियों का विस्तार से अवलोकन किया गया। विद्यालय में 149 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 123 छात्र (82प्रतिशत) उपस्थित




पाए गए। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि सभी शिक्षक श्रीमती सुषमा सिंह, प्रधानाध्यापक, खुशबरी, अर्चना तिवारी, आनन्दिता सिंह तथा श्री सुशील कुमार सिंह (शिक्षा मित्र) अपने-अपने कक्षाओं में शिक्षण कार्य करते पाये गयें। निरीक्षण के दौरान यह महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया कि विद्यालय में छात्रों को विषयवार व्यवस्थित रूप से नोटबुक पर लेखन कार्य कराया जाता है तथा शिक्षकों द्वारा उन नोटबुक्स की नियमित जांच की जाती है, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सतत सुधार दिखाई देता है। मुख्य विकास अधिकारी ने निपुण भारत अभियान के अंतर्गत छात्रों को निपुण बनाने हेतु शिक्षकों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों, नवाचारों एवं सुदृढ़ दस्तावेजीकरण की सराहना की और सभी शिक्षकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। निरीक्षण के अंत में उन्होंने विद्यालय को निर्देशित किया कि इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अधिगम दक्षताओं के विकास और छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास जारी रखें।

# विश्व एड्स दिवस पर राम नगीना फामेर्सी कॉलेज द्वारा जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। दुद्धी मे विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को राम नगीना फामेर्सी कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज द्वारा जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संरक्षक उपेंद्र यादव के मार्गदर्शन में जबकि संचालक शुभांगी अग्रहरी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ सिशान्त राव दिव्य तथा नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या आमीना नसरीन भी मौजूद रहीं। सभी सहयोगी शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए।रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर जागरूकता संदेशों के साथ नगर भ्रमण कर सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात छात्रों द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, दुद्धी में नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटक प्रशासन के सहयोग तथा शिक्षकगण की उपस्थिति में आयोजित हुआ। नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने एचआईवी/एड्स के कारण,



लक्षण, बचाव और उपचार की महत्वपूर्ण जानकारी सरल और प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंत में संरक्षक उपेंद्र यादव नें दोनों प्राचार्यों तथा शिक्षकगण ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए उन्हें बधाई दी।

# माह दिसम्बर 2025 की सिंचाई बन्धु की बैठक 09 दिसम्बर को

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अधिशासी अभियन्ता एवं सुचिव सिचाई बन्धु सोनभद्र ने अवगत कराया है की जनपद सोनमद्र की सिंचाई बन्धु की बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को आयोजित की जाती है।

माह दिसम्बर 2025 की सिंचाई बन्धु की बैठक दिनांक 09 दिसम्बर 2025 को चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह बढौली रावट्र्सगंज में पूर्वान्ह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक श्री लाल बहादुर पाण्डेय उपाध्यक्ष सिंचाई बन्यु जनपद सोनभद्र की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। कृषकों की समस्याओं के गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण हेतु मा० जन प्रतिनिधिगण एवं सम्बन्धित अधिकारीगण की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

# विश्व एड्स दिवस पर जिले में जागरूकता का व्यापक संदेश

## साझा जिम्मेदारी और सावधानी से ही संभव है एड्स पर नियंत्रण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

विश्व एड्स दिवस समाज को याद दिलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि एचआइवी/एड्स केवल स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी, जागरूकता और संवेदनशीलता से जुड़ा एक व्यापक विषय है। इस वर्ष की थीम वैश्विक एकजुटता, साझा जिम्मेदारी ठीक इसी संदेश को सामने लाती है–कि एड्स को रोकने में सरकार, स्वास्थ्यकर्मी, समाज और हर नागरिक की समान भूमिका है। किशनगंज जिले की स्थिति भी यह स्पष्ट करती है कि संक्रमण का खतरा कम जरूर हुआ है, लेकिन पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ। टेस्टिंग बढ़ी है, जागरूकता बढ़ी है, पर संक्रमण के बचे हुए जोखिम हमें सतर्क रहने की जरूरत बताते हैं। सिविल सर्जन डॉ राज कुमार चौधरी ने कहा कि जिले के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022-23 में 67 हजार 709 लोगों की जांच की गई, जिनमें 265 लोग एचआइवी पॉजिटिव पाए गए थे। इसके बाद वर्ष 2023-24 में टेस्टिंग बढ़कर 75 हजार 761 हो गई और पॉजिटिव मामले घटकर 201 रह गए। वर्ष 2024-25 में 82 हजार 934 लोगों की जांच में 145 लोग संक्रमित मिले। वहीं वर्तमान वर्ष 2025-26 में जनवरी से नवंबर




तक 83 हजार 983 लोगों की जांच की जा चुकी है, जिनमें 161 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। यह स्थिति बताती है कि जिले में टेस्टिंग बेहतर हुई है, लेकिन संक्रमण का प्रसार अभी भी चिंता का विषय है। विश्व एड्स दिवस इसी चेतावनी और जागरूकता को व्यापक बनाने का अवसर देता है।

**एचआइवी कैसे फैलता है–और क्यों जरूरी है सतर्कता**

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या सिरिंज का उपयोग, असुरक्षित रक्त चढ़ाना और संक्रमित मां से बच्चे में संक्रमण फैलता है।उन्होंने कहा कि हमेशा सुरक्षित यौन संबंध बनाएं, कंडोम का प्रयोग करें, किसी की सिरिंज या ब्लेड साझा न करें। गर्भवती महिलाएं एचआइवी जांच अवश्य कराएं–यही संक्रमण रोकथाम की सबसे प्रभावी रणनीति है।एचआइवी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है, जिससे टीबी, कैंसर, दोहराए जाने वाले संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**लक्षणों की अनदेखी न करें–जांच ही पहला कदम है**

डॉ. चौधरी ने बताया कि लगातार बुखार, वजन में कमी, रात में पसीना आना, त्वचा पर चकत्ते, खांसी का लंबे समय तक रहना या बगल-गले में सूजन–ये सभी संकेत एचआइवी संक्रमण की ओर इशारा कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि लक्षण दिखने पर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत जांच कराएं। समय पर पता चल जाने से इलाज शुरू किया जा सकता है और व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।

**भ्रम और भेदभाव–एड्स नियंत्रण की सबसे बड़ी बाधा**

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनवर हुसैन ने कहा कि हाथ मिलाने, साथ बैठने, भोजन करने, खांसने-छींकने या मच्छर के काटने से एचआइवी नहीं फैलता।उन्होंने कहा कि एड्स के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा अवरोध है–भेदभाव। संक्रमित व्यक्ति समाज का हिस्सा हैं, उन्हें अलग नजर से देखने की जरूरत नहीं।उन्होंने बताया कि जागरूकता फैलाना और गलत धारणाओं को खत्म करना ही एड्स रोकथाम की सबसे मजबूत रणनीति है।

**क्यों जरूरी है 'साझा जिम्मेदारी'**

गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ने बताया कि इस वर्ष की थीम ह्लवैश्विक एकजुटता, साझा जिम्मेदारीह्व हमें यह समझाती है कि एचआइवी/एड्स से लड़ाई केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है।

इसका अर्थ है कि हर व्यक्ति अपने व्यवहार में सावधानी अपनाए।समाज भेदभाव खत्म करे।युवा यौन शिक्षा को एक सामान्य ज्ञान की तरह स्वीकार करें।परिवार और समुदाय खुले में इस विषय पर चर्चा करें।सरकारें और स्वास्थ्य संस्थान बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएं।इसी सामूहिक प्रयास से 2030 तक एड्स मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

**रैली और कार्यशाला–जागरूकता का संदेश शहर तक पहुंचा**

विश्व एड्स दिवस पर आज सिविल सर्जन कार्यालय प्रांगण से जागरूकता रैली को सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एएनएम स्कूल की छात्राओं, स्वास्थ्यकर्मियों और आईसीटीसी टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को एड्स से बचाव के उपाय बताए। इसके साथ ही सिविल सर्जन की अध्यक्षता में जागरूकता सह कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों को एचआइवी रोकथाम, ART सेवाओं, संक्रमण नियंत्रण और समुदाय स्तर पर संवाद बढ़ाने की तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया गया।

**जिम्मेदारी हमारी, सुरक्षा हम सभी की**

डॉ. चौधरी ने कहा कि एड्स के खिलाफ लड़ाई में सही जानकारी, सावधानी और सामाजिक संवेदनशीलता ही असली ताकत है। जागरूक होकर हम एक सुरक्षित और भेदभाव-मुक्त समाज बना सकते हैं।विश्व एड्स दिवस का यह संदेश हर नागरिक तक पहुंचे–यही इस अभियान का लक्ष्य है।

# पटना के पालीगंज में बकाया बिजली बिल भुगतान करना हुआ अनिवार्य

## जमा नही करने पर दिसम्बर माह से कटेगी बिजली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ मुख्य मंत्री विद्युत सहायता योजना से लोगों को 125 यूनिट निः शुल्क बिजली दी जा रही है। इसके बावजूद भी पहले से बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहें है। ऐसे में बिभाग ने फैसला लिया है कि बकाया बिजली बिल नही जमा करनेवाले उपभोक्ताओं की कनेक्शन दिसम्बर माह से काट दी जाएगी।

जिसकी जानकारी देते हुए पालीगंज सहायक बिधुत अभियंता बिपिन बिहारी लाल ने बताया कि पूर्व का सभी बकाया बिल सभी उपभोक्ताओं को भुगतान करना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं से बार बार अनुरोध के बावजूद भी बकाया बिजली बिल नहीं भुगतान किया जा रहा है। बिजली चोरी करनेवालों के खिलाफ कार्यवाई की जा रही है। मुख्यालय के निर्देश पर बकाया बिल और चोरी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश है। दो माह से अधिक बिजली बिल बकाया रखने बाले उपभोक्ताओं की बिजली काटी जाएगी इसकी सारी जवाबदेही उपभोक्ताओं की होगी। अतः बिपिन बिहारी लाल ने पालीगंज बिधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल के अंतर्गत आनेवाले सभी बिधुत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि बिजली बिल का भुगतान कर दें और लाइन कटने से बचे। अब बिहार में 125 यूनिट बिजली फ्री है इसलिए उपभोक्ता बिजली चोरी करने से बचे। वही उन्होंने बताया कि दिसंबर माह से बकाया बिजली बिल रखने वाले उपभोक्ताओं से बिजली बिल वसूली करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। नहीं भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं की लाइन काटी जाएगी। बकायेदार उपभोक्ताओं की बिजली काटने के बावजूद अगर बिजली का उपयोग करते हुए पाए जाएंगे इनपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतः एक बार फिर सभी केंद्र उपभोक्ताओं से आनुरोध है कि बकाया बिजली भुगतान कर दें और कानूनी कार्रवाई से बचे।

# पटना जंक्शन पर ऑटो व ई रिक्सा चालको का हंगामा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जंक्शन के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से प्रशासन ने सोमवार से एक बड़ा निर्णय लागू किया है। इस फैसले के तहत जंक्शन क्षेत्र की परिधि में किसी भी प्रकार की भाड़े वाली गाड़ी जैसे ऑटो और ई-रिक्शा की एंट्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस निर्णय से जहां ट्रैफिक पुलिस को उम्मीद है कि भीड़भाड़ कम होगी। वहीं ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने इसे अपने रोजगार पर सीधा प्रहार बताया है और इसके विरोध में सड़क पर उतर आए हैं।स्टेशन परिसर में एंट्री बंद होने की सूचना मिलते ही पटना जिला ऑटो ई-रिक्शा संघ समेत कई संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में चालक सड़क पर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इससे दिनभर आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू कुमार यादव ने कहा कि यह फैसला न केवल चालकों के रोजगार को प्रभावित कर रहा है बल्कि यात्रियों के लिए भी असुविधा पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि संघ ने स्वेच्छा से शहर में ऑटो और ई-रिक्शा परिचालन बंद करने का फैसला लिया है और मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। रविवार को पटना कमिश्नर एसएसपी व ट्रैफिक एसपी ने संयुक्त रूप से पटना जंक्शन क्षेत्र का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद यातायात को बेहतर बनाने के मकसद से कई बदलावों को लागू करने का निर्णय लिया गया। अब से पटना जंक्शन की सीमा में सिर्फ निजी वाहनों को प्रवेश की अनुमति होगी। भाड़े वाले ऑटो, रिक्शा और अन्य वाणिज्यिक वाहन स्टेशन के ठीक सामने तक नहीं जा सकेंगे। इसका उद्देश्य स्टेशन के सामने होने वाली अव्यवस्थित भीड़ को कम करना है। कंकड़बाग की ओर से पटना जंक्शन आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा को अब नया रूट फॉलो करना होगा। इन गाड़ियों को चिरैयाटांड़ पुल के ऊपर से जीपीओ गोलंबर, आर ब्लॉक गोलंबर, फिर मल्टी लेवल पार्किंग हब की ओर ले जाया जाएगा। वहां से वे निर्धारित पार्किंग क्षेत्र में रुक सकेंगे। जंक्शन से कंकड़बाग की ओर लौटने वाले वाहनों के लिए भी नया मार्ग निर्धारित किया गया है। इसके तहत मल्टी लेवल पार्किंग से निकले ऑटो पाया नंबर चार के सामने से जीपीओ नीचे, फिर आर ब्लॉक गोलंबर होते हुए चिरैयाटांड़ पुल के ऊपर से कंकड़बाग की ओर जाएंगे। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि एक्जीबिशन रोड के दोनों ओर ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा पटना जंक्शन गोलंबर के ऊपर से जीपीओ गोलंबर के नीचे तक नो पार्किंग क्षेत्र घोषित किया गया है। इस पूरे हिस्से में किसी भी सार्वजनिक वाहन को रुकने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन का कहना है कि यह कदम जंक्शन क्षेत्र में होने वाली अव्यवस्था, जाम और सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए उठाया गया है। रेलवे स्टेशन शहर का सबसे व्यस्त क्षेत्र है और वहां अनियंत्रित पार्किंग और वाहनों की भीड़ के कारण अक्सर आपात स्थिति में भी रास्ता साफ नहीं रह पाता।

# पुलिस ने रामपुर चेक पोस्ट में 1 किलो 400 ग्राम सोना किया जब्त

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज में पुलिस ने रविवार की देर रात ने सोना तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। रामपुर चेक पोस्ट में 1 किलो 400 ग्राम सोना जब्त किया है। इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है।सोना कोलकाता से सिलीगुड़ी लेकर जा रहे थे , गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मिलिंद सामंतों हैं। सोना की कीमत 1 करोड़ 60 लाख रुपए आंकी गई है।किशनगंज - उत्पाद विभाग ने जप्त सोना सदर थाना पुलिस के हवाले किया गया हैं, आयकर अधिकारी जांच में जुटी।



# पटना में आपसी विवाद के दौरान हुई गोलीबारी में एक घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बख्तियारपुर प्रखंड के माधोपुर गांव में मंगलवार की सुबह आपसी रंजिश में दो पक्षों के बीच हुई ताबड़तोड़ गोलीबारी में संजय यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके गर्दन में गोली लगने के बाद स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। घटना ने पूरे गांव में दहशत फैला दी है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार, संजय यादव और मनोज यादव के बीच पिछले कई वर्षों से विवाद चला आ रहा है। कुछ दिनों पहले दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना भी हुई थी, जिसके बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों के बीच पुरानी दुश्मनी अक्सर झड़प का रूप ले लेती थी, लेकिन मंगलवार की घटना बेहद भयावह और जानलेवा साबित हुई। घटना सुबह करीब 8 बजे की है। संजय यादव अपने घर से पास के एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे। इसी दौरान गांव के बाहर घात लगाए बैठे मनोज यादव और उसके साथियों ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। लगभग पांच से छह की संख्या में हमलावरों ने संजय यादव को निशाना बनाते हुए गोलियां चलाईं। घटना के प्रत्यक्षदर्शी और संजय यादव के बेटे रौशन कुमार ने बताया कि हमलावरों ने करीब 20 से 25 राउंड गोलीबारी की। उन्होंने कहा की मेरे पिता जैसे ही घर से निकले, मनोज यादव और उसके लोगों ने घेरकर गोलीबारी शुरू कर दी। किसी तरह लोगों ने उन्हें उठाकर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल संजय यादव को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए तत्काल पीएमसीएच भेज दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बख्तियारपुर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी की। पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी कट्टा बरामद किया है, जिसकी जांच की जा रही है। हालांकि वारदात को अंजाम देने वाले सभी आरोपी घटना के बाद से फरार हैं। मामले की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ-2 आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि यह घटना पुरानी रंजिश का नतीजा है। उन्होंने कहा की संजय यादव और मनोज यादव के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पहले भी उनके बीच मारपीट की घटनाएँ हो चुकी हैं। मामले की पूरी गंभीरता से जांच की जा रही है।

# पटना में रेलकर्मी से एक लाख 43 हजार की ठगी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक रेलकर्मी के खाते से 1,43,281 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने थाना में लिखित शिकायत दी है जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित रेलकर्मी विनोद कुमार के अनुसार 29 नवंबर को वे कांटी फैक्ट्री स्थित शिव मंदिर के पास लगे एक एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे थे। ट्रांजैक्शन पूरा होने के बाद वे मशीन से अपना एक्सिस बैंक का एटीएम कार्ड निकालने का प्रयास कर रहे थे लेकिन कार्ड मशीन में ही फंस गया। उन्होंने कई बार कोशिश की पर कार्ड बाहर नहीं आया। इसी बीच उनकी नजर एटीएम के गेट पर चिपके एक हेल्पलाइन नंबर पर पड़ी। विनोद कुमार ने बताया कि उस नंबर पर कॉल करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद को कस्टमर सर्विस का कर्मचारी बताया और उन्हें पास के बैंक ऑफ बड़ौदा वाले एटीएम के पास बुलाया। वे उसी दिशा में बढ़ चले लेकिन कुछ ही मिनटों में उनके मोबाइल पर लगातार मैसेज आने लगे। एक मैसेज में लिखा था कि उनके खाते से 1,43,281 रुपये की निकासी कर ली गई है। यह देखकर वे घबरा गए और तुरंत वापस पहले वाले एटीएम पर लौटे जहां उनका कार्ड भी गायब पाया गया। स्थिति समझते ही विनोद कुमार सीधे चित्रगुप्त नगर थाने पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी रोशनी कुमारी ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा की यह साफ संकेत है कि किसी संगठित गिरोह ने एटीएम मशीन में कार्ड फंसाकर और फर्जी हेल्पलाइन नंबर चिपकाकर ठगी को अंजाम दिया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

# पटना के दानापुर नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर नगर परिषद क्षेत्र में सोमवार की सुबह सात प्रमुख मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया, आगजनी की और जमकर नारेबाजी की। इससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और नियमित कामकाज बाधित हो गया। प्रदर्शनकारी सफाई कर्मियों का मुख्य आरोप नगर परिषद की नियुक्त सफाई एजेंसी ह्यएडमह्व पर है। उनका कहना है कि लंबे समय से काम करने के बावजूद एजेंसी ने उन्हें अब तक पहचान पत्र यानी आई-कार्ड उपलब्ध नहीं कराया। कर्मचारियों का कहना है कि बिना पहचान पत्र के वे असुरक्षित रहते हैं और कई बार बाहरी लोग भी सफाई कर्मी बनकर काम करने लगते हैं, जिससे कई तरह की समस्याएँ पैदा होती हैं। सफाई कर्मियों ने यह भी बताया कि एजेंसी मनमानी करते हुए किसी भी कर्मचारी को बिना कारण बताए हटा देती है और विरोध करने पर धमकी भी दी जाती है। कर्मचारियों ने अपनी सात प्रमुख मांगों को लेकर पहले भी कई बार आवाज उठाई है। इनमें मुख्य रूप से पटना नगर निगम की तर्ज पर पीएफ की सुविधा, मानदेय वेतन, नियमितीकरण, समय पर भुगतान, सुरक्षा उपकरण, कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएँ और नौकरी से मनमाने तरीके से हटाने पर रोक शामिल है। उन्होंने बताया कि यह मुद्दा नया नहीं है। कई महीनों से वे ये मांगे उठा रहे हैं, लेकिन ठोस समाधान सामने नहीं आया। 25 नवंबर को भी परिषद के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी विग्नेश टी.ए. को इस संबंध में लिखित आवेदन दिया गया था। लेकिन जब उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद की स्वच्छता अधिकारी अपर्णा और प्रभारी प्रधान लिपिक कार्यालय पहुंचे, लेकिन गेट पर लगे ताले और कर्मचारियों के आक्रोश को देखकर वे लौट गए। इसके कारण नगर परिषद का पूरा कामकाज बाधित हो गया। फाइलें लंबित रहीं और प्रशासनिक गतिविधियां रुक गईं। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने साफ कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उनका कहना है कि यह उनके सम्मान और अधिकार से जुड़ा मुद्दा है, इसलिए पीछे हटने का सवाल नहीं है। कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें नियमित वेतन नहीं मिलता और सुरक्षा उपकरणों के अभाव में वे रोज जोखिम उठाकर काम करते हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे जिससे सफाई व्यवस्था और भी चरमरा जाएगी। इस मामले में परिषद प्रशासन ने कर्मचारियों के साथ बैठकर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि दैनिक सफाई कर्मियों की मांगों को गंभीरता से देखा जाएगा और जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एजेंसी एडम को भी निर्देश दिया गया है कि वह कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था जनता से सीधा जुड़ा मुद्दा है, इसलिए परिषद जल्द ही उचित कदम उठाकर कामकाज को पटरी पर लाएगी।

# पटना के दानापुर में फल बिक्रेताओं तथा ऑटो चालकों के बीच मारपीट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के दानापुर बस पड़ाव पर सोमवार की सुबह फल विक्रेताओं और ऑटो चालकों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते स्थिति हाथ से बाहर हो गई और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार छावनी परिषद ने हाल ही में फल विक्रेताओं को नोटिस जारी कर बस पड़ाव क्षेत्र से अपने ठेले हटाने का आदेश दिया था। यह निर्देश अतिक्रमण हटाने की कवायद के तहत दिया गया था। लेकिन सोमवार को कुछ फल विक्रेता फिर भी ऑटो स्टैंड के पास ठेले लगाकर फल बेच रहे थे। इसी दौरान एक ऑटो चालक ने इनके पास गाड़ी खड़ी कर दी, जिससे बहस शुरू हो गई। फल विक्रेताओं का तर्क था कि जब उनके ठेले लगाने पर रोक है तो ऑटो चालक भी वहां गाड़ी नहीं खड़ा कर सकते। मामूली सी कहासुनी कुछ ही मिनटों में विवाद में बदल गई और फिर हिंसा के रूप में फूट पड़ी। विवाद बढ़ने पर करीब सौ की संख्या में फल विक्रेता तलवार, रॉड और लाठियों से लैस होकर ऑटो स्टैंड की ओर बढ़ आए। अचानक हुए इस हमले ने चालकों और वहां मौजूद यात्रियों को दहशत में डाल दिया। फल विक्रेताओं ने कई ऑटो के शीशे तोड़ दिए और विरोध करने वाले चालकों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों में कई ऑटो चालक शामिल हैं, जिनमें सुमेश कुमार ने बताया कि फल विक्रेता अचानक धावा बोलते हुए आए और बिना किसी चेतावनी के हमला कर दिया। उन्होंने दावा किया कि हमलावरों की संख्या सौ से अधिक थी और वे पूरी तैयारी के साथ आए थे। हमले के बाद आक्रोशित ऑटो चालकों ने अपनी सेवाएं तुरंत बंद कर दीं और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध शुरू कर दिया। बस पड़ाव के आसपास के क्षेत्रों–सदर बाजार, मार्शल बाजार और अस्पताल मोड़–की दुकानों को भी उन्होंने बंद करा दिया। ऑटो संचालन पूरी तरह ठप होने से हजारों यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों और ऑफिस कर्मचारियों को भी आने-जाने में परेशानियां झेलनी पड़ीं।

# घर में आगलगी की घटना से हजारों का हुआ नुकसान

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में सोमवार को सुबह एक घर में आग लगने की घटना हुई है।जानकारी के अनुसार आग लगने से हजारों का नुकसान हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार टंडवा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के अनीता देवी पति स्व उदय पासवान सुबह खेत में धान काटने गई थी इस बीच उसके घर में आग लग गया जिसमें घर में रखे हजारों की संपति का नुकसान हुआ है आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है वैसे कयास लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी हो।आग लगने से हल्ला के बाद ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को आपदा राहत से सहायता देने की मांग किया है।



# स्कॉर्पियो और ऑटो की टक्कर में तीन घायल पुलिस ने दोनों गाड़ी किया जप्त

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में तीन लोग को घायल होने की खबर है।मिली जानकारी के अनुसार नबीनगर टंडवा मुख्य पथ पर उच्च विद्यालय टंडवा के समीप एक स्कॉर्पियो और एक ऑटो गाड़ी में टक्कर हो गई जिसमें ऑटो चालक सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए । जानकारी के अनुसार टंडवा थाना क्षेत्र के बुधन बीघा गांव निवासी ऑटो चालक संजीत सिंह दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें चिकित्सा के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं ऑटो में सवार दो अन्य लोगों को भी चोटे आई है।वहीं सूचना पर पहुंची टंडवा थाना पुलिस ने दोनों गाड़ियों को जप्त कर थाना ले गई।

# सदर अस्पताल में इलाज के दौरान 13 वर्षीय किशोर की मौत परिजन ने किया हंगामा

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) सदर अस्पताल औरंगाबाद में इलाज के दौरान एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव निवासी गणेश यादव का पुत्र रितेश कुमार था। परिजनों ने चिकित्सकों और मेडिकल कर्मियों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रितेश को सर्दी, बुखार और जॉन्डिस की समस्या थी, लेकिन अस्पताल में उसे ऑक्सीजन नहीं दिया गया और चिकित्सक उसकी स्थिति देखने नहीं पहुंचे। परिजनों ने अस्पताल परिसर में करीब दो घंटे तक हंगामा किया। नगर थाना की पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद परिजन शव का बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही घर लौट गए।सदर अस्पताल प्रबंधक प्रफुल्ल कांत निराला ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# पटना पुलिस ने किया साइको किलर को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पुलिस ने विशेष ऑपरेशन के तहत दो दिन पूर्व भागलपुर जेल से छूटे साइको किलर के रूप में कुख्यात अविनाश श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अविनाश श्रीवास्तव जेल से छूटने के साथ ही किसी की हत्या की योजना बना रहा था। पुलिस ने हथियार के साथ उसे गुप्त सूचना का आधार पर गिरफ्तार कर लिया।। जानकारी के अनुसार चौक थाना द्वारा अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ नालापर शिकारपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिनका नाम अविनाश श्रीवास्तव उर्फ अविनाश साइको है। अविनाश श्रीवास्तव उर्फ अविनाश साइको पूर्व में हत्या, रंगदारी एवं लूट के कई कांडों में शामिल रह चुका हैं। लंबे समय से अविनाश श्रीवास्तव जेल में बंद था। चुनाव के दौरान उसे बेऊर से भागलपुर जेल ट्रांसफर कर दिया गया था। बताया जाता है कि 2 दिन पूर्व ही वह जेल से छूटा था। बताया जाता है कि कुख्यात साइको किलर अविनाश श्रीवास्तव जेल से भी सक्रिय अपराध की दुनिया में गतिविधियों का अंजाम देता रहा है।जेल में रहने के दौरान ही उसने कई बड़ी डकैती की घटना की प्लानिंग की थी। अविनाश श्रीवास्तव बिहार की राजनीति का जाना-पहचाना नाम रहा है। वह राजद के पूर्व एमएलसी ललन श्रीवास्तव का बेटा है और पटना के एमआईजी कॉलोनी का निवासी रहा है। उसने जामिया मिलिया विश्वविद्यालय से एमसीए किया है और एक समय इंफोसिस जैसी प्रतिष्ठित आईटी कंपनी में नौकरी भी की। जेल में रहते हुए उसने कई किताबें भी लिखीं, लेकिन उसका जुर्म से मोह नहीं छूटा। उसके पिता की वर्ष 2002 में हत्या हुई थी। अगले ही वर्ष 2003 में उसने पिता के हत्यारोपियों में से एक मोईन खान उर्फ पप्पू खान को दिनदहाड़े गोली मार दी थी। इसके बाद वह अपराध की दुनिया में गहराता चला गया। उस पर कई हत्या, डकैती और संगठित अपराध के केस दर्ज हैं।

## स्कूल के बच्चों को मिला पठनीय सामग्री

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : डुमरी विधानसभा क्षेत्र नावाडीह प्रखण्ड स्थित ऊपरघाट के राजकीय उच्च विद्यालय पलामू में सोमवार को पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के



बीच शिक्षा परियोजना परिषद से प्राप्त कलम,पेंसिल, कटर, रबड़ और कॉपी व अन्य पठनीय सामग्री का वितरण सांसद प्रतिनिधि दिपू अग्रवाल ,उप प्रमुख हरि महतो,स्कूल प्रधानाध्यापक वीरेंद्र जी,ललन जी ने संयुक्त रूप से किया साथ ही स्कूल के सहायक शिक्षक गण उपस्थित थे। वही पठनीय सामग्री पाकर बच्चे बहुत खुश दिखाई दिए।

## अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर से गिरकर एक की मौत

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो व पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के तेतरिया बेड़ा के अवैध कोयला उत्खनन क्षेत्र से अवैध कोयला लेकर जा रहे ट्रैक्टर से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार तेतरिया बेड़ा से अवैध कोयला लदा कर ट्रैक्टर पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र में जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर असंतुलित हो जाने से ट्रैक्टर से गिरकर उसकी मौत हो गई। मृतक पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के गरडीह निवासी गंझू (35 वर्ष) बताया जाता है। इस मामले में मुआवजा को लेकर बैठक हुई, लेकिन मुआवजा राशि नगद नहीं मिलने के कारण परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है। घटना को लेकर बेरमो व पेंक-नारायणपुर दोनों थाना की पुलिस ने अनभिज्ञता जाहिर की है। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों की ओर से भी कानूनी भय की वजह से थाना में किसी तरह की सूचना समाचार लिखे जाने तक नहीं दी गई थी। विदित है कि बेरमो, गांधीनगर, डुमरी व पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र में अवैध कोयला सुरंग से कोयला प्रतिदिन ट्रैक्टर के माध्यम से डिपु व कोल फैक्ट्री में खपाया जाता है।

## गीता का श्लोक सभी विधालयो में पढ़ा जाना चाहिए।

**समाज जागरण**

कानपुर विशेष संवाददाता। श्रीमद्भागवत गीता वैदिक न्यास के तत्वावधान में आज जी एन के इंटर कॉलेज व जी एन के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संयुक्त रूप से शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं व न्यास के पदाधिकारी संग गीता संदेश हेतु एक विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया है। यह भी संदेश दिया गया है कि, गीता केवल ग्रंथ नहीं बल्कि हमारा मार्गदर्शक है।



गीता हमें कर्म सिखाती है फल की इच्छा हमें नहीं करनी चाहिए। यदि हमारा कर्म श्रेष्ठ है तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। पिछले वर्ष मानव श्रृंखला के अंतर्गत विद्यालय में यह प्रतिज्ञा की गई थी कि प्रतिदिन प्रार्थना सभा पर श्रीमद्भागवत गीता के श्लोक पढ़े जाएंगे निरंतर एक वर्ष से विद्यालय में प्रार्थना सभा पर श्लोक पढ़े जा रहे हैं। विद्यालय परिवार ने यह विश्वास दिलाया कि गीता संदेश को और आगे ले जाने के लिए न्यास के साथ मिलकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। जी एन के इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अवघेश कटियार ने कहा कि गीता के रोज एक श्लोक पढ़ना चाहिए, देश के नवयुवकों को आगे आकर जागरूक करने की आवश्यकता है हर दिन स्कूल कालेज में भी एक श्लोक पढ़ना चाहिए।

## सरकार ने रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार किया, जैव ईंधन एवं हरित हाइड्रोजन मिशन को बढ़ावा दिया

भारत में वर्तमान कुल शोधन क्षमता 258.1 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) है, जिसका 2030 तक बढ़कर 309.5 एमएमटीपीए होने का अनुमान है। इसके साथ ही, चालू एवं नियोजित रिफाइनरी परियोजनाओं के पूरा होने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल रिफाइनरियों का समग्र पेट्रोकेमिकल इंटेंसिटी इंडेक्स (पीआईआई) 4.1 से बढ़कर लगभग 9.3 होने का अनुमान है।

सरकार ने जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों को लागू किया है, जिसमें इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम (ईबीपी) के अंतर्गत 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण प्राप्त करना और इथेनॉल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कच्चा माल की आपूर्ति को व्यापक बनाना शामिल है।

## ऊपरघाट के खेतों में धान कटाई में जुटे किसान, खलिहानों में पहुंचने लगी फसल

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : नावाडीह प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र ऊपरघाट अंतर्गत कोठी, पेंक ,पोखरिया,मुंगोरंगामाटी, गोनियाटो, कंजकिरो, पिपराडीह, नारायणपुर, लहिया, हरलाडीह, बरई पलामू आदि गांवों के किसान अपने वर्ष भर की कमाई धान की कटाई को सहेजने में जुट गए हैं। वही नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट में धान की कटाई तेजी से हो रही है। बादल छाए रहने के कारण किसान खेतों से धान काटकर ट्रैक्टर एवं अन्य पारंपरिक संसाधनों के माध्यम से खलिहानों तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। किसान इन दिनों परिवार सहित रुके कार्य को जल्दी पूरा करने एवं



धान को खेत से खलिहान तक लाने के लिए व्यस्त हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने खेतों में दिन भर व्यस्त नजर आ रहे है। युवा किसान भुनेश्वर कुमार महतो ने बताया कि धान कटाई के पूर्व किसान ग्राम देवता की पूजापाठ वर्षों से परंपरा तरीके से करते हुए कहीं, खीर का भोग लगाकर तो कहीं सफेद मुर्गा की बलि देकर कर रहे हैं। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में लोकगीतों का आज भी बड़ा महत्व है। धान बुआई हो या फिर धान की कटाई सभी के लिए लोकगीतों की लंबी श्रृंखलाएं हैं। अनेक पारंपरिक लोकगीत आज भी प्रचलन में है और आज भी ग्रामीण परिवेश के लोग हर मौके पर समूह में लोक गीतों का आनंद लेते नजर आते हैं। वहीं धान काट रहे ग्रामीण महिलाओं के समूह के लोकगीतों की गूंज खेतों में गूंजने लगे हैं।

## झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद का गठन, पूर्वी सिंहभूम की जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू सदस्य मनोनीत

**समाज जागरण 01.12.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिनियम की धाराओं के अनुरूप योजनाओं की समीक्षा सुनिश्चित करने हेतु झारखंड सरकार के महात्मा गांधी नरेगा आयुक्त द्वारा झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद का गठन किया गया है। यह गठन भारत सरकार की ऑपरेशनल गाइडलाइंस 2006 की कंडिका 2.2.4 (A) तथा अधिनियम की धारा 12(1)



के आलोक में किया गया है।
इस परिषद में पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। उनके नाम की घोषणा के बाद जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा एवं जिला परिषद सदस्य डॉ. परितोष कुमार ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।
दोनों जनप्रतिनिधियों ने श्रीमती बारी मुर्मू को बधाई देते हुए कहा कि उनके मनोनयन से पूर्वी सिंहभूम जिले में मनरेगा योजनाओं के सुदृढ़ एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्रीमती मुर्मू ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

## मंगल भवन अमंगलहारी सांसद-महापौर में हुई भिड़ंत, रक्षा मंत्री का कार्यक्रम हुआ था रद्द।

**शहर में हुए भ्रष्टाचार पर सांसद का प्रहार,, शहर में हुए भ्रष्टाचार का मटका फूट सकता है, चहीता ठेकेदार भी घेरे में।**

**समाज जागरण**

कानपुर विशेष संवाददाता। शहर के बृजेंद्र स्वरूप पार्क में बने मंगल भवन को लेकर हुआ बड़ा बवाल! उद्घाटन से ठीक पहले सांसद रमेश अवस्थी बनाम महापौर प्रमिला पांडेय खुलेआम आमने-सामने आ गए।एयरपोर्ट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को रिसीव करने पहुंचे दोनों नेताओं में हुई तीखी तकरार, आरोप -प्रत्यारोप और गर्मागर्मी इतनी बढ़ी कि सुरक्षा टीम को बीच में आना पड़ा ! सांसद के अनुसार ह्लमंगल भवन के नाम पर करोड़ों की सरकारी जमीन निजी हाथों में दी जा रही !ह्व इसी शिकायत पर सांसद ने रक्षा मंत्री को अवगत कराया, जिसके बाद



उद्घाटन कार्यक्रम हुआ रद्द ! महापौर का पलटवार सांसद पर नाराजगी जाहिर की, कहा राजनीतिक लाभ के लिए अनावश्यक विवाद! तनाव इतना बढ़ा कि रक्षा मंत्री का पूरा कार्यक्रम बदल दिया गया। शाम को विधायक सतीश महाना ने मेरिज हॉल का उद्घाटन किया। शहर की राजनीति में हड़कंप,, विकास का पहिया और धंसेगा भाजपा के दो बड़े चेहरे भिड़े पार्टी नेतृत्व तक मामला पहुंचा जांच की मांग हुई तेज कानपुर में यह विवाद अब बड़ा राजनीतिक तूफान बनता दिख रहा है !

## पनकी नहर के जंगल में मिले एक दर्जन गोवंश के अवशेष, बजरंग दल कार्यकताओं ने काटा हंगामा।

**समाज जागरण**

कानपुर विशेष संवाददाता। पनकी नहर के समीप गोकशी की सूचना पर सोमवार दोपहर बजरंग दल कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। जानकारी मिलते ही एसीपी पनकी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्यकताओं को शांत कराया। यहां जंगल में करीब एक दर्जन गोवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।जंगल में लोडर के निशान, दो युवकों के देखे जाने की बात पर एक अपाचे गाड़ी भी पहचान में आई है।बजरंग दल कार्यकर्ता अनूप कुमार, आयुष शुक्ला, रामजी पांडे, अंबर दुबे और छोटू पंडित का आरोप है कि पिछले कई दिनों से इलाके में संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जा रही थीं। नवीन नगर वार्ड अध्यक्ष आयुष शुक्ला ने बताया कि दो युवक बाइक से लगातार इस रास्ते से आते-जाते देखे गए हैं, साथ ही जंगल के अंदर लोडर वाहन के निशान भी



मिले हैं। इससे आशंका है कि यहां लंबे समय से गोकशी का काम जारी था। जेसीबी आते ही फिर शुरू हुआ हंगामा। पहले समझाने पर शांत हुए कार्यकर्ता कुछ देर बाद जेसीबी मशीन के पहुंचते ही फिर आक्रोशित हो उठे। कार्यकताओं ने पहले रिपोर्ट दर्ज करने और उसके बाद ही अवशेषों को डीकंपोज किए जाने की मांग की। अवशेष दो माह पुरानेः पशु चिकित्सक की रिपोर्ट मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने जांच के बाद बताया कि मिले हुए गोवंश के अवशेष करीब दो माह पुराने प्रतीत हो रहे हैं। फिलहाल अवशेषों को सुरक्षित कर लिया गया है। एसीपी पनकी शिखर ने कहा कि मौके से गोवंश अवशेष बरामद हुए हैं। पूरी जांच कराई जा रही है, जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पनकी क्षेत्र में मिले अवशेषों ने सुरक्षा व्यवस्था और अवैध गतिविधियों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस टीमें आसपास के क्षेत्र में लगातार निगरानी बढ़ा रही हैं।

## निमार्णाधीन चौका-पातकुम सड़क का विधायक सविता महतो ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिया जोर

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की जा रही चौका-पातकुम सड़क का सोमवार को ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने औचक निरीक्षण किया। वे ईचागढ़ से रांची की ओर जाने के क्रम में चौका पहुंचीं, जहाँ उन्होंने सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया और गुणवत्ता संबंधी जानकारी प्राप्त की।
निरीक्षण के दौरान विधायक ने संवेदक को स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की महत्वपूर्ण जरूरतों से जुड़ा है, इसलिए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही संवेदक को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का भी निर्देश



दिया गया।
विधायक सविता महतो ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में देरी या घटिया सामग्री का उपयोग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए कार्य तय मानकों और समयबद्ध तरीके से पूरा होना चाहिए।
इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अशोक रजक, कनीय अभियंता संतोष महतो सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, स्नेहा महतो, प्रखंड अध्यक्ष नीताई उरांव, धर्मु गोप, अभय यादव एवं मनोज मंडल समेत अन्य जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गीता मानव जीवन की सबसे बड़ी पथ प्रदर्शिका :-- निवेदिता सिन्हा

**समाज जागरण**

पटनाः-- राजधानी पटना के एजी कालोनी स्थित आर.सी.सेंट्रल स्कूल के तत्वावधान में गीता जयंती के पावन अवसर पर गीता सार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन समाजसेविका एवं ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् व राष्ट्र सेविका समिति, दक्षिण बिहार प्रांत के सह कार्यवाहिका बड़ी बहन श्रीमती निवेदिता सिन्हा दीदी, समाजसेवी श्री पप्पू कुमार जी , गायत्री परिवार की संयोजिका श्रीमती प्रियंका कुमारी सहित अन्य मातृ-शक्तियों के सौम्य उपस्थिति में श्री कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती अमृता सिन्हा ने किया जबकि आगत अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य राकेश कुमार मिश्र ने कराया।उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात गीता जयंती के अवसर पर अपने उद्बोधन में श्रीमती निवेदिता सिन्हा ने कहा कि "गीता मानव जीवन की सबसे बड़ी पथ प्रदर्शिका है। गीता भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से निसृत वह अमृतमयी औषधि है जिसके सेवन से जीवन के आंतरिक विकारों का निराकरण होकर जीवन कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। गीता भटकाने वाला ग्रंथ नहीं अपितु भटके




हुए मानव को उसके कर्तव्य पथ का बोध कराने वाला ग्रंथ है।संत ज्ञानदेव जी से लेकर महर्षि अरविन्द, महर्षि रमण, स्वामी विवेकानंद, पंडित मदनमोहन मालवीय जी जैसे अनेकानेक जिस महापुरुष ने मां गीता जी की गोद का आश्रय लिया उसका जीवन समाज के लिए एक प्रेरणा एवं आदर्श अवश्य बना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी श्री पप्पू कुमार जी ने कहा कि "जीवन का कोई ऐसा प्रश्न नहीं जिसका उत्तर गीता में नहीं हो।विषाद से प्रसाद तक की यात्रा,भोग से योग की यात्रा एवं प्रमाद से आह्लाद की यात्रा कराने वाला ग्रंथ ही गीता है।"
प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार मिश्र ने कहा कि -"अपनी उपयोगिता एवं प्रासांगिकता के कारण ही आज गीता ने सम्पूर्ण विश्व में अपना विशिष्ट स्थान बनाया है। एक श्रेष्ठ एवं आदर्शमय जीवन के लिए गीता जी का आश्रय अवश्य होना चाहिए।गीता जयंती के पावन अवसर पर गीता सार प्रतियोगिता का आयोजन क्रमशः तीन समूहों यथा - श्री कृष्ण समूह (नवम- दशम) , महर्षि संदीपनी समूह (षष्ठ से अष्टम) एवं माता यशोदा समूह (द्वितीय से पंचम) के बीच कराया गया जिसमें तीनों समूह के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रस्तुति देकर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माता यशोदा समूह, द्वितीय स्थान -श्रीकृष्ण समूह एवं तृतीय स्थान महर्षि संदीपनी समूह ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को आकर्षक प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। आभार ज्ञापन शिक्षिका डा.प्रज्ञान दीदी ने किया।इस अवसर पर श्री शिव कुमार साहू,आर्यन कुमार, राकेश कुमार, ज्योति कुमारी, सविता कुमारी, गुंजा सिंह,काजल कुमारी, रामविनय सिंह, धर्मेंद्र कुमार सुधांशु, चंचला कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कानपुर में आत्मनिर्भर भारत योजना में बड़ा फजीर्वाड़ा हुआ बेनकाब।

**पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष के फाइनेंसर पर गहराया संदेह, डिजिटल सिग्नेचर से खोला फर्जी कंपनियों का जाल।**

**समाज जागरण**

कानपुर विशेष संवाददाता। आत्मनिर्भर भारत योजना (ABR ) में करोड़ों रुपये के दुरुपयोग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। केस्को महामंत्री दिनेश सिंह भोले की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सेंट्रल विजिलेंस दिल्ली की टीम ने ईपीएफओ कार्यालय में छापा मारा, जहां दो फर्जी कंपनियों के माध्यम से सरकारी धनराशि का गबन पकड़ा गया। छापे के दौरान जिन दो कंपनियों में अनियमितता पाई गई, वे हैं

**1. जाहिद लेदर प्रा. लि., रनिया, कानपुर देहात**
**2. SMC मैनपावर सॉल्यूशन, काकादेव, कानपुर नगर**

जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत इन कंपनियों ने फर्जी कर्मचारियों के नाम पर धन उठाया। कार्रवाई के बाद थाना काकादेव में अपराध संख्या 231/22 और 232/22 के तहत



दो मुकदमे दर्ज किए गए। सबसे बड़ा खुलासा अपराध संख्या 232/22 के मामले में हुआ, जिसमें पाया गया कि रटउ मैनपावर सॉल्यूशन नाम की कंपनी पूरी तरह नकली है। यह कंपनी सुनील शुक्ला उर्फ जीतू शुक्ला (प्रोपराइटर–मेसर्स बालाजी इंजीनियरिंग वर्क) के ड्राइवर ललित गुप्ता के नाम पर चल रही थी।जब जांच के दौरान पुलिस ने केस्को महामंत्री दिनेश सिंह भोले से कंपनियों की सूची साझा की, तो उन्होंने बताया कि फजीर्वाड़ा मेसर्स बालाजी इंजीनियरिंग वर्क के डिजिटल सिग्नेचर के जरिए किया गया है। इसी डिजिटल साइन का प्रयोग कर फर्जी कंपनी तैयार की गई और योजना की राशि हड़पी गई।दिनेश सिंह भोले ने इस घोटाले से जुड़े सभी डिजिटल सिग्नेचर और प्रमाण जुटाकर पुलिस कमिश्नर कानपुर, डीसीपी सेंट्रल और थाना काकादेव के विवेचना अधिकारी को सौंप दिए हैं। जांच एजेंसियों को आशंका है कि यह घोटाला कई और कंपनियों तथा व्यक्तियों से जुड़ा हो सकता है। अब जांच बड़े नेटवर्क की ओर बढ़ रही है। आत्मनिर्भर भारत जैसी महत्वपूर्ण योजना में करोड़ों के इस फजीर्वाड़े ने प्रशासनिक तंत्र को झकझोर दिया है।

# इमिग्रेशन और विदेशियों संबंधी विधेयक-2025: अवैध घुसपैठ पर सबसे बड़ी सख्ती, सीमाओं से लेकर शहरों तक मचा हड़कंप

### एनआरसी से अलग, नया कानून 2025 ने विदेशी नेटवर्क तोड़ने की दिशा में रचा इतिहास — सरहदों पर चौकसी, फर्जी दस्तावेज गिरोह पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

इमिग्रेशन और विदेशियों संबंधी विधेयकझ्र2025 ने भारत की सीमा सुरक्षा, आंतरिक व्यवस्था और शहरी नेटवर्क तक व्यापक हलचल पैदा कर दी है। अप्रैल 2025 में पारित और सितम्बर में लागू हुए इस कानून ने उन मार्गों पर सबसे अधिक असर डाला है जहाँ से वर्षों तक अवैध प्रवेश बिना रोक-टोक जारी रहा।
सीमाई क्षेत्रों—नेपाल सीमा, पश्चिम बंगाल, असम और राजस्थान—से लेकर दिल्लीझ्रएनसीआर और उत्तर प्रदेश के शहरी इलाकों तक, कई जगह ऐसे नेटवर्कों में अचानक भगदड़ देखी गई है जो वर्षों से फर्जी दस्तावेजों पर विदेशी नागरिकों को पहचान और आश्रय दिलाने का काम करते रहे।
एसआईआर की स्पेशल इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट बताती है कि कानून लागू होते ही कई संवेदनशील इलाकों से अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक रातोंरात गायब हो गए। फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोहों ने अपनी गतिविधियाँ धीमी कर दीं और कई ठिकानों पर ताले लग गए। भारत की सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह एक अप्रत्याशित किंतु महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।
एसआईआर के अनुसार, नया कानून केवल सीमा सुरक्षा कानून नहीं है—यह उन पूरे नेटवर्कों को तोड़ने का प्रयास है जो भारत की जनसांख्यिकीय संरचना, अपराध तंत्र और धर्मांतरण मॉड्यूल तक को प्रभावित करते रहे।
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की नाराजगी—यह विधेयक उनके लिए चुनौती क्यों बना?
एसआईआर की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में अवैध मतदाता सूची का बड़ा नेटवर्क वर्षों से पनपता रहा है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में 28 लाख नाम हटना और 9 लाख लोगों का मृत पाया जाना इसी गहरे जाल की ओर संकेत करता है।
इसी कारण पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री इस विधेयक को लेकर बार-बार भड़ककर बोल रही हैं—
क्योंकि इस कानून के बाद वह पूरी व्यवस्था, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए वर्षों तक इस्तेमाल किया गया, अब ढहती दिखाई दे रही है।




रोहिंग्या-बांग्लादेशी नेटवर्क की पोल खुली—ममता का डर, दर्द और चोर की दाढ़ी में तिनका
इमिग्रेशन और विदेशियों संबंधी विधेयक-2025 लागू होते ही रोहिंग्या और बांग्लादेशी नेटवर्क पर सबसे बड़ा झटका लगा।
दिल्लीझ्रएनसीआर, मालदा, मुर्शिदाबाद और कोलकाता के आसपास वर्षों से छिपे कई समूह अचानक गायब होने लगे। फर्जी पहचान पत्र बनाने वाले गिरोह ठप पड़ गए और सीमाई इलाकों में भगदड़ का माहौल बन गया।
एसआईआर के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक हलचल इसलिए है क्योंकि अवैध बसावट का सबसे बड़ा गढ़ वहीं पनपा था।
यही कारण है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून पर लगातार नाराज दिख रही हैं—
क्योंकि ह्यचोर की दाढ़ी में तिनका वाली स्थिति अब खुलेआम दिखाई देने लगी है।
रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुस्लिम आबादी पर पहली बार इतनी सख्ती हुई है—

*** कई ठिकाने खाली**
*** संदिग्ध गतिविधियाँ बंद**
* राजनीतिक संरक्षण के छिपे रिश्ते उजागर

एसआईआर की रिपोर्ट का असर यह है—कि अवैध नेटवर्क अब टूटने की कगार पर पहुँच गया है और जिन्हें राजनीतिक ढाल मिली थी, वही आज सबसे अधिक बेचैन हैं।

**केंद्र ने स्पष्ट कहा—**
एनआरसी घर के भीतर नागरिकता की व्यवस्था को मजबूत करता है, जबकि यह नया इमिग्रेशन विधेयक घर की सीमाओं को अभेद्य बनाता है। दोनों मिलकर भारत की सुरक्षा रीढ़ को नया रूप देते हैं।
सितम्बर 2025 के बाद पुलिस, राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सशस्त्र सीमा बल, गुप्तचर ब्यूरो और अन्य एजेंसियों द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में दिल्लीझ्र एनसीआर, बरेली, जयपुर, मालदा, धुबरी, किशनगंज और लखनऊ जैसे शहरों में कई वर्षों से छिपे अवैध विदेशी सामने आए।

नेपालझ्रभारत सीमा पर भी इस कानून का तीव्र प्रभाव पड़ा है। नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आने-जाने वाली बिना-पासपोर्ट और आधार कार्ड पर होने वाली संदिग्ध आवाजाही पर निगरानी बढ़ी है, और कई संदिग्ध एजेंटों की पहचान एजेंसियों ने चिन्हित की है। नेपाल और भारत के बीच खुली सीमा का दुरुपयोग रोकने के लिए नया विधेयक निर्णायक भूमिका निभा रहा है।
इस कानून पर नेपाल और बांग्लादेश में भी चर्चा तेज है, क्योंकि अवैध नेटवर्क का बड़ा हिस्सा नेपाल से होकर चलता था। यह बदलाव दोनों देशों की सुरक्षा संरचना के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इमिग्रेशन और विदेशियों संबंधी विधेयक-2025: प्रमुख बिंदु और जमीनी असर
(विशेष संकलनः रविंद्र आर्य द्वारा)
(स्पेशल इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट)

- कानून की मुख्य धाराएँ – कठोर दंडात्मक व्यवस्था

* बिना पासपोर्ट भारत में प्रवेश = 5 वर्ष तक कारावास + 5 लाख रुपये जुमार्ना
* फर्जी दस्तावेज, गलत जानकारी = 3 वर्ष तक कारावास + 3 लाख रुपये जुमार्ना
* पकड़े जाने पर तुरंत निरोध केंद्र में रखा जाएगा, त्वरित न्यायालय में सुनवाई
* राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंध जुड़ने पर कार्रवाई और कठोर हो जाएगी

# जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है।प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में पिछले कुछ सालों में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। तमाम बंदीशों एवं चेतावनियों के दीपावली की रात आतिशबाजी जमकर होती है, इसके कारण पिछले साल अगले दिन वायु प्रदूषण 999 के बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। यह आम आदमी की सेहत, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 401 से 500 तक के एक्यूआइ को ही 'गंभीर' एवं खतरनाक माना जाता है। वायु प्रदूषण से जुड़े आंकडे हमें बार-बार सतर्क एवं सावधान करने के साथ डराते भी है। यह डराने वाला ही आंकड़ा है कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों की ही तरह वाहनों एवं भवन-निर्माण से जुड़ा प्रदूषण भी खतरनाक होता है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। अभी से हर दिन पराली जलाने की घटनाएं दर्ज होने लगी है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने एवं लोगों के जीवन को संकट में डालने का अधिकार है। अभी से दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसमें पराली के प्रदूषण से घातकता कई गुणा बढ़ जाती है। पटाखों का प्रदूषण उससे भी घातक है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

# फेयर से डस्की तक.स्किन टोन के हिसाब से कैसे चुनें सही फाउंडेशन, ये टिप्स आयेंगे काम

**मेकअप न सिर्फ चेहरे के फीचर्स को डिफाइन करता है. बल्कि खूबसूरती को और बढ़ा देता है. परफेक्ट मेकअप के लिए सबसे जरूरी होता है फाउंडेशन. ये चेहरे के दाग-धब्बे को छिपाने का काम करता है और चेहरे को एक क्लीन लुक देता है. फाउंडेशन सही नहीं हो तो पूरा मेकअप ही खराब है. एक परफेक्ट बेस के लिए सही शेड का फाउंडेशन होना बेहद जरूरी है. लेकिन अक्सर महिलाएं फाउंडेशन खरीदते समय अपने चेहरे से लाइट या डार्क शेड का फाउंडेशन खरीद लेती हैं. इससे या तो उनका चेहरा बहुत ज्यादा सफेद दिखता है या फिर काला.**





कुछ महिलाओं का अक्सर ये सवाल रहता है कि आखिर सही शेड के फाउंडेशन का चुनाव कैसे करें. अगर आप भी इसी दुविधा में हैं तो आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे , जिसकी मदद से आप फाउंडेशन खरीदते समय अपने लिए सही शेड चुन सकेंगी. ये आपके मेकअप को परफेक्ट बनाएंगा और फ्लॉलेस बेस देगा.

## अंडरटोन पहचानें

सही फाउंडेशन चुनने के लिए सबसे पहले आपको अपनी अंडरटोन पहचाननी है. अंडरटोन की तरह की होती है इससे जानने के लिए आपको अपनी कलाई की नसों को नेचुरल लाइट में देखना है. अगर नसों का कलर हरा है तो आप वॉर्म टोन हैं. अगर नसों का कलर बैंगनी या नीला है तो कूल अंडरटोन है. वहीं अगर नसों का कलर दोनों तरह का है तो आपका टोन न्यूट्ल है.



## स्किनटाइप के हिसाब से चुने फाउंडेशन

सही फाउंडेशन शेड के लिए स्किनटाइप का पता होना भी बहुत जरूरी है. जैसे आपकी स्किन ऑयली है, ड्राई है या फिर कॉम्बिनेशन. अगर आपकी स्किन ऑयली है तो सुपर स्टे वाला फाउंडेशन चुनें. वहीं, अगर आपकी स्किन ड्राई है तो छ्द्र24 या सैटिन फिनिश वाला फाउंडेशन सेलेक्ट करें और कॉम्बिनेशन स्किन के लिए आप किसी भी तरह का फाउंडेशन चुन सकती हैं.

## कैसे चुनें सही शेड?

फाउंडेशन का सही शेड चुनने के लिए आप थोड़ा सा फाउंडेशन लें और उससे अपनी जॉलाइन पर लगाएं. इसके बाद इसे हल्के हाथों से रब करें. अगर ये आपकी स्किन में अच्छे से मैच होता है तो ये सही शेड है. वहीं अंडरटोन के हिसाब से फाउंडेशन चुनने के लिए आप अपनी कलाई पर फाउंडेशन लगाएं और उसे ब्लेंड करें. फाउंडेशन नसों के कलर से मेल खाता है तो आपका शेड सही है.

